सूर्योदय 5:34 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 20.4 न्यू | 31.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73511.85 |
| निफ्टी | 22302.50 |
| सोना | 72,380 |
| चांदी | 84,344 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार







आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 8 मई, 2024 | 26 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 140, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- सरकार गिराने के गलत आरोप लगा रहे सुक्खू: जयराम ठाकुर
- सोलन में टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट चुनावी स्टंट !

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- आग से बाहरी राज्य के मजदूर परिवारों की कई झुग्गियां राख
- सुक्खू वन मैन आर्मी की तरह करते रहे 14 माह काम : भुट्टो

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- बाहल्ड़ा पंचमुखी हनुमान केसरी दंगल सोलन के देव ने जीता
- छात्रों के शोधकार्य पूरा होने पर शोध पत्र किए प्रकाशित

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- कोहली, कार्तिक और सिराज पहुंचे धर्मशाला
- चीन को मात देने के लिए अमेरिका बनाएगा स्विचब्लेड ड्रोन

पृष्ठ 14 पर पढ़ें





अनंत ज्ञान

8 मई, 2024

विश्व रेडक्रॉस दिवस

सर्वे भवन्तु सुखिन:। सर्वे सन्तु निरामया:।।

सभी देशवासियों को रेडक्रॉस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




# स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में नादौन की रिधिमा शर्मा टॉपर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मार्च 2024 में ली गई हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। कुल 91130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें से 67988 उत्तीर्ण हुए। 12613 परीक्षार्थी फेल हुए, जबकि 10474 परीक्षार्थियों को कंपार्टमेंट आई है। दसवीं का परीक्षा परिणाम 74.61 प्रतिशत रहा है। रिधिमा शर्मा, जीजीएसएसएस नादौन जिला हमीरपुर ने 700 में से 699 अंक हासिल कर प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### 74.61 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

द्वितीय स्थान न्यूगल मॉडल पब्लिक स्कूल भवारना जिला कांगड़ा की कृतिका शर्मा ने हासिल किया है। उन्होंने कुल 700 अंकों में से 698 अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर तीन छात्रों ने कब्जा किया है, जिसमें शिवम शर्मा जीएसएसएस बरठीं जिला बिलासपुर, धृति तेगटा ग्लोरी इंटरनेशनल स्कूल रोहड़ू, जिला शिमला व रुशिल सूद, भारतीय विद्यापीठ पब्लिक एसएसएस बैजनाथ शामिल हैं। तीनों परीक्षार्थियों ने 697 अंक हासिल किए हैं। परीक्षा में कुल परीक्षार्थियों में से 44559 छात्राएं और 46571 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया।

### रिधिमा शर्मा का लक्ष्य डॉक्टर बनना

नादौन स्कूल की 10वीं कक्षा की टॉपर रिधिमा शर्मा को विश्वास नहीं हो रहा है कि उन्होंने टॉप कर लिया है। रिधिमा ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया। रिधिमा डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।



1 रिधिमा शर्मा 99.86%

### सीए बनना चाहती है कृतिका शर्मा

प्रदेशभर में दूसरे स्थान पर रही कांगड़ा जिले के न्यूगल स्कूल भवारना की छात्रा कृतिका शर्मा ने कहा कि वह सीए बनना चाहती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, अध्यापकों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है।



2 कृतिका शर्मा 99.71%

### शिवम शर्मा का लक्ष्य इंजीनियर बनना

तीसरे स्थान पर रहे बरठीं के शिवम शर्मा कहते हैं कि वह इंजीनियर बनकर देश के विकास में अहम भूमिका अदा करना चाहते हैं। सफलता से वह काफी संतुष्ट नजर आए। आगामी एजुकेशन पर अभी से फोकस करना शुरू कर दिया है।



3 शिवम शर्मा 99.57%

### अंतरिक्ष की उड़ान भरेगी धृति तेगटा

रोहड़ू की मेधावी छात्रा धृति तेगटा का कहना है कि वह नॉन-मेडिकल की पढ़ाई कर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना चाहती है। धृति कहती है कि सफलता हासिल करने के लिए निरंतर पढ़ाई के साथ-साथ परीक्षा की तैयारियां भी जरूरी हैं।



3 धृति तेगटा 99.57%

### रुशिल सूद का सपना एनडीए में जाना

भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ की रुशिल सूद का सपना एनडीए में जाना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और अध्यापकों को दिया। उसका लक्ष्य एनडीए परीक्षा और जेईई परीक्षा क्वालीफाई करना है।



3 रुशिल सूद 99.57%

## अनंत व्यंग्य




## आज का मैच




सनराइज़र्स हैदराबाद VS लखनऊ सुपर जॉइंट्स




समय: रात 7:30 बजे (हैदराबाद)

### लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों के लिए हुआ मतदान

# वोटिंग में असम सबसे आगे और महाराष्ट्र पीछे



लोकतंत्र के महापर्व में अपने वोटर कार्ड के साथ वोट देने के लिए लाइन में खड़ी महिलाएं।



वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अंगुली पर लगी स्याही दिखाते हुए।



वोट देने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पत्नी राधाबाई खड़गे के साथ।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मंगलवार को 10 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग हुई। सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम 6 बजे तक चली। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस चरण में औसत मतदान 64.09 प्रतिशत रहा। सबसे ज्यादा असम में 75.01 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40 प्रतिशत वोटिंग हुई।

बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हुई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और एमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। पीएम मोदी और अमित शाह ने मीडिया से बातचीत में लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की।

**कहां कितना मतदान**

| | |
|---|---|
| असम | 75.01 % |
| बिहार | 56.41 % |
| छत्तीसगढ़ | 66.92 % |
| दादरा नगर हवेली दमन और दीव | 65.23 % |
| गोवा | 72.98 % |
| गुजरात | 55.83 % |
| कर्नाटक | 66.26 % |
| मध्य प्रदेश | 62.48 % |
| महाराष्ट्र | 53.74 % |
| उत्तर प्रदेश | 56.23 % |
| पश्चिम बंगाल | 73.93 % |
| औसत | 64.09 % |



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वोट डालने के बाद पारिवारिक सदस्यों के साथ दिखाई दिए।



क्रिकेटर रवींद्र जडेजा पत्नी रेवावा के साथ वोट देने के बाद नजर आए।



अभिनेता रितेष देशमुख वोट देने के बाद अपने परिवार के साथ।

## न्यूज शॉर्ट्स

### हरियाणा : 3 निर्दलीय विधायकों ने भाजपा से वापस लिया समर्थन

**हरियाणा।** तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा से समर्थन वापस लेकर हरियाणा में भाजपा को झटका दिया है। हरियाणा में उन्होंने कांग्रेस में को बाहर से समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ रहने की बात कही है। विधायकों ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार से अपना समर्थन वापस लेते हुए महंगाई बढ़ने और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है। विधायकों ने समर्थन वापस लेकर नायब सिंह सैनी सरकार को संकट में डाल दिया है। कुछ दिन पहले ही भाजपा सरकार ने बहुतम साबित किया था।

### बंगाल में 25000 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने पर रोक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के मामले में ममता सरकार को राहत मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने 7 मई को 25000 शिक्षकों की भर्ती रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सीबीआई को केस की जांच जारी रखने का आदेश भी दिया। जांच एजेंसी से कहा कि इस दौरान कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न ले। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से कहा कि यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। इससे लोगों का भरोसा उठ जाएगा। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस साल 22 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों की 25 हजार 753 नियुक्तियों को अवैध करार दे दिया था।

### सलमान के आवास पर फायरिंग मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को राजस्थान से पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए आरोपी मोहम्मद चौधरी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुंबई लाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। मोहम्मद चौधरी ने 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में गोलीबारी की घटना में दो शूटरों की मदद की थी।



# कुलगाम में मुठभेड़, 3 आतंकी ढेर

**एजेंसी, कुलगाम**



कुलगाम जिले के रेडवानी पाइन इलाके में मंगलवार सुबह एक बार फिर मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें अब तक सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मार गिराए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि तलाशी अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अभियान पूरा होने के बाद की जाएगी। इससे पहले इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सोमवार शाम को पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने रेडवानी पाइन में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बलों की टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**एजेंसी, मॉस्को**

व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया।



मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं। 1999 से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के रूप में पुतिन सत्ता में बने रहे।

# राष्ट्रपति ने तारादेवी और संकटमोचन में किए दर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिमला के तारादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करती हुईं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच दिवसीय हिमाचल दौरे के दौरान मंगलवार को शिमला के प्रमुख धार्मिक स्थल तारादेवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य व राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल भी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। मंदिर कमेटी की ओर से राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा ने उन्हें मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें राम दरबार की प्रतिमा भी भेंट की। वहीं उन्होंने संकटमोचन मंदिर में भी माथा टेका।

# निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा नामंजूर, नहीं होगा उपचुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा और शिमला में लोकसभा तथा सुजानपुर, लाहौल-स्पीति, धर्मशाला, गगरेट, कुटलहैड़ और बड़सर में विधानसभा उपचुनाव होंगे। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जाएंगे। 11 और 12 मई को अवकाश के कारण नामांकन नहीं भरे जाएंगे। प्रदेश में 14 मई तक नामांकन भरे जा सकेंगे। 15 मई को इनकी छंटनी होगी। 17 मई को उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। एक जून को वोटिंग, 4 जून को रिजल्ट घोषित होगा। निर्वाचन विभाग की अधिसूचना के साथ ही हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों और भाजपा की उम्मीदों को भी झटका लगा है।

गौरतलब है कि नालागढ़ के निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर, देहरा के होशियार सिंह और हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की उम्मीदों के साथ अपने पद से इस्तीफा दिया था। इनकी सीटों पर अब एक जून को वोटिंग नहीं होगी, क्योंकि अभी इनका इस्तीफा ही स्वीकार नहीं हो पाया है।

**झटका** बिना फैसले के उठ गई बेंच, कहा– न सरकारी काम में देंगे दखल, न करेंगे साइन

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर रखी शर्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली शराब नीति मामले में मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाए बिना सुप्रीम कोर्ट की बेंच उठ गई। सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई शुरू होने के बाद लंच से पहले तक कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय कर ली थीं। हालांकि, तब ईडी ने कहा कि केजरीवाल के वकील को 3 दिन सुना गया। हमें भी पर्याप्त समय दिया जाए।



अदालत ने जमानत का विरोध कर रही ईडी से कहा कि चुनाव चल रहे हैं और केजरीवाल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार आते हैं। अदालत ने केजरीवाल से कहा कि हम आपको जमानत दे देते हैं तो आप ऑफिशियल ड्यूटी नहीं करेंगे। हम नहीं चाहते कि आप सरकार में दखल अंदाजी करें। अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और आम आदमी में फर्क किया जाना सही नहीं है। राजनेताओं के लिए अलग कैटेगरी न बनाएं। जनता के बीच गलत संदेश जाएगा। लंच के बाद जस्टिस खन्ना ने कहा कि फिलहाल हम देखते हैं कि दलीलें खत्म होती हैं या नहीं। अगर नहीं तो 9 मई की डेट देंगे। अगर संभव नहीं हुआ तो अगले हफ्ते की तारीख देंगे।

उधर, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भी केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने 23 अप्रैल को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ाई थी। 21 मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा गया। एक अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की शर्तें

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि अगर जमानत दी जाती है तो केजरीवाल सरकारी काम में दखल नहीं देंगे। वह अपने आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे। ऐसा हुआ तो हितों का टकराव पैदा होगा और हम यह नहीं चाहते।

### अरविंद केजरीवाल ने मानी शर्त

**केजरीवाल** के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। शर्त है कि एलजी किसी भी काम को इस आधार पर न रोकें कि फाइल पर साइन नहीं हैं। ऐसा कुछ नहीं बोलूंगा, जो नुकसान पहुंचाने वाला हो।

### जमानत के विरोध में ईडी की दलीलें

- कोर्ट का नजरिया क्या है? आपको राजनेताओं के लिए अलग कैटेगरी नहीं बनानी चाहिए।
- देश में इस वक्त 5 हजार केस हैं, जिनमें सांसद शामिल हैं। इन सभी को जमानत पर रिहा कर दिया जाना चाहिए?
- अगर कोई किसान जिसका बुवाई का सीजन चल रहा है, वे किसी सांसद से कम महत्वपूर्ण है?
- जमानत पर रिहाई दी तो यह संदेश जाएगा कि केजरीवाल ने कुछ नहीं किया था, लेकिन उन्हें चुनाव से पहले गिरफ्तार कर लिया गया।
- अगर उन्होंने सहयोग किया होता और 9 समन नजरंदाज न किए होते तो शायद गिरफ्तारी न होती।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा की उपचुनाव गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं। यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### वोट तो साथ है




**वोट** कहां से आएंगे यह सवाल मुझसे न पूछो, वोट तो साथ लेकर चला हूं। मेरे साथ वोट खुद चलते हैं। नोट जेब में हों तो वोट साथ क्यों नहीं चलेंगे। वोट की क्या हिम्मत मेरे साथ चलने से मना कर जाए। वोट की औकात क्या है यह तो मेरा गुलाम है। जहां मैं चलता हूं वोट मेरे पीछे चलता है। जहां मैं ठहरता हूं वोट वहीं ठहर जाता है। भले ही एक बार धोखा हुआ था, लेकिन फिर वोट ने कमाल कर दिया था। सबने देखा है, वोट कैसे आए थे। मुझे किसी की परवाह नहीं है वोट तो मेरा चेहरा देखकर आते हैं। किसी में दम नहीं है कि मेरे वोट का कुछ बिगाड़ सके। मेरे वोट में कोई खोट निकाल सके। वोट साथ चलाने का पूरा तजुर्बा है, जिन्होंने अकड़ दिखाई है उनको भी मेरे वोट ने ही आईना दिखाया है। ताकतवर दुश्मन बनकर कुछ नहीं बिगाड़ सके तो अब खाली हाथ से खाक वोट को खाएंगे। वोट मेरे आसपास चलते हैं और मैंने उनको समझा रखा है। रौनकी ताऊ भी रिज पर बैठा नेता को सुन रहा है। वोट को लेकर भ्रम पाले नेता के शब्दों को चुन रहा है। ताऊ ने पते की बात कही है, अहंकारी की साख मिटी है। वोट ने ही किया है यह हाल, अभी ठहरो फिर होगा मलाल। किसी के वोट पर न करो अभिमान, जिंदा है अभी लोगों का स्वभिमान। -राजेश शर्मा

### मैं ही मैं हूं और कुछ नहीं



**हिमाचल** के चुनाव मैदान में आए नेताओं में अहम और अहंकार भी गूंजने लगा है। कोई बोल रहा है कि जो मैं हूं, मेरे से बढ़कर कोई नहीं हो सकता। मेरी तुलना बॉलीवुड के सदी के महानायक से होती है। उनके बाद मुझे ही लोगों का प्यार मिलता है। नेता भी मुझे जानते हैं, अभिनेता भी मुझे जानते हैं। मुझे पूरी दुनिया जानती है। कोई देश नहीं है जहां मुझे लोग नहीं जानते। जान पहचान इतनी ज्यादा है कि मुझे फुर्सत तक नहीं है। काम भी इतना ज्यादा है कि अकेली इतना बोझ नहीं उठा सकते। बड़ी बड़ी पार्टियों में मुझे बुलाया जाता है। इतना प्यार लुटाया जाता है। झलक पाने के लिए भी लोगों को लाइनों में खड़े रहना पड़ता है। मेरे साथ फोटो लेने के लिए भी लोग तरसते हैं। मुझे देखकर ही फैशन भी शुरू होता है। मेरा मुकाबला तो है ही नहीं, मेरी बराबरी तो कोई कर ही नहीं सकता है। रौनकी ताऊ भी सुनकर हुए परेशान है, यह तो आने वाले सियासी संकट का निशान है। ताऊ ने भी तो देखा एक जमाना है, उन्होंने भी कई कुछ मन में ठाना है। पहचान का चूना तो नहीं लगाएंगे, जनप्रतिनिधि चुनकर ऐसा लाएंगे। हमें नहीं किसी की पहचान से कोई वास्ता, विकास नहीं जिसका एजेंडा वो पकड़े अपना रास्ता। हिमाचल में नहीं चलेगा ऐसा कोई झोल, यहां के लोग बड़े बड़ों की खोल देते हैं पोल।

# सोलन में टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट चुनावी स्टंट !

## शिमला में विदेशी सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने का मुद्दा नेताओं के लिए चुनौती

**आर मोहन चौहान, सोलन**

चुनावी मुद्दा

शिमला लोकसभा संसदीय सीट में हमेशा चुनाव आते ही किसान बागवानों के दो-तीन मुद्दे उभरते रहे हैं, मगर इसका आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। यही कारण है कि चुनाव होते ही ये मुद्दे गौण हो जाते हैं।

शिमला में सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने और सोलन में टमाटर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट मुद्दे गरमाए हुए हैं। इसी तरह सिरमौर में लहसुन, अदरक के तड़के से नेताओं के नाक में दम कर दिया है। शिमला जिले की अपर बेल्ट के बागवान विदेशी सेब के आयात शुल्क को बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे हैं। बागबान संघ विदेशी सेब पर आयात शुल्क को 100 फीसदी करने की मांग कर रहा है। अभी आयात शुल्क 50 फीसदी है। इससे विदेशों से पहुंच रहे सेब से कोल्ड स्टोर में रखे हिमाचली सेब को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। इससे बागवानों को नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। बागवान संघ अब इस मुद्दे को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। प्रत्याशियों को इससे पार पाना चुनौती बना हुआ है। हिमाचल के शिमला, किन्नौर, कुल्लू और चंबा में सेब का हर वर्ष करीब 5 हजार करोड़ का कारोबार होता है। इसी तरह सोलन जिले में टमाटर पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के वादे कांग्रेस और भाजपा नेता करते रहे हैं। मगर, दशकों बीत जाने के बावजूद किसी भी पार्टी की सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। सोलन सब्जी मंडी में पिछले वर्ष 3 लाख 23 हजार क्रेट टमाटर बिका। पिछले वर्ष दाम अच्छे मिले पर कई बार दाम नहीं मिलने से टमाटर की फसल फेंकनी पड़ती है। यही कारण है कि यहां के किसान टमाटर पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, सिरमौर जिले में अन्य मुद्दों के अलावा लहसुन और अदरक को समर्थन मूल्य देने की मांग है। (अनंत ज्ञान)

### गिरिपार क्षेत्र में सड़कें खस्ताहाल

**सिरमौर** के गिरिपार क्षेत्र में एसटी का मुद्दा भी छाया रहा। इसको सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब यहां के किसान लहसुन और अदरक की फसल के समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र कई क्षेत्रों में लोग अभी भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। यहां जो सड़के हैं भी उनकी हालत भी अच्छी नहीं है। भाजपा और कांग्रेस की दोनों प्रत्याशियों के समक्ष इन चुनौतियों से को पार करने की चुनौती है। नेता अभी तो सब मांगे पूरी करने के आश्वासन देते दिख रहे हैं पर चुनाव होते ही सारी बातें गौण हो जाएगी।




### चुनावों में आती है मजदूरों की याद

# बद्दी-नालागढ़ में कंपनियों ने निकाले कामगार, कोई सुनने वाला नहीं...




**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ के विभिन्न उद्योगों में मंडी व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अलावा दूसरे जिलों के लोग भारी संख्या में काम करते हैं। अब लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी इन वर्करों लुभाने के लिए नेताओं ने मित्र मिलन कार्यक्रमों के आयोजन शुरू कर दिए हैं।

इन आयोजनों का मकसद अपने-अपने गृह जिला या संसदीय क्षेत्रों के औद्योगिक कामगार वोटरों से मिलकर घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करना है। हालांकि, अपने पक्ष में लुभाने की भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। शनिवार देर शाम मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और रविवार को हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने यहां मिलन कार्यक्रम किए। यह प्रथा भाजपा व कांग्रेस के सुजानपुर से विधायक रहे राजेंद्र राणा ने 2008 में शुरू की थी।

इसके बाद से ही ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर व अन्य जिलों के नेताओं की कदमताल बीबीएन एरिया में होती रही। बीबीएन में मंडी क्षेत्र के 1800 और हमीरपुर क्षेत्र के करीब 1400 मतदाता हैं। इन मतदाताओं पर कांग्रेस व भाजपा की पैनी नजर रहती है। कांग्रेस के नेता भी जल्द यहां इनसे मिलने का कार्यक्रम बना रहे हैं।

### चुनाव का बहिष्कार करेंगे कामगार

**बता** दें कि बद्दी में दर्जनों उद्योग बंद हो गए हैं। इन उद्योगों में हिमाचली कामगारों का भी रोजगार छिना है। बद्दी की एक फूड प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी के 300 कामगारों को छह माह से काम से हटा दिया। इससे पहले एक अन्य कंपनी के कामगार भी हटा दिए थे। यह कामगार पिछले छह माह से अपनी नौकरी की भीख मांग रहे हैं। उन्होंने चुनाव का बहिष्कार करने की बात भी कर चुके हैं।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : अनुराग

## ब्रह्मपुर में केंद्रीय मंत्री ने चैतन्य शर्मा के लिए मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्मपुर में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा की अगुआई में विशाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शिरकत करके कांग्रेस पर खूब हमले किये।

पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उमड़ी भीड़ को देख अनुराग ठाकुर गदगद हो गये और उन्होंने चैतन्य शर्मा एवम मंडल भाजपा की पीठ थपथपाई। इस अवसर पर प्रभारी श्रीकांत शर्मा, पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर, जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, उत्तराखंड के विधायक सुरेश सिंह घड़िया, नवीन धीमान एवम जिला पार्षद सुशील कालिया इत्यादि उपस्थित रहे। चैतन्य शर्मा की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुष्पवर्षा करते एवं नारे लगाते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर एवं श्रीकांत शर्मा का भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया गया। अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि गगरेट विधानसभा की जनता के पास वोट डालने का डबल मौका है और एक वोट सांसद के रूप में अनुराग ठाकुर को और विधायक के लिए वोट चैतन्य शर्मा को डालें, ताकि डबल इंजन की सरकार देश प्रदेश में बन सके और जो प्रदेश के विकास पर पिछले 15 माह से ग्रहण लग चुका है, उसको हटाया जा सके।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचने पर अनुराग ठाकुर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि लोहारली- चुरूडू पुल, अंदौरा-गगरेट पुल दो विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन की सुविधा देने के साथ साथ क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। अनुराग ठाकुर ने कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर चौक से जिला ऊना को रेलवे नेटवर्क द्वारा पूरे भारत के प्रमुख शहरों और तीर्थ स्थलों से जोड़ा गया है साथ ही बताया कि मोदी सरकार के आशीर्वाद से दौलतपुर चौक-तलवाड़ा रेल लाइन का कार्य जारी है। इस अवसर पर विधायक चैतन्य शर्मा ने कांग्रेस के 14 माह के शासनकाल में गगरेट विधानसभा क्षेत्र के साथ हुई उपेक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि मुख्यमंत्री महोदय में गगरेट विधानसभा क्षेत्र में खोले गए कार्यालयों और संस्थानों पर ताला लटकाकर विकास के पहियो को रोका और मजबूरन उन्हें राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट डालनी पड़ी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मित्रों की सरकार चला रहे है और जनता से उन्हें कोई लेना देना नहीं है।

# आपदा में गायब रहे अनुरागः रायजादा

## कांग्रेस प्रत्याशी ने केंद्रीय मंत्री पर किया जुबानी हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चार बार सांसद रहने के बावजूद अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में आज तक अनुराग ठाकुर के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके नाम पर वह लोगों से वोट मांग पाएं यही कारण है कि आज भी वह मोदी के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। यह कहना है हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सतपाल रायजादा का, जो मंगलवार को कांग्रेस द्वारा आयोजित एक बैठक में भाग लेने घुमारवीं पहुंचे थे।

इस मौके पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर सतपाल रायजादा ने कहा कि अनुराग ठाकुर आपदा के समय हिमाचल से गायब रहे और केंद्र से राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं करवा पाए। हिमाचल की मदद का मुद्दा न तो केंद्र सरकार के समक्ष रख पाए और न ही हिमाचलियों के दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हो पाए। उन्होंने कहा कि वह ऐसे नेता हैं, जो कभी अपने किए कामों पर वोट नहीं मांग पाए। क्योंकि पिछले 20 वर्षों में उन्होंने प्रदेश तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए झूठ बोलने के अलावा कुछ भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अनुराग का काम है लोगों से झूठे वादे करना तथा राहुल गांधी और सोनिया गांधी को कोसन। इसके अलावा अनुराग के पास कोई उपलब्धि नहीं है। रायजादा ने कहा कि अनुराग ठाकुर में अगर हिम्मत है तो वह अपने पिछले 20 साल के कार्यकाल में किया कोई एक काम बताएं जो उन्होंने घुमारवीं में विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए किया हो। अनुराग ठाकुर ने हमेशा हिमाचल के हितों को रोकने का काम किया है, जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने भयंकर आपदा के बावजूद हिमाचल प्रदेश के विकास के रथ को रुकने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर की पहचान आज केवल मात्र एक मुख्यमंत्री के बेटे के रूप में बनी हुई है। इसके अलावा उनकी और कोई उपलब्धि नहीं है।




घुमारवीं में आयोजित कांग्रेस की बैठक में सतपाल रायजादा व अन्य पदाधिकारी।

इस मौके पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सभी कार्यकर्ताओं से आने वाले चुनाव में एकजुट होकर कार्य करने की अपील की, ताकि इस बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार स्थापित हो सके। इस मौके पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जागीर सिंह मेहता, मीडिया प्रभारी राजीव शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल, उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंजना धीमान मौजूद रहे।

# राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पन्ना प्रमुखों को दिया जीत का गुरु मंत्र

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आज भारत देश आर्थिक और सामरिक दृष्टि से पूरी दुनिया में अपनी विशेष पहचान बन चुका है यह बात मंगलवार को नाहन मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान सती वाला पंचायत में नाहन की नातिन राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कही। बतौर मुख्यातिथि पहुंची उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो सरकार खुद बैसाखियों के सहारे हो वह दूसरों को क्या सहारा देगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो राम के विरोधी हो, सनातन विरोधी हो, महिला विरोधी हो, उसे सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा सिरमौर का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं औरों को रोजगार उपलब्ध करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा के पास जो विजन है, उसको अमली जामा पहनाने का भी मजबूत दावा है। वहीं, दिया कुमारी ने पन्ना प्रमुखों को जीत के टिप्स भी दिए।



# सेब बाहुल्य क्षेत्र को बर्बाद कर आनंद शर्मा चले कांगड़ा, किन्नू और आम की ओर : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

देश में प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को मजबूत करने के लिए जो संकल्प लिया उसमें किसान सम्मान निधि के माध्यम से 2019 से किसानों को सालाना 6 हजार रुपए वितरित किए। 11.29 करोड़ किसानों को इस योजना का लाभ मिला है और हिमाचल प्रदेश में लाभान्वित किसानों की संख्या 9 लाख पहुंच गई है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि सेब बाहुल्य क्षेत्र को बर्बाद कर आनंद शर्मा कांगड़ा, किन्नू और आम की ओर चल पड़े हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु में सेब प्रोसेसेस करने के बाद पल्प को नाले में फेंका जाता था, उसकी ऑर्गेनिक खाद बनाने के लिए भी प्रयास किए गए, परंतु जयराम ठाकुर ने दो कदम आगे चल करके योजना बनाई, जो बचा हुए पल्प से पैक्टिन जो जैम और जैली को कॉन्ट्रैक्ट करने के लिए यूज होता है, देश का 90 प्रतिशत पैक्टिन चाइना से इम्पोर्ट होता हैं और पराला में न केवल प्रोसेसिंग प्लांट लगा, वहां पर पैक्टिन का यूनिट स्थापित किया गया साथ ही सीए प्लांट भी लगाया गया।



# सुक्खू सरकार ने नौकरी के नाम पर किया नौजवानों से धोखा- राजेंद्र राणा



**सुजानपुर।** पूर्व विधायक और उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने कहा है कि हर साल एक लाख नौजवानों को नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आई सुक्खू सरकार ने नौजवानों को जिस तरह धोखा दिया है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, उसका पूरा सबक प्रदेश का नौजवान इस चुनाव में सुक्खू सरकार को सिखाने के लिए तैयार बैठा है। राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के नौजवानों से किए वादे पूरे करने की बजाय अपने मित्रों पर मेहरबान रहे और प्रदेश का खजाना मित्रों में लूटाते रहे हैं।

# नयना देवी विधानसभा क्षेत्र से आएंगे तीन हजार कार्यकर्ताः रणधीर शर्मा



**बिलासपुर।** नयना देवी जी विधानसभा के विधयाक रणधीर शर्मा ने कहा कि 8 मई को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन में श्री नयना देवी जी विधानसभा से 3000 कार्यकर्ता भाग लेंगे, जिसके लिए सभी प्रबंधक लिए गए हैं। हर बूथ से 30 लोग आएंगे। इस होने वाले सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया जिला बिलासपुर से 12000 लोग सुबह 9:30 पर बिलासपुर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा मोदी ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर का शिलान्यास किया और 500 सालों के बाद रामचंद्र अपने मंदिर में विराजमान हुए। हम सभी के लिए इससे बड़े गर्व की बात क्या हो सकती है।

### सियासत

## सराज विधानसभा क्षेत्र के छतरी और गाड़ागुशैनी व बंजार के बलागाड़ में गरजे पूर्व मुख्यमंत्री, कंगना के लिए मांगे वोट

# सरकार गिराने के गलत आरोप लगा रहे सुक्खूः जयराम ठाकुर

**सुनील शर्मा, गोहर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर छतरी दौरे के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश में 40 सीटें भी हासिल नहीं होने वाली हैं। बड़ी मुश्किल से इनके नेता 50 का आंकड़ा छूने की जद्दोजहद कर रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम चार सौ सीटों का लक्ष्य पार करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है, जिसकी देश में चार सौ से अधिक सीटें लोकसभा में आती थीं, लेकिन आज 2019 में मिली सीटों से ही आगे बढ़ती नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने सराज के छतरी, गाड़ागुशैनी और बंजार के बलागाड़ में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री देखना चाहता है। ऐसे में जब पूरा देश कह रहा है कि आएंगे तो मोदी ही, तो यह हमारे कांग्रेसी क्यों पगला रहे हैं। मैं विपक्ष का नेता हूं। मेरा काम सरकार की कमियां गिनाना है। लोगों की आवाज बनकर सरकार के समक्ष उनकी मांगे उठाना है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू मेरे द्वारा उठाई बातों से असहज हो उठते हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू हम पर सरकार गिराने का गलत आरोप लगा रहे हैं।

इन 15 महीनों में मैंने उन्हें रोते ही देखा है। जितना हमने पांच सालों में केंद्र से ऋण नहीं उठाया उतना तो यह डेढ़ वर्ष के अल्प काल में ले आए। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस प्रत्याशी एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर भी जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तो अपने कार्यकाल में प्रदेश में रिकार्ड स्तर पर सड़कों का निर्माण करवाया, लेकिन बड़ी-बड़ी बातें करने वाले विक्रमादित्य सिंह सबसे पहले बीती बरसात में गिरे मलबों को ही हटा लें तो वह भी बड़ी बात होगी। (अनंत ज्ञान)



रोड शो के दौरान कंगना व जयराम ठाकुर समर्थकों के साथ।

## गुमराह कर रहे कांग्रेस प्रत्याशी : कंगना रनौत

**गोहर।** भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ सराज और बंजार में प्रचार कर समर्थन मांगा। कंगना रनौत ने राजपरिवार पर तीखे हमले करते हुए कहा कि मंडी की मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह का नाम देश के अंतिम तीन सांसदों में शामिल है। मंडी की सांसद ही ढंग से अपनी सांसद निधि तक नहीं बांट पाईं, ऐसे व्यक्ति से विकास की क्या ही उम्मीद की जा सकती है। कंगना ने कहा कि मंडी से कांग्रेस के प्रत्याशी जनता को गुमराह कर रहे हैं।

मतदान का संदेश


सुंदरनगर। स्वीप कार्यक्रम के तहत रोहांडा स्कूल में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

जागरूकता अभियान


चच्योट और शाला स्कूल में एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में लोगों को मतदान को लेकर जागरूक किया और शपथ दिलाई।

# कांग्रेस के पास विक्रमादित्य जैसा टॉप का हीरो है : सुक्खू

## चुनाव हारने के बाद फिर से अपनी फिल्मी दुनिया में लौट जाएगी कंगना

**कमलेश वर्मा कुल्लू/आनी**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को आनी और कुल्लू के शमशी में मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर भाजपा पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सरकार में भी फ्लॉप थे और अब इन चुनावों में भी फ्लॉप होंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह ही जीत हासिल करेंगे और उनकी प्रत्याशी चुनाव हारने के बाद फिर से अपनी फिल्मी दुनिया में लौट जाएगी। गोमांस खाने वालों को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है, जो सनातन धर्म का अपमान है।

कंगना हिमाचल प्रदेश की बेटी और एक अच्छी अदाकारा हैं। एक्टर चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर निर्देशक फ्लॉप हो तो फिल्म कभी हिट नहीं हो सकती। कांग्रेस के पास विक्रमादित्य सिंह जैसा टॉप का हीरो है, जो आम लोगों की परेशानियों को समझता है और जनसेवा ही उसका एकमात्र ध्येय है। प्रदेश की चारों लोकसभा की सीटों पर कांग्रेस की जीत तय है। भाजपा ने अपने शासनकाल में प्रदेश को लूटने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। (अनंत ज्ञान)

**जयराम इन चुनावों में फिर होंगे फ्लॉप**

### बिके विधायकों को जनता नहीं करेगी माफ

**छह** विधायक राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिक गए और सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया। बागियों को डील की दूसरी किस्त पाने के लिए एक महीने तक प्रदेश से बाहर घूमते रहे और पूरी किस्त मिलने के बाद भाजपा में शामिल हो गए। राजनीतिक मंडी में बिके विधायकों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### ऐसे ही नहीं मिलता मंत्री का पद

जनसभा के दौरान किसी कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री से सीपीएस सुंदर ठाकुर के लिए मंत्री पद की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने हंसते हुए चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसे ही नहीं मिलता मंत्री पद इसके लिए ज्यादा लीड दिलवानी होगी।

### भाजपा पैसे के दम पर करना चाहती लोकतंत्र की हत्या

**रामपुर बुशहर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को रामपुर उपमंडल के निरथ में आयोजित प्रदेश किसान सभा के सम्मेलन में लिया हिस्सा। इससे पूर्व सीएम ने निरथ स्थित सूर्य नारायण मंदिर में माथा टेका। मुख्यमंत्री ने लुहरी परियोजना प्रभावित लोगों से कहा कि हिमाचल के हितों को किसी भी कीमत पर बिकने नहीं दिया जाएगा। जल विद्युत परियोजना निर्माताओं के साथ हकों को लेकर कानूनी लड़ाई जारी है। शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुल्तानपुरी हैं, जबकि मंडी लोकसभा हलके से विक्रमादित्य सिंह। यह लड़ाई कुर्सी की नहीं, लोकतंत्र को बचाने की है, जिसकी हत्या भाजपा पैसे के दम पर करना चाहती है। कानूनी अड़चने डालकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। इस दौरान पूर्व विधायक एवं हिमाचल किसान सभा के सचिव राकेश सिंघा ने लुहरी परियोजना प्रभावितों की आठ सूत्री मांग पत्र को रखा।

# कांग्रेस नेता सत्ता के नशे में मदहोश सिर्फ लोगों को बहका रहे : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**धर्मशाला** से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। सुधीर ने कहा कि चुनावों में हमेशा हार-जीत की चाबी जनता के हाथ में होती है, लेकिन कांग्रेस नेता सत्ता के नशे में मदहोश होकर लोगों को बहका रहे हैं। कांग्रेस के नेता धर्मशाला के विकास का विजन जनता के सामने रखने में नाकाम रहे हैं, लेकिन हाईकमान को खुश करने के लिए झूठी बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह बड़ी हैरानी की बात है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस को धर्मशाला से चुनावों में उतारने के लिए कोई नेता नहीं मिल रहा है। लोकसभा के लिए तो संसदीय क्षेत्र से बाहर से एक नेता को लाकर मैदान में उतार दिया है, लेकिन धर्मशाला में अभी कांग्रेस की तलाश जारी है।

**कहा- विकास किया होता तो प्रत्याशी ढूंढने को नहीं करनी पड़ती मशक्कत**

### बोले- बयानबाजी से नहीं, विकास करवाने से बढ़ता है जनाधार

**सोशल** मीडिया पर बयानबाजी करने वाले कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि जनाधार झूठी बयानबाजी से नहीं, बल्कि क्षेत्र का विकास करवाने से बढ़ता है, इसलिए कांग्रेस नेताओं को जनता को यह बताना चाहिए कि धर्मशाला में सीयू कैंपस का निर्माण क्यों शुरू नहीं हो पाया। चुनावों के दौरान धर्मशाला की जनता कांग्रेस से यह जानने को आतुर है।

### कांग्रेस ने डेढ़ साल में कुछ नहीं किया

**सुधीर** ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि नामांकन के आखिरी दिन तक कांग्रेस कोई न कोई प्रत्याशी तय कर देगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में धर्मशाला के विकास को रोकने के सिवाय कोई काम नहीं किया, अगर विकास किया होता तो आज चुनावी मैदान में उतारने के लिए नेताओं की तलाश न करनी पड़ती।

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



देश में बढ़ती बेरोजगारी से आज युवा वर्ग परेशान है। हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो युवा वर्ग के लिए उनकी योग्याता के अनुसार रोजगार का प्रावधान करे। मंडी संसदीय क्षेत्र के युवाओं के साथ महिलाओं की आवाज को भी संसद में बेबाकी से रखने वाला होना चाहिए। हर समय जनता के साथ खड़ा हो और हर समस्या को सुने।

**पल्लवी गर्ग, मंडी लोकसभा संसदीय क्षेत्र**



हमारे देश में मुफ्तखोरी का ही महा दौर चल रहा है। देखा-देखी में सभी राजनीतिक दल इसे ज्यादा प्रोत्साहन दे रहे हैं। ये दल बहुत ही महंगी वस्तुओं और बड़ी सुविधाओं को मुफ्त देने का लालच मतदाताओं को दे रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए हमारे सांसद कटिबद्ध हो और वह स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद मुहैय्या करवा सकें।

**अनिल महंत, संसदीय चुनाव क्षेत्र मंडी।**



प्रदेश में बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। सरकारी भर्ती के लिए आवेदन लेते हैं, लेकिन जब साक्षात्कार या लिखित परीक्षा होती है और पता चलता है कि प्रश्न पत्र ही लीक हो गए हैं। जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि बेहतर योजनाएं बनाएं और भर्ती परीक्षा में धांधलियों को रोकने के लिए खड़े कदम उठाएं।

**रोहित शर्मा, मंडी लोकसभा संसदीय क्षेत्र।**



महिला सुरक्षा को लेकर हमारे जनप्रतिनिधि ज्यादा संजीदा नहीं हैं। सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं को सुरक्षा मिले, युवतियों को स्कूल और कॉलेज या अपने कार्य स्थलों पर बेहतर काम करने का माहौल मिले। इस तरह का वातावरण तैयार करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधियों को कदम उठाने चाहिए।

**अनु गर्ग, मंडी लोकसभा संसदीय क्षेत्र।**



देश में रोजगार गारंटी योजना तैयार होनी चाहिए, जिससे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। बेरोजगारी चरम पर है। रोजगार के लिए निजी क्षेत्र में संभावनाएं हैं, लेकिन निजी क्षेत्र के लिए भी एक रोजगार नीति बनाई जाए, ताकि दर-दर भटक रहे युवाओं को नौकरी मिल सके।

**राज कुमार, ऊना।**



महंगाई को कम करने के लिए प्रयास होने चाहिए। आम लोगों के लिए अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए योजना बनाने के लिए जनप्रतिनिधों को आवाज उठानी चाहिए। जनहित में काम करने वाले को समर्थन किया जाएगा।

**मेहर सिंह, ऊना।**



यह अच्छा संकेत है कि पढ़े-लिखे युवा उम्मीदवार राजनीतिक दलों से चुनाव मैदान में उतारे जा रहे हैं। ऐसे उम्मीदवारों को अपना स्पष्ट विजन रखना चाहिए। भेदभाव के बिना विकास का लक्ष्य हो। बेरोजगार के लिए रोजगार की व्यवस्था करवा सके। लोगों की समस्याओं को समझ सके और महिलाओं के उत्थान के लिए सोच रखता हो।

**दिलबाग सिंह राणा, ऊना।**



उसी उम्मीदवार को वोट दूंगा जो मेहनती, ईमानदार और मृदुभाषी हो। इसके अलावा लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करे। वादे कर मुकरने वाला जनप्रतिनिधि नहीं होना चाहिए। युवाओं को शिक्षा में किसी प्रकार की रुकावट पैदा न हो उनके लिए शिक्षण संस्थान की सुविधा दिला सके।

**राजीव, लाहौल-स्पीति।**



कई समस्याएं ऐसी होती हैं, जो व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि सबसे जुड़ी होती हैं। इनका समाधान करवाने के लिए प्रतिनिधि को प्रमुखता से आवाज उठानी चाहिए। मेरा वोट उसको जो सबका एक समान विकास करवाए। शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मुहैया करवाए।

**सुशील दोषी, जाहलमा (लाहौल-स्पीति)।**

## उम्मीदवारों ने भरे नामांकन


शिमला संसदीय क्षेत्र से परचा भरते बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अनिल कुमार मंगेट।


हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रमेश चंद सारथी ने नामांकन दाखिल किया।


मंडी संसदीय क्षेत्र से नामांकन भरते हिमाचल जनता पार्टी के प्रत्याशी महेश सैनी।

# बड़सर में क्षेत्रीय और जातीय समीकरण बनाएंगे नया माहौल

## सुभाष ढटवालिया के आने से इस बार अलग होगी कांग्रेस की चुनावी रणनीति

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**उम्मीदवारी** को लेकर माथापच्ची के बाद कांग्रेस ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जिस नई 'तुरुप' चाल के जरिए चुनावी बिसात बिछाने का दम भरा है, उससे निश्चित रूप में इस क्षेत्र की परंपरागत राजनीति में क्षेत्रीय और जातीय समीकरण हार-जीत के नतीजे पर असर छोड़ेंगे।


सुभाष ढटवालिया।


इंद्रदत्त लखनपाल।

सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस ने पार्टी काडर से ही ताल्लुक रखने के अलावा पंचायतीराज व्यवस्था को समझने वाले सुभाष ढटवालिया को उम्मीदवार बनाया है। यह स्थिति भाजपा के भीतर इस बार अलग तरह का माहौल बना रही है। कारण यह है कि इस बार भाजपा की उम्मीदवारी को लेकर जिस बड़े स्तर पर फेरबदल हुआ है, उसका असर पार्टी की भीतरी व्यवस्था में कितना खरा उतर पाएगा, उसका पता जैसे-जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ेगा, उस दौरान ही चल पाएगा। कांग्रेस विचारधारा से ताल्लुक रखने वाले इंद्रदत्त लखनपाल को भाजपा ने बदली परिस्थितियों में उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के काडर में वे कितने फिट बैठेंगे? इस पर इतना जल्दी कह पाना आसान काम नहीं है, लेकिन भाजपा के खेमे में सेंध लगाने के लिए कांग्रेस कितना कामयाब होगी? इस पर चुनावी रणनीति धीरे-धीरे पता चलेगी।

25 पंचायतों के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि उनके क्षेत्र से विधानसभा चुनावों में कोई उम्मीदवार पार्टी उतारा जाए, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। यह पहली मर्तबा हुआ है, जब 42 साल के बाद न केवल इस क्षेत्र से कांग्रेस ने प्रत्याशी चुनाव में उतारा, बल्कि राजपूत बहुल इस क्षेत्र को राजनीति के हिसाब से अहम बना दिया है। (अनंत ज्ञान)

### लखनपाल को प्रत्याशी बनाने पर स्थिति सामान्य नहीं

**भाजपा** के भीतर अभी लखनपाल को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद स्थिति इतनी सामान्य नहीं है। यह बात अलग है कि संगठनात्मक ढांचे में मजबूत इस पार्टी का काडर अपने ही अंदाज का है। पार्टी के ढांचे में बेहतर तरीके से इंद्रदत्त लखनपाल प्रत्याशी के तौर पर कितने प्रभावी ढंग से चुनावी माहौल बनाने में कामयाब होंगे। यह भी अति महत्वपूर्ण रहेगा। भाजपा का ढांचा पिछले विधानसभा चुनाव में गड़बड़ा गया था, तब बागी संजीव शर्मा ने करीब 15000 वोट हासिल कर लिए थे। संजीव तप्पा ढटवाल से ही ताल्लुक रखते हैं। यह स्थिति कांग्रेस के उम्मीदवार के लिए कितना खरा उतरेगी? इस पर अभी ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बागी होकर चुनाव लड़ने वाले संजीव शर्मा फिर से भाजपा के हो चुके हैं। लखनपाल के दो टर्म क्षेत्र के लोग देख चुके हैं। तीसरे टर्म में जो हुआ, उसका प्रभाव भी क्षेत्र की राजनीति पर कितना असर डालेगा? इसका भी आकलन अभी होना है, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार के लिए नए चेहरे की पहली पारी शुरू हुई है। क्षेत्रवाद और सत्ता का प्रभाव कितना असरदार होगा, यह बात सुभाष ढटवालिया के लिए अहम रहेगी।

# मुख्यमंत्री का नहीं विजन, गली-मोहल्ले के नेता की तरह कर रहे बयानबाजी : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की सतारूढ़ कांग्रेस सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कामेडी की सरकार बनकर रह गई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू कहीं भी जाते हैं, तो वहां कोई न कोई कॉमेडी करके आ जाते हैं। यह बात बिंदल ने नाहन मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सीएम डेढ़ साल में किए कार्यों का ब्यौरा देने के बजाय मंचों पर मस्खरी करते नजर आते हैं। प्रदेश को पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री मिला है, जिसका कोई विजन नहीं है और गली-मोहल्ले के नेता की तरह बयानबाजी करते नजर आते हैं। कांग्रेस से रूष्ट होकर निकले विधायकों को आज जिस प्रकार के उपनाम व संज्ञाए देकर सुक्खू उन्हें परिभाषित कर रहे हैं, वह कोई मर्यादित व्यक्ति नहीं कर सकता। उनके पास कहने को कुछ नहीं हैं, इसलिए वह जनता को अपने शब्दों से भ्रमित कर रहे हैं। आज मुख्यमंत्री बंद संस्थानों पर क्यों बात नहीं करते, विकास जो रुका पड़ा है, पर बात नहीं करते, बेरोजगारी पर बात नहीं करते, आते ही जिन आउटसोर्स व कोविड कर्मियों को निकाला पर बात नहीं करते, डेढ़ साल में एक भी रोजगार नहीं निकाला उस पर बात नहीं करते, वह सिर्फ बात करते हैं रोज नई शब्दावली, मकरझंडू, कालानाग, भेड़-बकरियां, बरसाती मेंढक की और करें भी क्यों न कांग्रेस की संस्कृति, भाषाशैली यही है। जब तक व्यक्ति काम का हो, तो वाह-वाह नहीं तो आलोचना।

**कहा- कामेडी की सरकार बनकर रह गई कांग्रेस सरकार**

# चंद दिनों की मेहमान है गरीब विरोधी कांग्रेस सरकार: इंद्रदत्त

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**



**बड़सर** विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने मंगलवार को कुर्याह, खज्जियां, वाहिना, क्याराबाग, सोहारी, मंगनोटी, चंगर, कुलेहरा विभिन्न बूथों पर जनसभाएं कीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार गरीब जनता को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने सत्ता में आते ही पेट्रोल, डीजल पर वैट बढ़ाकर, डिपुओं में राशन को महंगा किया। सीमेंट के दाम बढ़ा दिए और जो विधायक चुनाव जीत के आए, उनको नजरंदाज कर उनकी जगह अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक बांट दिए। इस तरह के निर्णयों व नीतियों से कांग्रेस सरकार की नियत साफ दिखती है। यह सरकार गरीब विरोधी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब जनता के कल्याण एवम उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जनता ने तय कर लिया है कि गरीब विरोधी सरकार बस चंद दिन की मेहमान है। 4 जून को केंद्र में भाजपा की 400 पार की सरकार बनेगी। हिमाचल में भी भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर, कमल नयन, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

**कहा- सत्ता में आने पर अपने मित्रों को बनाया मंत्री**

**सियासत** विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के रवि ठाकुर और कांग्रेस की अनुराधा राणा आमने-सामने

# लाहौल-स्पीति में बिछी चुनावी बिसात, प्रचार तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति में उपचुनाव को लेकर चुनावी बिसात बिछ गई है। इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

दोनों दलों ने अपना-अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। साथ ही दोनों दलों के प्रत्याशी अब नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर भी तैयारी में जुट गए हैं। लिहाजा, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में राजनीतिक सियासत तेज हो गई है और भाजपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

### अनुराधा आज और रवि ठाकुर 9 मई को दाखिल करेंगे नामांकन





लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता अनिल सहगल ने कहा कि बुधवार को 3 बजे कांग्रेस उम्मीदवार अनुराधा राणा अपना नामांकन भरेंगी। इस दौरान मंत्री एवं जिला प्रभारी जगत सिंह नेगी, सह प्रभारी एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, सह प्रभारी एवं विधायक मनाली विधानसभा क्षेत्र के अलावा पूर्व मंत्री फुंचोंग राय विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर नौ मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उत्तराखंड के शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, पूर्व मंत्री एवं लाहौल-स्पीति चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत मौजूद रहेंगी।

### प्रचार के लिए स्पीति पहुंचना बड़ी चुनौती

**क्षेत्रफल** के हिसाब से हिमाचल के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करना चुनौती से कम नहीं। कुंजम दर्रा बंद होने के कारण लाहौल से स्पीति जाने के लिए बाया कुल्लू, शिमला व किन्नौर होकर पहुंचना पड़ रहा है। भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर जहां समस्त विधानसभा क्षेत्र में एक दौरा पूरा कर चुके हैं और नौ मई को नामांकन को तैयार हैं, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा के बाद नामांकन की भी तैयारी कर दी है। देरी से प्रत्याशी की घोषणा के बाद अब कांग्रेस के लिए प्रचार के लिए समय कम है और चुनौती ज्यादा है। सबसे बड़ी चुनौती स्पीति पहुंचना रहेगी।

हैप्पी बर्थडे



नगरोटाकी वानिका अवस्थी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



हमीरपुर की खुशी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# पौंग बांध का किया दौरा, फीडबैक ली

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जल शक्ति विभाग की परियोजनाओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, जवाली**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने मंगलवार को महाराणा प्रताप सागर झील पौंग बांध का दौरा किया व सर्कल नूरपुर के तहत चल रही जल शक्ति विभाग की अलग अलग परियोजनाओं के बारे मे भी अधिकारियों से फीडबैक ली ।

इस मौके पर उन्होंने कहा की पौंग बाध भी पर्यटक स्थल गोवा से कम नहीं है। पौंग बाध की सुंदरता पर्यटकों को अपने और खिंचती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा एक दिवसीय दौरे के दौरान पौंग बांध पर पहुंचे हुए थे। ओंकार चंद शर्मा अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व एवं वित्तायुक्त राजस्व हैं। उनके पास जनजातीय विकास तथा जल शक्ति विभाग का अतिरिक्त दायित्व भी है।

ओंकार चंद शर्मा को गृह एवं सतर्कता विभाग का जिम्मा चुनाव आयोग की मंजूरी मिलने के बाद सौंपा गया है। इस मौके पर सहायक अभियंता फतेहपुर अमित रंधाबा, तहसीलदार फतेहपुर व वर्क इंसपेकटर अश्विनी धीमान आदि मौजूद रहे।



पौंग बांध का दौरे के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा व अन्य।

## डाडासीबा कॉलेज का निरीक्षण किया

**डाडासीबा।** मंगलवार को बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने महाविद्यालय की स्थाई संबद्धता हेतु निरीक्षण किया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जतिंदर कुमार ने निरीक्षण दल का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस टीम की अध्यक्षता और दिशा निर्देशन हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय की ओर से वीसी नॉमिनी तथा वाणिज्य विभाग के विषय विशेषज्ञ प्रो. देवेंद्र शर्मा ने किया। निरीक्षण दल के सदस्य डॉ. हिमांशु ने कला संकाय के अंतर्गत चल रहे पाठ्यक्रम और गतिविधियों का निरीक्षण किया। वही गवर्नमेंट नॉमिनी के तौर पर राजकीय महाविद्यालय ढलियारा की प्राचार्या डॉ. अंजू चौहान ने महाविद्यालय के विविध विभागों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डॉ. रामपाल, प्रो. दविंदर, खेम चंद, शीतल देवी, पलक सिंह तथा कार्यालय लिपिक रामदयाल भी उपसिथत रहे।



# विद्युत उपमंडल बड़ोह में आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



विद्युत उपमंडल बड़ोह के एसडीओ अनिल सैनी ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि दिनांक 8 मई (बुधवार) को कोठियां के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न गांवो जैसे वरेहड, सरोत्री, भलुना, छुघेरा, पलाचकलु , निहारगलु और नौ मई वीरवार) को संददु फिडर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों जैसे बड़ोह, लुना, मंगरेला, संददु, डडकर, नेता इत्यादि गांवों की सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे अथवा कार्य समाप्ति उपरोक्त दोनों फिडरो के मुरम्मत एवं जरुरी रखरखाव हेतु विधुत उपमंडल बड़ोह के विभिन्न गांवों की विद्युत आपुर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए विधुत उपमंडल बड़ोह के सहायक अभियंता ई0 अनिल सैनी ने बताया कि मौसम अनुकूल न होने की स्थिति या अन्य किसी कारणों से कार्य दिवस अगले दिन माना जाएगा। उधर, विद्युत उपमंडल बड़ोह के एसडीओ अनिल सैनी ने यह जानकारी दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मचारी कल्याण संगठन सरकार से खफा

**बैजनाथ।** हिमाचल परिवहन कर्मचारी कल्याण संगठन की आपातकालीन बैठक बैजनाथ में हुई। इस मौके पर संगठन के महासचिव त्रिलोक चौधरी ने बताया कि 65, 70, 75 आयु के कर्मचारियों को 5, 10, 15 प्रतिशत का लाभ मिलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों के हित में फैसला दिया है परंतु राज्य सरकार इसके बावजूद कर्मचारियों को लाभ प्रदान नहीं कर रही है। बैठक में अब कर्मचारी कल्याण संगठन ने यह फैसला लिया है कि अपने हक लेने के लिए उन्हें मजबूरन उच्च न्यायालय का रुख अपनाना पड़ेगा। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने कहा की जिंदगी के अंतिम चरण में उन्हें अपने हक लेने के लिए सरकार, परिवहन प्रबंधन से बार बार आग्रह करने पर मजबूर होना पड़ा रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि उन्हें सभी देय भत्ते दिए जाएं।

### माउंट कार्मल स्कूल का रिजल्ट सराहनीय

**गगल।** माउंट कार्मल स्कूल गगल का दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इसमें 108 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। इसमें 14 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इशिता डोगरा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, सोनाक्षी भारद्वाज ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान और अदिति ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर प्रबंधक फादर मैथ्यू, फादर जॉनसन प्रधानाचार्य सिस्टर एनिस ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### एबीवीपी चलाएगी जागरूकता अभियान

**नूरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नूरपुर शत-प्रतिशत मतदान के लिए एबीवीपी संगठनात्मक जिला नूरपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। एबीवीपी पूरे जिले में 720 से अधिक बैठकें करेगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला नूरपुर ने सोमवार को जिला बैठक की। यह बैठक आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के तहत की गई। जिला संयोजक नूरपुर अंकित शर्मा ने कहा कि परिषद ने जिला नूरपुर ने इस बार शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नूरपुर में विभिन्न स्थानों पर बैठकें करवाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि आज का छात्र आज का का नागरिक है और सभी युवा को शत प्रतिशत मतदान करे।

### 10 परिवारों को पौष्टिक आहार वितरित किया



**लंबागांव।** जन कल्याण संस्था तलवाड़ की मासिक बैठक बजरंग बली मंदिर तलवाड़ के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। संस्था सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम तपेदिक उन्मूलन के लिए संस्था की ओर से 10 गरीब परिवारों को पौष्टिक आहार वितरित किया गया व आर्थिक सहायता के लिए आए हुए पांच आवेदनों को विचार-विमर्श करके उक्त परिवारों को संस्था की ओर से आर्थिक सहायता दिए जाने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष त्रिलोक चौधरी, सचिव जगन्नाथ डोगरा, कैप्टन टेक सिंह राणा, सतीश जडवाल, करतार चंद जडवाल, काशीराम चौधरी, वकील सिंह चौधरी सुभाष चौधरी, सूबेदार हुकुम सिंह समकड़िया, शक्ति चंद,रमेश मेहरा, करम चंद कश्यप, ठाकुर प्यार चंद, राकेश शर्मा, रूपलाल धीमान, किशोरी लाल धीमान, प्रीतम चंद ठाकुर, सीताराम ठाकुर आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

### भरमाड़ में गोशाला से 14 पेटी शराब बरामद

**जवाली।** मंगलवार को जिला पुलिस नूरपुर व एक्साइज विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत पंचायत भरमाड़ के अधीन गांव भगवाल में दबिश देकर देसी शराब का जखीरा पकड़ा है। जिला पुलिस नूरपुर व एक्साइज विभाग की टीम ने करनैल सिंह निवासी भगवाल की गोशाला से 14 पेटी देसी शराब संतरा मार्का बरामद की है तथा पुलिस ने शराब को जब्त करने के साथ-साथ आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने भगवाल में करनैल सिंह की गोशाला से 14 पेटी देसी शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## शिक्षा बोर्ड आठ विषयों में आयोजित करेगा एग्जाम

# टैट परीक्षा के लिए अभ्यर्थी आज से करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आठ विषयों टीजीटी, आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, भाषा अध्यापक, जेबीटी, शास्त्री, पंजाबी एव उर्दू की टैट परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आठ विषयों की टैट परीक्षाओं के दिशानिर्देश के लिए एक ही प्रोस्पैक्ट बोर्ड की वेबसाइट पर उलब्ध है।

इच्छुक अभ्यर्थी टैट परीक्षाओं के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन आठ मई से शुरू होंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई रखी गई है। लेट फीस के साथ 29 से 31 मई तक आवेदन किए जा सकेंगे। आवेनद में हुई त्रुटिओं में सुधार एक से 3 जून के बीच किया जा सकेगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षा के चार दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा। यह जानकारी स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने दी है।

### परीक्षाओं की ये रहेंगी तिथियां

**जेबीटी** टैट परीक्षा 22 जून सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक आयोजित होगी। शास्त्री टैट 22 जून दोपहर 2 से साढ़े 4 बजे तक, टीजीटी नॉन-मेडिकल टैट 23 जून सुबह 10 से साढ़े 12 बजे तक, भाषा अध्यापक टैट 23 जून दोपहर 2 बजे से साढ़े 4 बजे तक, टीजीटी आर्टस टैट 30 जून दोपहर 2 से साढ़े 4 बजे तक, पंजाबी टैट 2 जुलाई सुबह 10 से साढ़े 12 बजे तक और उर्दू टैट 2 जुलाई दोपहर 2 बजे से साढे 4 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा का समय अढ़ाई घंटे होगा।

## डरोह में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**डरोह।** डरोह बाजार में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन राज कुमार शर्मा के निवास स्थान पर कलश यात्रा निकाल कर किया। कलश यात्रा इनके निवास स्थान से डरोह बाजार से ढेसरी शिव मंदिर तक निकाली गई। कथावाचक राजेंद्र शर्मा मंडी ने प्रवचन देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्यों के सारे पाप नष्ट हो जाते है और उसे आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। कलयुग में दिया हुआ दान सबसे बड़ा दान माना गया है जो दान मनुष्यो के हाथों द्वारा दिया जाता है वो ही दान उसके अंतिम समय में साथ जाता है बाकि सब धरा का धरा ही रह जाता है। इस अवसर पर कथा के आयोजक राज कुमार शर्मा, गगू शर्मा, प्यारे लाल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# जयसिंहपुर कॉलेज में छात्रों से सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज के बारे में की चर्चा

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) के सचिव डॉ. खुशी राम भगत के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने की। बैठक में महाविद्यालय के नए सत्र 2024-2025 में शुरू किए जाने वाले सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज के बारे में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अभिभावक शिक्षक संघ के साथ विचार-विमर्श किया गया।

इसके अंतर्गत महाविद्यालय के संरचनात्मक ढांचे से लेकर विश्वविद्यालय से संबंधता जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक शिक्षक संघ एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्रधान चंद्र शेखर, उपाध्यक्ष अमर सिंह, सचिव डॉ. खुशी राम भगत, संयुक्त सचिव सोनिया कुमारी और कार्यकारिणी सदस्य दीपा शर्मा द्वारा महाविद्यालय में इस सत्र में लाए जाने वाले सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज को सुचारू रूप से चलाने के लिए वित्तीय एवं अन्य आवश्यक सहायता देने का आश्वासन दिया गया। इस बैठक में महाविद्यालय के डॉ. सुरजीत सिंह राणा, प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. अर्पित कायस्थ, प्रो. किरण शर्मा, प्रो. रजनी, प्रो. अंशु व प्रो. ललिता शर्मा मौजूद रहे। बैठक में मौजूद सभी अभिभावकों व शिक्षकों का प्राचार्य महोदय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड की उत्तर पुस्तिकाएं

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एकलव्य मॉडल रेजिडेंसियल स्कूल सलेक्शन टेस्ट-2024 की परीक्षा 28 अप्रैल को प्रदेशभर में स्थापित विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा से संबंधित अस्थायी उत्तर कुंजियां सिरीज ए, बी, सी व डी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित उत्तर कुंजियों में दर्ज उत्तरों के संबंध में यदि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्तियां प्रमाणित तथ्यों सहित 6 से 13 मई तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को ईमेल आईडी पर मेल द्वारा भेज सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां दस्ती तौर पर भी कार्य दिवस में बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। 13 मई के उपरांत उत्तर कुंजियों से संबंधित किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से आपत्तियों को दर्ज करवाने वाले वाले अभ्यर्थी 13 मई सायं पांच बजे तक आपत्तियां डाक से पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रमाणीकृत तथ्यों से रहित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# कांगड़ा संसदीय सीट : पहले दिन नहीं हुआ कोई नामांकन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश की चार संसदीय सीट और प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन भरने के पहले दिन कांगड़ा संसदीय सीट से कोई भी नामांकन दर्ज नहीं हुआ।

बताते चलें कि प्रदेश की शिमला हमीरपुर कांगड़ा और मंडी संसदीय सीटों पर चुनाव एक जून को होगा। इसके साथ ही प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होना है। मंगलवार को शुरू हुए नामांकनअंतिम तारीख 14 मई है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई तक होगी तथा नाम वापिस लेने की अंतिम तारीख17 मई होगी। इसेक बाद 01 जून को मतदान तथा 4 जून को मतगणना होगी। बताते चलें कि कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज का मुकाबला कांग्रेस के आनंद शर्मा और बसपा की रेखा रानी से होगा। हालांकि नामांकन दाखिल होने के बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी।

### नामांकन शुरू, कांग्रेस का प्रत्याशी नहीं फाइनल

**प्रदेश** की छह विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होना है। इन सीटों में बड़सर, लाहौल-स्पीति, धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर और गगरेट शामिल है। वहीं धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। बताते चलें कि यहां सुधीर शर्मा, भाजपा के प्रत्याशी हैं तो वहीं कांग्रेस की ओर से अभी टिकट फाइनल नहीं हो सका। बताते चलें कि यहां कांग्रेस के प्रदेश महासचिव देवेंद्र जग्गी, विजय इंद्र कर्ण, मनोज ठाकुर तथा भाजपा छोड़ कर आए राकेश चौधरी आदि टिकट की दौड़ में शामिल हैं।

## शम्मी शर्मा को बनाया अध्यक्ष

**कांगड़ा।** कांगड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागेश्वर सिंह मनकोटिया ने शम्मी शर्मा को कांगड़ा शहरी कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनको यह जिम्मेदारी उनकी पार्टी के प्रति समर्पित भावनाओं को देखते हुए दी गई। इस अवसर पर उन्होंने नागेश्वर मनकोटिया के साथ कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनावों में आनंद शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाकर केंद्र में भेजेगी।

# बायोमेडिकल कचरे के प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय प्रयोगशाला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड धर्मशाला व ऊना की ओर से बीएमओ गलोड़ और बीएमओ नादौन के अधीन कर्मचारियों के लिए नाल्टी और नादौन में बायोमेडिकल वेस्ट पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पूजा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी संजीव शर्मा की देखरेख में डॉक्टरों, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और अन्य को यहां प्रशिक्षण दिया गया और नियमों के अनुसार बायोमेडिकल कचरे के प्रबंधन और रासायनिक तरल कचरे को कीटाणु रहित करने पर जोर दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएमओ नादौन डॉ. केके शर्मा, बीएमओ ग्लौर डॉ. अरविंद कौंडल भी उपस्थित रहे।

# 14 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा चोरी का आरोपी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अमृतसर से मनाली जाने वाली बस में लैपटॉप चोरी के आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पिछले काफी समय से एचआरटीसी की अमृतसर से मनाली रूट पर जाने वाली बस से सामान चोरी होने की शिकायतें आ रही थीं।

वहीं गत शुक्रवार रात को अमृतसर से मनाली जा रही बस से एक यात्री का धर्मशाला बस अड्डा में लैपटॉप चोरी होने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी हुआ लैपटॉप बस में आरोपी की सीट के ऊपर रखा हुआ बरामद किया था। वहीं दो दिन के पुलिस रिमांड के बादमंडी जिला के सरकाघाट निवासी 34 वर्षीय अजय कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि उक्त आरोपी 14 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है।




**कार्यक्रम** हिमवीर जागृति मंच ने स्कूल में आयोजित किया सम्मान समारोह

# धमेटा स्कूल में गूंजे देशभक्ति के तराने

**संजीव महाजन, नूरपुर**

मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमेटा में हिमवीर जागृति मंच द्वारा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

इसमें मंडोत गांव के निवासी में सीमा सुरक्षा बल मे सेवारत रहे कांस्टेबल राजेश कुमार एवं उनके परिवार को सम्मानित किया गया। राजेश कुमार वर्ष 2002 में जम्मू कश्मीर के जिला राजौरी में अपनी बटालियन के साथ तैनात थे तथा आतंकवादियों से एक मुठभेड़ में घायल अवस्था में लड़ते-लड़ते अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक खूंखार आतंकवादी जावेद अख्तर उर्फ अबू उस्मान को मौत के घाट उतारा । इस वीरता के सम्मान में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा पुलिस मेडल फॉर गैलंट्री से अलंकृत किया गया था। इस समारोह में मुख्यातिथि पुरुषोत्तम राणा रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा के अतिरिक्त शिक्षा विभाग के अन्य रिटायर्ड प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने शिरकत की इस पूरे आयोजन की सफलता का सेहरा वर्तमान प्रधानाचार्य सुनील वशिष्ठ वह विद्यालय स्टाफ को जाता है। राजेश कुमार जब इस विद्यालय के छात्र थे तभी उन्होंने सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गानों में अन्य प्रस्तुतियां द्वारा प्रशंसा लूटी परंतु उच्च संदेश भी बखूबी दिए। विद्यालय परिसर में धातु की एक सम्मान पत्रिका स्थापित की गई जिसमें राजेश कुमार की वीर गाथा है तथा इसका अनावरण मुख्यातिथि द्वारा किया गया। हिमवीर जागृति मंच द्वारा देश की सुरक्षा से संबंधित ऐसे वीरों को उनके विद्यालयों में सम्मानित करने का यह चौथा प्रयास रहा।



# दसवीं में भी लड़कियों ने मारी बाजी

## स्कूल शिक्षा बोर्ड के रिजल्ट के टॉप-10 में कुल 92 विद्यार्थियों में से 72 छात्राएं, 20 छात्र शामिल

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के नियमित छात्रों की मार्च 2024 में आयोजित हुई वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणाम में टॉप-10 में छात्राओं ने बाजी मारी है। टॉप-10 में रहे 92 विद्यार्थियों में 72 छात्राएं हैं और मात्र 20 छात्र हैं। टॉप-3 में रहे कुल 5 विद्यार्थियों में से एक छात्र है और 4 छात्राएं हैं। चौथें रैंक पर 5 छात्राएं और एक छात्र हैं। पांचवें रैंक पर 4 छात्राएं हैं और 2 छात्र हैं। छठे रैंक पर 7 छात्राएं हैं और 3 छात्र है। सातवें रैंक पर 3 छात्र और 4 छात्राएं हैं। आठवें रैंक पर 16 छात्राएं और 4 छात्र हैं। नवमें रैंक पर 6 छात्र और 16 छात्राएं हैं। दसवें रैंक पर सभी 16 विद्यार्थी छात्राएं हैं।

### टॉपर सरकारी स्कूल से

दसवीं की परीक्षा में टॉप-10 सूची में शामिल कुल 90 छात्रों में से मात्र 22 विद्यार्थी सरकारी स्कूलों से हैं शेष निजी स्कूलों से हैं। हालांकि संतोष की बात यह है कि उक्त परीक्षा में पहले स्थान पर रहने वाली टॉपर रिद्धिमा शर्मा सरकारी स्कूल से हैं, वह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन जिला हमीरपुर की छात्रा हैं। तृतीय रैंक पर रहने वाले कुल तीन छात्रों में से शिवम शर्मा भी सरकारी स्कूल के छात्र हैं, वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैरथीन, जिला बिलासपुर के छात्र हैं। टॉप-3 में रहे कुल छात्रों में से 2 छात्र सरकारी स्कूल से हैं।

# डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास

**अनंत ज्ञान, गरली**



डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में छात्राओं का मुंह मीठा करवाते अध्यापक।

प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम क्षेणी में परीक्षा पास करके स्कूल का नाम रोशन किया है। दसवीं कक्षा की छात्रा अक्षरा शर्मा ने 677 अंक लेकर स्कूल में टॉप किया है। अनाया ने 665 अंक लेकर दूसरा स्थान, अक्षरा ने 660 अंक लेकर तीसरा स्थान, सच्चलीन कौर ने 446 लेकर चौथा व आर्यन राणा ने 635 अंक लेकर पाचवां स्थान हासिल किया है । स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि 14 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। स्कूल प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

# रुशिल का लक्ष्य एनडीए में जाना

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



भारती विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की तीन बेटियों ने पूरे प्रदेश में तीसरा,पांचवा व छठा स्थान लेकर जिला का नाम रोशन किया है।

प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में भारती विद्यापीठ की रुशिल सूद ने 700 में से 697 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान, रिया कपूर ने 695 अंक लेकर पांचवा स्थान तथा शैशा सूद ने 694 अंक लेकर छठा स्थान हासिल कर पूरे प्रदेश, जिला तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रुशील सूद ने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत, स्कूल के डायरेक्टर प्रिंसिपल व स्टाफ तथा माता-पिता को श्रेय दिया है। रुशिल का लक्ष्य एनडीए परीक्षा तथा जेईई क्वालीफाई करना है। रुशील सूद के पिता बैजनाथ में दुकानदार हैं तथा माता ग्रहिणी है।

वहीं रिया कपूर व शैशा सूद आगामी पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ में कोचिंग ले रही हैं। शैशा सूद की माता सोनिका सूद ने बताया कि नीट की परीक्षा पास कर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। रिया कपूर की माता रंजना देवी ने बताया कि उनकी बेटी का लक्ष्य आईटीटी की परीक्षा पास करना है। भारती विद्यापीठ के निदेशक नवनीत डोगरा ने कहा कि जमा दो परीक्षा में भी इस स्कूल की छात्रा ने पहला स्थान हासिल कर तीन छात्राएं मेरिट में आई थी, वहीं 10वीं कक्षा में तीन बच्चों का मेरिट में आना गर्व की बात है।

## कड़ोआ स्कूल की छात्राएं चमकी



**परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड़ोआ का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें दीपांशु ने बोर्ड की मेरिट सूची में प्रथम 20 स्थानों में अपनी जगह बना कर समूचे प्रदेश में कडोआ गांव का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने बताया कि दीपांशु ने 681 अंक लेकर प्रथम स्थान, दिव्या कुमारी ने 673 अंक लेकर दूसरा तथा हिमाक्षी ने 661 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## शहीद भगत सिंह स्कूल का रिजल्ट रहा बेहतर

**गगल।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल बगली का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यह जानकारी स्कूल की प्रिंसिपल मंजु बाला ने दी। उन्होंने बताया कि स्कूल की जसविंद्र ठाकुर ने 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि प्रितिका चौधरी ने 90.14 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व अनुज चौधरी ने 89.71 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि जसविंद्र ठाकुर के गणित में 100 नंबर जबकि प्रितिका के हिंदी में 100 अंक आए हैं। प्रिंसिपल मंजु बाला व स्कूल के चेयरमैन अशोक चौधरी ने सभी बच्चों को बेहतर परीक्षा परिणाम पर बधाई दी है। चेयरमैन अशोक चौधरी ने स्कूल के अन्य छात्रों से इन छात्रों ने प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

## ऐम अकादमी स्कूल की अपूर्वा आठवें स्थान पर



**लंबागांव।** ऐम अकादमी स्कूल के प्रबंध निदेशक राकेश की बेटी अपूर्वा ने दसवीं की मेरिट में आठवां स्थान हासिल कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। ऐम एकेडमी स्कूल जयसिंहपुर से तीन बच्चे दसवीं की परीक्षा में प्रदेश भर में छठे व आठवें स्थान पर रहे हैं। छठे स्थान पर उदय कुमार तथा आठवें स्थान पर स्कूल की छात्राएं अपूर्वा सरोच व प्रीति रही है। इन सभी बच्चों को इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य ने बधाई दी है।

## थुरल की प्राची प्रदेशभर में चौथे स्थान पर



**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में मेरिट में चौथे स्थान पर आने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा विद्यार्थी प्राची शर्मा पुत्री अजय शर्मा का मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया गया एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर सभी अध्यापक वर्ग तथा स्कूल के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष लवली धीमान समस्त समिति सदस्यों द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर सुषमा कटोच, लेखराज, सिकंदर कुमार, सीमा समकाडिया, अजीत कुमार धीमान, वरुण दत्त शर्मा, चमन लाल, मनोज मेहरा, अर्चना, अनिल कुमार शर्मा, सीमा, पूजा शर्मा, अंशुमन, राशि सूद, अनुराधा, सुरेश, पूजा व अनिल ने विशेष रूप से भाग लिया।

# कर्शी नगरोटा ब्लॉक में रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



दसवीं के परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले होली फेथ स्कूल पठियार के छात्र अध्यापकों के साथ।

दसवीं के परीक्षा परिणाम में नगरोटा बगवां ब्लॉक में होली फेथ स्कूल का परिणाम सराहनीय रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा 21 छात्रों ने दी थी जिसमें 5 छात्र 95 प्रतिशत से अधिक, 3 90 प्रतिशत से अधिक, 11 छात्र 85 प्रतिशत से अधिक 2 छात्र 70 प्रतिशत से अधिक अंक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए है।

कर्शी ने 98 प्रतिशत अंक लेकर नगरोटा बगवां ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपांशु, खुशी व सुहानी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर और महक बादल और सक्षम ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। सुहानी ने साइंस और मैथ्स में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। महक ने साइंस और कंप्यूटर में 100, दीपांशु ने गणित में 100 अंक प्राप्त किए। खुशी ने कंप्यूटर और साइंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल प्रशासन ने बच्चों, अभिभावकों, तथा स्कूल स्टाफ को बधाई दी और उन्हें ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## सरीमोलग स्कूल में साहिल प्रथम

**जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरीमोलग का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सरीमोलग स्कूल के 11 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें सभी छात्र परीक्षा पास हुए है। स्कूल के साहिल ने 700 में से 622 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इशिका ने 616 अंक प्राप्त कर द्वितीय व साक्षी ने 561 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल ने कहा कि इसका श्रेय स्कूल के समस्त स्टाफ, बच्चों व अभिभावकों को जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### धार स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**पंचरुखी।** पंचरुखी के धार क्षेत्र के धार पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैलाशपुर का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल में कुल 20 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें कृष वालिया ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ पहला, कार्तिक ने 93.71 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व याशिता ने 93.42 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के चेयरमैन सुनील मेहरा ने बताया कि हमारे स्कूल के सभी बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की है। उन्होंने दसवीं की परीक्षा में अच्छा परिणाम आने पर सभी बच्चों अविभावकों व स्कूल स्टाफ को बधाई दी।

### डरोह स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डरोह का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। इसमें मुस्कान प्रथम, अदिति दूसरे व अंशिता तीसरे स्थान पर रही। मुस्कान ने 700 में से 657 अंक लेकर प्रथम, अदिति ने 639 अंक लेकर दूसरा, जबकि अंशिता ने 635 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के 7 छात्रों ने 600 से ऊपर व 24 छात्रों ने 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने उत्तीर्ण हुए छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी है।

### खैरा स्कूल का रिजल्ट 93 प्रतिशत रहा



**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कुल 61 विद्यार्थियों में से 57 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। शीतल ने 94.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, अंशुल ने 93.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व आकाश ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय शर्मा, सुरेश कुमार, पंचायत प्रधान राजीव धीमान ने सभी बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को सराहनीय परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

### देहरा पब्लिक स्कूल खबली का नाम चमकाया



देहरा पब्लिक स्कूल खबली के होनहार अध्यापकों के साथ।

**गरली।** देहरा पब्लिक स्कूल खबली का दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इसमें 14 छात्र-छात्राओं ने 90 से 98 प्रतिशत अंक लेकर अपने अध्यापकों एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रधानाचार्य रमा सिंह ने बताया कि दिव्यांश ठाकुर ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर पहला, नितिका ने 97.7 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, सोनाक्षी शर्मा और शभम ने 96 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा एवं अंशिता राणा, दिव्यांशी शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर धाक जमाई है। स्कूल प्रधानाचार्य रमा सिंह ने बताया कि इस बार 45 विद्यार्थी दसवीं की बोर्ड परीक्षा में बैठे थे, जिसमें सभी छात्रों ने अच्छा परीक्षा परिणाम देकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### गुरप्रीत को विधायक मलेंद्र ने किया सम्मानित



**डमटाल।** राजकीय आदर्श एसएम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला इंदौरा की गुरप्रीत कौर पुत्री जसविंदर सिंह, मनप्रीत कौर ने हिमाचल प्रदेश संयुक्त मेरिट में छठा एवं वाणिज्य संकाय में प्रदेशभर में दूसरा स्थान ग्रहण किया है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगथ की युविका पठानिया ने प्रदेश में नौवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन ने गांव इंदपुर मे गुरप्रीत कौर के घर जाकर बधाई दी तथा उसे शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उसे हर सम्भव सहयोग देने की बात कही। अपनी सफलता के लिए गुरप्रीत कौर ने स्कूल के प्रधानाचार्य,अध्यापकों एवं अपने माता-पिता को श्रेय दिया है।

# कृतिका शर्मा ने चमकाया न्यूगल स्कूल का नाम

**राकेश डोगरा, डरोह**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की छात्रा कृतिका शर्मा ने प्राप्त किया। एक साधारण परिवार से संबंध रखने वाली कृतिका के पिता संजय शर्मा भवारना में बिजली की दुकान में कार्य करते है व माता गृहिणी है।

बेटी ने आज दिन तक कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ी। कृतिका के घर भवारना के साथ लगते गांव पुन्नर में हैं। नर्सरी कक्षा से न्यूगल स्कूल भवारना में पढ़ाई करने वाली कृतिका हर कक्षा में प्रथम आती रही है। विद्यालय के निदेशक अशोक कटोच, अध्यक्ष अंकुर कटोच, प्रधानाचार्य निशा गुलेरिया ने बेटी की शानदार सफलता पर उसे व उसके माता-पिता वह कर्मठ अध्यापकों को बधाई दी है। अध्यक्ष अंकुर कटोच के अनुसार दृढ़ इच्छा शक्ति व अथक मेहनत के द्वारा सब कुछ संभव है। (अनंत ज्ञान)

# छतड़ी की शगुन चंदेल बनेगी अध्यापक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

द न्यू इरा स्कूल ऑफ साइंससीस छतड़ी की छात्रा शगुन चंदेल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई दसवीं की परीक्षा में 691 अंक लेकर प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया है।

शगुन के पिता वीरेंद्र चंदेल इसी स्कूल की बस के ड्राइवर हैं और माता रानी देवी समाजसेवी संस्था से जुड़ी हैं। शगुन भविष्य में अध्यापिका बन कर देश सेवा करना चाहती है। उन्होंने कहा की किसी भी बच्चे का भविष्य बनाने में अध्यापक का सबसे अधिक सहयोग होता है। शगुन ने इसका श्रेय माता-पिता, अध्यापकों और दोस्तों को दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन पगड़ोत्रा ने बताया कि विद्यालय का परिणाम 97.33 प्रतिशत रहा।

विद्यालय की छात्रा अर्जिता चंदेल ने 686 अंक प्राप्त करके दूसरा तथा समृद्धि शर्मा ने 685 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन कंचन सिंह भडवाल ने स्कूल अध्यापकों व बच्चों और उनके माता पिता को शुभकामनाएं व बधाई दी।



शगुन चंदेल को मिठाई खिलाते अध्यापक व पिता वीरेंद्र चंदेल।

## रेहलू की मीना बनना चाहती है डॉक्टर



**शाहपुर।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेहलू की छात्रा मीना देवी ने दसवीं की परीक्षा में 91.71 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया है। मीना देवी ने 700 में से 642 अंक हासिल कर स्कूल, अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया है। मीना के पिता भिंद्र कुमार द्रम्मण में इलेक्ट्रोनिक दुकान चलाते हैं और माता गृहिणी हैं। मीना का कहना है कि वह बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती है। वहीं पारिका ने 700 में से 613 अंक हासिल कर दूसरा और वंशिका अहमद ने 594 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया है। स्कूल प्रधानाचार्य रिशु ने बताया कि दसवीं कक्षा में स्कूल के 36 बच्चों में से 33 बच्चे अच्छे अंकों के साथ पास हुए हैं, जबकि 3 बच्चों को कंपार्टमेंट है।

# कांशीराम स्कूल में नमन रहा फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, गगल**



कांशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर के छात्र प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया के साथ।

दसवीं के परीक्षा परिणाम में कांशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर में इस बार लड़कों का दबदबा रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलरिया व नीता राणा ने बताया कि स्कूल का परिणाम सराहनीय रहा। इसमें नमन कुमार ने 682 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। कशिश कुमार ने 669 अंक लेकर दूसरा स्थान और हिमांशु ने 656 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया व स्कूल स्टाफ ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने स्कूल के अन्य छात्रों से इन छात्रों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## नंदनी शर्मा ने झटके 645 अंक

**ज्वालामुखी।** राजकीय कन्या बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वालामुखी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा, जिसमे नंदनी शर्मा ने 700 में 645 अंक लेकर प्रथम स्थान, सुहानी गौतम ने 641 अंक प्राप्त करके दूसरा तथा स्वस्तिका ने 602 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का जमा दो का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कला संकाय में डिंपल गोस्वामी तथा मीनाक्षी ने 500 मे से 441 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, महक ने 427 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा नेहा ने 425 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमारी शर्मा ने छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# अल्फा स्कूल की एंजेल ने हासिल किए 92 .8 फीसदी अंक



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को दी बधाई**

अल्फा पब्लिक स्कूल खड़ोठ का दसवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। स्कूल के कुल 18 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें स्कूल की एंजेल ने 92.8 फीसदी अंक लेकर प्रथम, सौरभ ने 90.57 फीसदी अंक लेकर दूसरा व तन्मयी शर्मा ने 88.57 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। इसके अलावा माही ने 88.14 फीसदी, उर्व ने 86 फीसदी और अश्विनी ने 85.28 फीसदी अंक लेकर स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को बधाई दी है। उन्होने अन्य बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## मैत्री पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शानदार

**डमटाल।** मैत्री पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल शेखुपुर के विद्यार्थियों ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की ट्विंकल ने 94 प्रतिशत, नीतिश ने 94 प्रतिशत, दीपांशु ने 93 प्रतिशत, नामिका ने 92 प्रतिशत, नैतिक ने 91 प्रतिशत, कृष्टि ने 91 प्रतिशत, तनाशा ने 91 प्रतिशत, अर्षप्रीत ने 90 प्रतिशत, जिया ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रधानाचार्य चंद्र प्रभा व चेयरमैन अंग्रेज भारद्वाज ने सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों को बधाई दी

## श्रेया डॉक्टर बनकर करेगी देश सेवा

**गरली।** पैरामाउंट पब्लिक स्कूल अप्पर पाइसा की छात्रा श्रेया ने दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। श्रेया की इस शानदार सफलता से गांव पाइसा का नाम रोशन हुआ है। श्रेया ने अपने माता-पिता व टीचर का सिर भी गर्व से ऊंचा किया है। श्रेया के पिता स्कूल में प्रवक्ता व माता भी स्कूल में शिक्षिका हैं। स्कूल प्रधानाचार्य मलकां देवी ने होनहार छात्रा का स्कूल परिसर में स्वागत करते हुए मिठाइ बाटीं। श्रेया ने 700 में से 692 अंक प्राप्त किए हैं। श्रेया का कहना है कि वह डॉक्टर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

**बैठक** डॉ. राजीव भारद्वाज के नॉमिनेशन कार्यक्रम में होंगे शामिल, बैठक में बनाई रणनीति

# जयसिंहपुर से धर्मशाला जाएंगे 500 कार्यकर्ता

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**




अप्पर लंबागांव पार्टी कार्यालय में बैठक के दौरान मौजूद जयसिंहपुर मंडलाध्यक्ष देवेंद्र राणा, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व जिला अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी जयसिंहपुर की बैठक अप्पर लंबागांव पार्टी कार्यालय में जयसिंहपुर मंडलाध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुई। इसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप में जिला अध्यक्ष हरिदत शर्मा, जम्मू से आए प्रवासी प्रभारी प्रद्युम्न सिंह ,जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान तथा देवेंद्र राणा ने जयसिंहपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आगामी चुनाव के लिए रणनीति बनाई। राणा ने कहा कि शीघ्र ही मंडल में जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा और 10 मई को डॉ. राजीव भारद्वाज नॉमिनेशन भरने वाले समारोह में भाग लेने के लिए जयसिंहपुर मंडल से 500 कार्यकर्ता धर्मशाला जाएंगे। मंडलाध्यक्ष देवेंद्र राणा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में डॉ.राजीव भारद्वाज की जीत निश्चित है। प्रधानमंत्री मोदी की नितियों का लोगों द्वारा भारी जनसमर्थन मिलने वाला है। इस दौरान सभी मोर्चों के अध्यक्ष ,महामंत्री, जोन प्रभारी, जोन सहप्रभारी, जयसिंहपुर भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य, मंडल महामंत्री स्वरुप डोगरा, मीडिया प्रभारी हरिदास ,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील चौधरी, किसान मोर्चा जयसिंहपुर के अध्यक्ष अजय पठानिया, युवा मोर्चा शिवा कटोच, सोल वनेहड़ पंचायत प्रधान रणवीर सिंह, धुपक्यारा पंचायत प्रधान सरस्वती जरयाल, गंदड़ प्रधान बिनता कटोच, आलमपुर प्रधान शकुंतला देवी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रविंद्र धीमान ने वर्कर्स में भरा जोश

पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस बार हर कार्यकर्ता मैदान में उतरेगा। जयसिंहपुर से भारी बहुमत डॉ. राजीव भारद्वाज को दिलवा कर लोकसभा पहुंचाया जाएगा और मोदी जी के 400 पार के संकल्प को पूरा करेंगे।

# रिधिमा ने चमकाया जिले का नाम, 18 ने बढ़ाई शान

## अगले चैप्टर को एडवांस में पढ़कर स्कूल जाती थी प्रदेश की टॉपर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं की परीक्षा के परिणाम में राजकीय कन्या सीनियर सेकंडरी स्कूल नादौन की छात्रा रिद्विमा शर्मा ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करके न केवल अपने, माता पिता, स्कूल का नाम रोशन किया है अपितु नादौन व हमीरपुर का भी नाम चमकाया है। रिधिमा ने 700 में से 699 यनि 99.86 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश की मेरिट सूची में पहला स्थान पाया है, जबकि जिले के 18 अन्य बच्चों ने भी प्रदेश मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है।

नादौन के कलूर गांव की रहने वाली रिधिमा डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। उसके पिता अश्वनी कुमार एक निजी कंपनी में पंजाब में सहायक मैनेजर हैं, जबकि माता ग्रहणी हैं। रिधिमा का एक भाई व एक बहन है। रिधिमा पढ़ाई में काफी निपुण है। वह अपना होमवर्क रोजाना करती है। जो स्कूल में पढ़ाया जाता है उसे तो रिपीट करती ही थी अपितु अगले चैप्टर को भी एडवांस में पढ़ कर स्कूल जाती थी। जिसकी पुष्टि स्कूल के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने करते हुए कहा कि जो मैंने कक्षा में अभी पढ़ाया भी नहीं होता था रिद्विमा उसकी भी तैयारी करके आती थी उसके कड़ी मेहनत व लग्न का ही परिणाम है कि उसने प्रदेश भर पहला स्थान हासिल किया है। स्कूल में आज खुशी का महौल रहा। स्कूल की प्रिंसीपल ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारी छात्रा ने प्रदेश भर में टॉप किया है। यह पल मुझे ता उमर याद रहेगा। (अनंत ज्ञान)


रिधिमा के प्रदेश में टॉप करने पर रिधिमा स्कूल स्टाफ के साथ।

### दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में लड़कियों का दबदबा मेरिट सूची में 19 में से 14 लड़कियां, लड़के केवल पांच

**दसवीं** कक्षा के परीक्षा परिणाम में 14 प्राइवेट स्कूलों के छात्रों ने मेरिट में स्थान पाया है, जबकि 5 छात्र सरकारी स्कूलों से हैं। जिस छात्रा में ने प्रदेश में टॉप किया है वह सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती है। इसके अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला 12वीं की छात्रा ईरा शर्मा ने 696 अंक लेकर चौथा स्थान, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के अनमोल सूद 695 अंक लेकर 5वां स्थान, राजकीय उच्च विद्यालय पलवीं की छात्रा तानिया शर्मा ने 694 अंक लेकर छठा स्थान, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर सूर्यांश झामटा ने 693 अंक लेकर 7वां स्थान, लिटिल ऐंजल पब्लिक स्कूल मैहरे की दिपांशी 692 अंक लेकर 8वें स्थान, आर्यन पब्लिक स्कूल झांडी की काशी शर्मा 692 अंक लेकर 8वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि जिले के 8 छात्रों ने 691 अंक लेकर नौवा स्थान प्राप्त किया है। इसमें रेड स्टार पब्लिक स्कूल चारियां दी धार के छात्र आकर्ष कुमार, न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर के अक्ष शर्मा, आर्यन पब्लिक स्कूल झांडी की छात्रा शिवांगी शर्मा, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हरानगर की छात्रा रिधिमा शर्मा, पब्लिक मॉडल सीनियर सेकेंडरी बम्लोह उहल अंशिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन की छात्रा अनन्या, न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर की रिधिमा ठाकुर, नव भारत पब्लिक स्कूल बिझड़ी कोटला की छात्रा खुशी शर्मा, गीतांजली पब्लिक स्कूल धनेटा के छात्र आर्यन शर्मा ने नौंवा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा पब्लिक मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंलोह की शीतल कुमार, लिली लिटल फलावर सीसे स्कूल बारी नंगर की छात्रा नमिता ठाकुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन की छात्रा मन्नत ने मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है।

### एसडीएम ने केक काटकर दी बधाई


नादौन। एसडीएम अपराजिता चंदेल ने केक काट कर रिधिमा, मन्नत व अन्नय को बधाई व शुभकामनाएं दी। अपराजिता चंदेल ने कहा कि रिद्विमा ने प्रदेश में टॉप करके स्कूल, माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है उम्मीद है कि आगे भी सफलता इसके पांव ऐसे ही चूमती रहे। कन्या स्कूल नादौन की छात्रा अनन्य ने 700 में से 691 अंक प्राप्त करके प्रदेश की टॉप टेन मेरिट सूची में 9 वां स्थान हासिल किया है। वहीं मन्नत ने 690 अंक लेकर मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया

### 8वें स्थान पर रही दीपांशी बोली- नीट की तैयारी करूंगी


दीपांशी का मुंह मीठा कराते स्कूल प्रबंधक, साथ हैं अन्य।

**बिझडी।** लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल मैहरे की दीपांशीमैट्रिक परीक्षा परिणाम में आठवें स्थान पर रही है। इस होनहार छात्र की इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधन ने उसे हार्दिक शुभकामनाएं दी है। दीपांशी का कहना है कि वह नीट की तैयारी में लगी है 8 9 घंटे पढ़ाई करती थी, अपनी सफलता का श्रेय उसने स्कूल प्रधानाचार्य मैडम कपिल और अध्यापक वर्ग को दिया है दीपांशी का कहना है की कठिन परिश्रम से बड़ी से बड़ी कठिन मंजिल भी आसान हो जाती है।

### नमिता डॉक्टर बन करेगी लोगों की सेवा


नमिता को उसकी उपलब्धि पर मुंह मीठा करवाती प्रिंसिपल कमलेश कुमारी व अन्य।

रंगस। डॉक्टर बन कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सेवा करना ही उनका प्रमुख लक्ष्य है, इसके लिए वे कड़ी से कड़ी मेहनत कर रहीं है ताकि अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सके। यह कहना है लिली लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नमिता ठाकुर का। नमिता ठाकुर ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 700 में से 690 अंक हासिल कर प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल किया है। नमिता का कहना है कि वह सात से आठ घंटे तक पढ़ाई करती हैं उनके पिता राजेश कुमार बिजनैस मैन हैं और माता गृहणी है। नमिता ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनो, माता-पिता को दिया है। स्कूल प्रिंसिपल कमलेश शर्मा ने नमिता की इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए उसका मुंठ मीठा करवाया तथा अन्य स्टूडेंटस को भी नमिता से सीख लेते हुए कड़ी मेहनत करने का आहवान किया है।

### शानदार रहा भगवती स्कूल जलाड़ी का परीक्षा परिणाम

नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का दसवीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के 75 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल के सभी अध्यापकों का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने बताया की 75 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समृति ने 659/700 अंक के साथ 94 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंकिता ने 657-700 अंक के साथ 93.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्राप्त कर द्वितीय स्थान, आस्था ठाकुर 649/700 अंक के साथ 92.7 प्रतिशत प्राप्त कर प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। 5 प्रतिशत छात्रों ने 90 से 95 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए। 60 प्रतिशत छात्रों ने 70 से 89 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए 10 प्रतिशत छात्रों ने 60 से 75 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए। आरती कटोच ने अभिभावकों व अध्यापकों को स्कूल के अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी।


शानदार अंक प्राप्त करने वाले बच्चे प्रिंसिपल के साथ सामूहिक चित्र में।

### डॉक्टर बनना चाहती है 10वें स्थान पर आई खुशी

**बिझड़ी।** नवभारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटला की छात्रा खुशी शर्मा ने मैट्रिक की परीक्षा में पूरे प्रदेश में 10वें स्थान पर आई खुशी का कहना है कि उनकी इस सफलता में स्कूल के एमडी सुनील शर्मा, अध्यापकों व उनके माता पिता का विशेष योगदान रहा है। वह भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। खुशी की माता पूजा देवी इसी स्कूल में अध्यापन का कार्य कर रही है, जबकि उनके पिता संजीव कुमार सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्कूल एमडी सुनील शर्मा का कहना है कि ये बेटी की मेहनत है कि आज हमारे स्कूल का नाम ऊंचा हुआ है।


स्कूल के एमडी सुनील छात्र खुशी शर्मा का मुंह मीठा करते हुए, साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### 'स्वीप' के तहत जागरूक किए मतदाता

**सुजानपुर।** स्वीप प्रोग्राम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता शिविर ग्राम पंचायत बगेड़ा में लगाया गया। शिविर में बीडीओ राजेश्वर भाटिया ने ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में वोट देने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत के प्रधान व वार्ड मेंबर के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### कैंसर पीड़ित आदिति की मदद को बढ़ने लगे हाथ

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के कड़ोहता गांव की 24 वर्षीय आदिति शर्मा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित है, जिसके चलते उसे रेगुलर ऑक्सीजन की जरूरत है। यह सुनकर अच्छा लगा कि अब आदिति और उसके परिवार को इस संघर्ष में साथ देने वाले लोग मिल रहे हैं। गरीबदास फाउंडेशन के चेयरमैन देव राज ने आदिति और उसके परिवार की मानसिक व आर्थिक रूप से मदद के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर्स की सहायता राशि प्रदान की। देवराज का यह कदम समाज में एक मिसाल के रूप में स्थापित हो सकता है। उनका यह वादा भविष्य में भी लोगों के लिए उम्मीद का संकेत है।

### महंगाई भत्ते की किस्तों का शीघ्र भुगतान करे सरकार

**नादौन।** रिटायर्ड एंपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन में आयोजित की गई, जिसमें जनवरी 2016 और जनवरी 2021 के बीच के पेंशनरों की फिक्सेशन व बकाया की अदायगी न होने, लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, कंयूटेशन व रिवाइजड पेंशन का 80 प्रतिशत बकाया की अदायगी न होने तथा महंगाई भत्ते की किस्तों बारे विस्तार से चर्चा की गई व सरकार से शीघ्र भुगतान किए जाने का आग्रह किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीडी शर्मा ने की। एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी रिटायर्ड प्रिंसिपल एवं प्रेस सचिव सुदेश शर्मा ने बताया कि बैठक में सभी पेंशनर्स से आग्रह किया गया है कि वे अपना जीवित प्रमाण पत्र जून महीने में ट्रेजरी में जमा करवाएं, ताकि पेंशन आदि में किसी प्रकार को कोई विलंब न हो।

### विजय बने स्कूल प्रबंध समिति के प्रधान

**रंगस।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ में स्कूल प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल ने की। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विजय कुमार को प्रधान चुना गया। वहीं समिति के अन्य सदस्यों को भी चुना गया। प्रिंसिपल ने बताया कि यह कार्यकारिणी अगले तीन वर्षों तक कार्य करेगी।

### व्यय पर्यवेक्षक ने दिए कड़ी निगरानी के निर्देश

**हमीरपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। डॉ. कुंदन ने मंगलवार को ही हमीरपुर पहुंचकर जिला के अधिकारियों से चुनाव व्यय निगरानी संबंधी सभी प्रबंधों की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव और जिला के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यय पर्यवेक्षक को विभिन्न प्रबंधों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 3-3 उड़न दस्ते, 3-3 स्टैटिक सर्विलांस टीमें, 2-2 वीडियो सर्विलांस टीमें, एक-एक वीडियो व्यूइंग टीम और एक-एक अकाउंटिंग टीम तैनात की गई है। जिला स्तर पर भी एक अकाउंटिंग टीम तैनात की गई है। व्यय पर्यवेक्षक ने जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) और सी-विजिल कंट्रोल रूम, सहायक व्यय पर्यवेक्षक एवं व्यय निगरानी कंट्रोल रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया तथा इनके नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

### निशुल्क हड्डी रोग शिविर 12 मई को

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग व पार्वती हॉस्पिटल दसमल दिम्मी हमीरपुर के सौजन्य से निशुल्क हड्डी रोग जांच एवं परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 मई को किया जा रहा है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कमल जीत ने बताया रोगियों को डाक्टर निपुण राणा ऑर्थोपेडिक सर्जन स्पेशलिटी सर गंगा राम हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क जांच कि जाएगी। हमारी लोगों से अपील है कि वह अधिक से अधिक संख्या में अपनी जांच करवाएं।

### सीनियर सिटीजन काउंसिल ने लगाया लंगर


**हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा मंगलवार को पीजीआई चंडीगढ़ के बाहर दोपहर के समय लंगर लगाया। गुरूद्वारा फतेहगढ़ साहेब की सेवा से प्रभावित होकर सीनियर सिटीजन काउंसिल ने लंगर लगाने का फैसला लिया। मंगलवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर की तरफ से आयोजित लंगर में हजारों की संख्या में लोग खाना खाने के लिए पहुंचे। लंगर लगाने के लिए काउंसिल की तरफ से 33 हजार रुपए गुरूद्वारा फतेहगढ़ साहेब को भेजे गए थे।

### रेडक्रॉस यूनिट का रक्तदान शिविर आज

**नादौन।** उपमंडल रेडक्रॉस यूनिट नादौन द्वारा रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष पर 8 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन मिनी सचिवालय नादौन के धरातल तल पर लगाया जा रहा है। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष उपमंडल रेड क्रॉस यूनिट नादौन की अध्यक्ष एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल करेंगी।

# ढलती उम्र में मेडिकल बिलों के भुगतान को तरसे सेवानिवृत्त कर्मी

- दो साल से लटके हैं मेडिकल बिल, कर्ज लेकर इलाज करवाने को मजबूर,
- रिवाइज्ड पे स्केल भी नहीं मिल रहा, जताया रोष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**


हमीरपुर के गो भवन में आयोजित बैठक में मौजूद पेंशनर्स।

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच की हमीरपुर जिला इकाई ने सेवानिवृत्ति के बाद सरकार से मिलने वाले लाभ न मिलने पर रोष जताया है।

मंच ने कहा है कि ढलती उम्र में मेडिकल बिलों के भी 2 साल से भुगतान के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारी तरस रहे हैं। उन्हें इलाज के लिए बैंकों से कर्ज लेना पड़ रहा है यह स्थिति बेहद खतरनाक है। क्योंकि प्रदेश सरकार हरेक कर्मचारी का उन्हें मिलने वाला 6 से 8 लाख तक का बकाया भी नहीं दे पा रही है। मंगलवार को हमीरपुर के गो भवन में जिला अध्यक्ष अजमेर ठाकुर की अध्यक्षता में मंच की जो बैठक हुई उसमें सभी सेवानिवृत कर्मचारी बेहद नाराज थे। बैठक में कहा गया कि सरकार ने परिवहन पेंशनर्स को आज तक कोई भी पैसा नहीं दिया है, जबकि मंच के करीब 150 पदाधिकारी इस वृद्ध अवस्था में भी पिछले साल फरवरी माह में 9 सूत्रीय मांग पत्र देकर अपनी पीड़ा जाता चुके हैं। तब आश्वासन मिला था कि अप्रैल माह तक उन्हें वार्ता के लिए बुलाया जाएगा, लेकिन अब तो एक साल से ऊपर का समय हो गया है। उनकी मांगों पर कोई चर्चा नहीं हो पाई है। सरकार ने सभी विभागों को रिवाइज्ड पेंशन का एरिया पहली किस्त ₹50000 के रूप में दे दी है। दूसरी किस्त भी आयु के आधार पर दे रखी है, लेकिन परिवहन पेंशनरों को कुछ भी नहीं दिया गया है, यही उनकी सबसे बड़ी पीड़ा है। अजमेर ने मांग की है कि पेंशन से संबंधित वित्तीय लाभ फौरन दिए जाएं और उच्च न्यायालय के फैसले के मुताबिक उन्हें जो लाभ मिलने हैं, उनका भी शीघ्र निपटारा किया जाए। अगर 31 मई तक सभी तरह के वित्तीय लाभ उन्हें नहीं दिए तो पेंशनर्स चुनावों में भी सरकार का विरोध करेंगे।

इस मौके पर उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सचिव नंदलाल, बलवीर चौधरी, शेर सिंह ठाकुर, संत राम, ठाकुर, प्रेम ठाकुर, रामलाल, बलदेव, रघुनाथ, सुखदेव, भाग सिंह, हरनाम, सुरेंद्र सहित तकरीबन 105 सदस्यों ने हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

### एक मुश्त किया जाए संशोधित बकाया राशि का भुगतान : संघ

**नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, खंड इकाई नादौन की मासिक बैठक खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू में हुई। खंड महासचिव जगदीश चन्द शर्मा (सासन)ने उपस्थित सदस्यों को खंड इकाई की गतिविधियों की जानकारी दी गई। चर्चा में भाग लेने वालों में जिला प्रधान केसी गौतम, मख्य संगठन सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा, सलाहकार अवनीश कुमार, सुरेश कुमार, ओम प्रकाश, अमरनाथ शर्मा आदि प्रमुख रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया गया कि पेंशनरों को मिलने वाले सभी देय आर्थिक लाभ विशेषकर पहली जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युनिकेशन की संशोधित बकाया राशि का भुगतान भी एकमुश्त दिए जाए।

### ताल स्कूल में कचरा प्रबंधन और ऊर्जा संरक्षण विषय पर कार्यशाला

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल में ऊर्जा संरक्षण व इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में विज्ञान अध्यापिका ने सभी उपस्थित सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक कचरे से होने वाली बीमारियों, ऊर्जा संरक्षण व कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यशाला में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने भी जल प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन व स्कूलों में संचालित होने वाले विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों पर विशेष जानकारी दी।

### भोरंज संयुक्त कार्यालय परिसर में लगेगा रक्तदान शिविर

**भरेड़ी।** रेडक्रास दिवस 8 मई के मनाया जाएगा। यह जानकारी भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने बताया कि उपायुक्त एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी के आदेश पर संयुक्त कार्यालय परिसर भोरंज में रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए खंड चिकित्साधिकारी भोरंज को ब्लड बैंक टीम गठित करने को कहा गया है। उन्होंने युवाओं तथा रक्तदान करने वाले लोगों से आह्वान किया कि वह इस दिन भोरंज में आकर एक समाजसेवक के रूप में रक्तदान करें। रक्तदान से किसी के जीवन को नया रूप दिया जा सकता है।

### सर्वमंगल सभा धनेटा अध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**नादौन।** समाजिक संस्था सर्वमंगल सभा धनेटा के अध्यक्ष हरिचंद लखनपाल का निधन हो गया है। उनके निधन पर सभा के महासचिव पीडी शर्मा, मुख्य संरक्षक चन्द्र प्रकाश नंदा, संरक्षक भरत भूषण कपिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, शक्ति चंद शर्मा, योग राज शर्मा, विधि चंद शास्त्री, रमेश चंद, ठाकुर किशन चंद व संजय शर्मा शोक प्रकट करते हुए कहा कि सभा को लखनपाल के निधन से अपूर्ण क्षति पहुंची है। सभा ने भगवान से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति दे तथा शोकाकुल परिवार को इस सदमें को सहन करने की क्षमता दे।

### शोक समाचार

**भोटा** प्रेस क्लब के सचिव एवं दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार निवासी नाहलवीं महेंद्र कुमार का लंबी बीमारी के पश्चात सोमवार शाम निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे मंगलवार को उनका दाह संस्कार पैतृक गांव नाहलवीं श्मशान घाट पर कर दिया गया। उनके निधन पर क्लब के प्रधान संतोष पठानिया, सुरेश कुमार, रमन कुमार, राज कुमार, देश राज शर्मा, अनिरुद्ध डोगरा ने गहरा दुख प्रकट किया है तथा परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# विपक्षी गठबंधन के समर्थन में उतरी सीटू, राजेंद्र राणा पर बोला हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विपक्षी गठबंधन से संबंधित सीटू ने सुजानपुर में मंगलवार को सैंकड़ों मजदूरों ने आम सभा की ओर भाजपा को हराने का संकल्प लिया। श्रमिक कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह आम सभा सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई।

हिमाचल भवन एवं सड़क निर्माण यूनियन के राज्य अध्यक्ष जोगिंद्र कुमार जिला सचिव रंजन शर्मा व पोल्यूसन बोर्ड के डायरेक्टर अरुण ठाकुर ने संबोधित किया। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने मजदूरों की सुरक्षा के लिए बने सभी श्रम कानून खत्म कर चार नए लेबर कोड बनाये जो मजदूरों को बंदुआ मजदूरी की तरफ लें जायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश में तानाशाही को थोप रहे हैं जिससे लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है।

उन्होंने बागी विधायकों पर भी जम कर हमला बोला। ये लोकतंत्र के लिए ख़तरा हैं, प्रदेश की जनता इनको माफ़ नहीं करेगी। इस दौरान नरदेव कंवर ने कहा कि प्रदेश के निर्माण मजदूरों को उनके अधिकारों को सुनिश्चित करेंगे और पूर्व सरकार द्वारा पैदा की गई अड़चनों को दूर करेंगे।

उन्होंने कहा सुजानपुर पहले भी ऐसे लोगों के द्वारा ठगा गया था अब ये फिर आ गये हैं। ये हमीरपुर स्वाभिमान की लड़ाई है। इन बाग़ियों को जनता सबक़ सिखा के यहां से विदा करेगी। कांग्रेस नेता विनय शर्मा विवेक कटोच और डॉ हर्ष कलिया भी उपस्थित रहे।


विपक्षी गठबंधन से संबंधित सीटू आम सभा में मौजूद गणमान्य।

# भाजपा प्रत्याशी अपने गिरेबान में झांकें फिर सीएम पर कीचड़ उछालें : चंदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


कांग्रेस मीडिया प्रदेश अध्यक्ष चंदन राणा प्रेस वार्ता करते हुए।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे राजनीतिक दल एक दूसरे के ऊपर जुबानी हमला लगातार बोलते नजर आ रहे हैं।

इसी कड़ी में यूथ कांग्रेस मीडिया प्रदेश अध्यक्ष चंदन राणा ने पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रत्याशियों सहित भाजपा पर निशाना चाहते हुए कहा कि आज जो भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस सरकार और सीएम पर कीचड़ उछाल रहे हैं वे बताएं कि जब वे कांग्रेस पार्टी में थे तो पूर्व मुख्यमंत्री जयराम पर अग्निवीर जैसी योजनाओं पर निशाना साधते रहे। पर आज दल बदलने के बाद उन योजनाओं पर मुंह बंद कर बैठे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री की बात करें तो वह सुबह का बयान शाम को बदल देते थे। उन्होंने कहा कि अगर हमीरपुर की बात करें तो यही लोग जब कांग्रेस में थे तो रेल लाइन को लेकर बड़े-बड़े सवाल करते थे। हमारा उनसे इस बात पर आग्रह है कि जनता से इस बात पर वोट न मांगें कि मुख्यमंत्री ने हमारा काम नहीं किया सिर्फ मुद्दों पर बात करें। उन्होंने कहा कि भाजपा उपचुनाव प्रत्याशी पहले अपने गिरेबान में झांकें फिर सीएम पर कीचड़ उछालें।

### गारली के नायरा पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को मिलेगी सुविधा


**हमीरपुर।** गारली नायरा पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए एक विशेष ऑफर दिया है। नायरा पेट्रोल पंप के मालिक अक्षय ने बताया कि 1500 रुपए से अधिक 2000 तक यूपीआई करने पर 30 का डिस्काउंट दिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि 2000 से ऊपर यूपीआई करने पर 50 रुपए की छूट ग्राहकों को दी जाएगी।

**कोर्ट** एलडी अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनाई सजा, जुर्माना भी चुकाना होगा

# लापरवाही से गाड़ी चलाने पर 2 वर्ष का कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एलडी अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल बमनोत्रा कोर्ट नंबर एक हमीरपुर ने आरोपी अनिल कुमार पुत्र स्व. हरनाम सिंह, निवासी गांव घुमारवीं डाकघर लगमनवीं को आईपीसी की धारा 279, 337, 338 के तहत अपराध करने के लिए दोषी करार दिया है।

मामले के संक्षिप्त तथ्य यह है कि दिनांक 11 अगस्त 2016 को समय लगभग 6.20 बजे लुद्दर छत्तरकला स्थान पर वाहन संख्या एचपी 01 डी .3816 टाटा सूमो को इतनी तेजी या लापरवाही से चलाया और शिकायतकर्ता के वाहन संख्या एचपी 74.5140 कार को टक्कर मार दी। जिसमें परिवादी एवं अन्य व्यक्तियों को साधारण एवं गंभीर चोटें आई थी। इस मामले की एफआईआर भोरंज थाना में एमवी एक्ट के तहत दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई सहायक जिला अटॉर्नी विशाल दीपक द्वारा करवाई गई व आरोपों को साबित करने के लिए 13 गवाहों की जांच की गई।



मामले की सुनवाई के बाद एलडी कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को आईपीसी की धारा 279, 337, 338 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया और सजा सुनाई है। आईपीसी 279 के तहत 6 माह का साधारण कारावास व एक हजार जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

आईपीसी की धारा 337 के तहत 6 माह का कारावास और 500 रुपए जुर्माना व आईपीसी की धारा 338 के तहत 2 साल का कारावास व एक हजार रुपए जुर्माना, जुर्माना न भरने पर एक माह का साधारण कारावास और भुगतना होगा। यह सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# आग से बाहरी राज्य के मजदूर परिवारों की कई झुग्गियां राख

## लाखों का नुकसान, दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना के समीप लालसिंगी गांव में बाहरी राज्य के मजदूर परिवारों की करीब 50 झुग्गियां आग से जलकर खाक हो गईं। लगी भीषण आग में लाखों का सामान भी स्वाह हो गया। आग उस समय लगी जब अधिकांश मजदूर परिवार काम के लिए गए हुए थे। गनीमत रही कि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

कुछ बच्चे झुग्गियों में थे, जो समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में सौ से ज्यादा मजदूरों की झुग्गियों को बचा लिया गया है। जिला ऊना में पड़ रही भयंकर गर्मी के कारण लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीन दर्जन के करीब झुग्गियां जलकर राख हो गई थीं। इस अग्निकांड में कोई जाने नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन मजदूरों की झुग्गियों में जरूरी सामान जलकर राख हो गया है। कुछ ने बचाकर पैसे रखे थे, तो कुछ बच्चों की पाठ्य पुस्तकें और कपड़े भी आग की भेंट चढ़ गए। लगभग हर वर्ष यहां आग की घटना होती रही है। इसके बाद भी इन परिवारों ने कोई सबक नहीं लिया।

कई परिवारों ने अनाज और अन्य सामान भी रखा था, उनका भी कुछ नहीं बचा है। कुछ बच्चे धूल में अपनी पाठ्य सामग्री को भी तलाश करते देखे गए। प्रशासन की ओर से इन परिवारों के लिए फौरी सहायता की व्यवस्था की जा रही है। दमकल महकमे के अधिकारियों के मुताबिक बाहरी राज्यों के इन मजदूर परिवारों का काफी नुकसान हुआ है, जबकि बहुत नुकसान होने से बचाया गया है। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।


ऊना के लालसिंगी की झुगी-झोपड़ी बस्ती में गर्मी के कारण आग का तांडव हुआ।

### अग्निकांड प्रभावितों की मदद के लिए काम कर रहा प्रशासन

ऊना। ऊना उपमंडल के लालसिंगी में हुए अग्निकांड के प्रभावितों की मदद के लिए उपमंडल प्रशासन पूरी तत्परता से काम कर रहा है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था समेत अन्य सभी आवश्यक सेवाओं के प्रबंध किए गए हैं। यह जानकारी एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान ने दी।

## न्यूज ब्रीफ

### नील गाय से टकराई बाइक, युवक की मौत

**ऊना।** पुलिस थाना हरोली के तहत पेश आए सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान आकाश जसवाल पुत्र राजेश राणा निवासी अप्पर बढ़ेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्रि आकाश जसवाल बाइक पर सवार होकर बढ़ेड़ा शिव मंदिर के समीप से गुजर रहा था। इस दौरान रास्ते में नील गाय आ गई। नील गाय से टकराकर बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने गंभीर घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### वास्तव गर्ग के शानदार प्रदर्शन से हमीरपुर मजबूत

**ऊना।** अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत लीग मुकाबला संतोषगढ़ स्टेडियम में चंबा और हमीरपुर के बीच में आरंभ हुआ। इसमें हमीरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 265 रन बनाए। वास्तव गर्ग और मयंक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 65 और 79 रन बनाए। चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 179 रन बनाए। चंबा के बल्लेबाज अंश ने 26, आर्यन वर्मा ने 48 , लक्ष्य ने 40 रन, जबकि करण नाथ ने 12 रन बनाए। सात्विक ने 4, ओम महादेव, शिवांश कश्यप ने 2, पारस और अश्मित ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। हमीरपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट खोकर 122 रन बनाए, वास्तव गर्ग 78 और अंशुल शर्मा 35 रन बनाकर खेल रहे हैं। मयंक चौहान ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

### कांगड़ा की टीम मजबूत स्थिति में

**ऊना।** जिला स्तरीय अंडर-19 लीग मुकाबले के तहत पेखुबेला स्टेडियम में कांगड़ा का मुकाबला लाहौल-स्पीति से आरंभ हुआ। इसमें कांगड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 316 रन बनाए थे। इसमें सक्षम नंदा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 114 रनों का योगदान दिया। परणय राजपूत और सुजल ठाकुर ने तीन, सुंदरम ने दो और राघव और आर्यन शर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। लाहौल-स्पीति की टीम ने अपनी पहली पारी में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए मात्र 116 रन बनाए, श्लोक अवस्थी ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।कांगड़ा के गेंदबाज अगम केहलो अपने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच खिलाड़ियों को पवेलियन पहुंचाया। कांगड़ा की टीम ने लाहौल-स्पीति को दूसरी पारी में फॉलोआन खेलने पर मजबूर कर दिया। दूसरी पारी में लाहौल-स्पीति ने खेलते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट खोखर 101 रन बना लिए हैं।

### कुटलैहड़ भाजपा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन कल


राजेंद्र मलांगढ़, चिरणजीत शर्मा।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा एवं महामंत्री राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो 9 मई को केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एवं राज्य भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में अपना नामांकन दर्ज करवाएंगे। वहीं, अनुराग सिंह ठाकुर एवं डॉ. राजीव बिंदल बंगाणा मुख्यालय पर बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। अ9 मई को कुटलैहड़ भाजपा का पन्ना प्रमुख यानी त्रिदेव समेलन भी बंगाणा में रखा गया है। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और राज्य भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पन्ना प्रमुख समेलन को संबोधित करके भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स देंगे।

### अमितोज के नए गाने 'करिश्मा' का ट्रेलर रिलीज



**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल के सिंगर अमितोज मनकोटिया ने अपने नए गाने 'करिश्मा' का ट्रेलर मंगलवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया। गाने के ट्रेलर को देखकर लोगों में गाने के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बताते चलें कि अमितोज कोटला बेहड़ के रहने वाले हैं ओर गाने का ट्रेलर रिलीज होने के बाद उनके गांव वाले भी उनकी तारीफ कर रहे हैं। अमितोज ने सभी साथियों का धन्यवाद किया।

# कुटलैहड़ व गगरेट विस में नामांकन के पहले दिन किसी उम्मीदवार ने दाखिल नहीं किया परचा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कुटलैहड़ व गगरेट विधानसभा क्षेत्र में नामांकन के पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना परचा दाखिल नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि चुनाव के लिए उम्मीदवार 14 मई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। उन्हें संबंधित निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम के पास नामांकन पत्र जमा होंगे। किसी कारणवश संबंधित निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम के मौजूद न रहने पर उम्मीदवार संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार के पास नामांकन पत्र जमा करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7 मई को जिले की दोनों विधानसभा सीटों कुटलैहड़ और गगरेट के लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र अब 8, 9, 10 और 13 व 14 मई को कार्य दिवस पर प्रात: 11 से सायं 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। 11 और 12 को अवकाश के चलते नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे।

15 मई को नामांकनों की छंटनी की जाएगी। 17 मई को 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। पहली जून को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा और 4 जून को मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुटलैहड़ व गगरेट विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करवाने होंगे। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित राशि को सीधे नकद या फिर चालान के जरिये जमा कराया जा सकता है।

### गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल की बेटियां छाईं

**गोंदपुर बनेहड़ा।** उपमंडल गगरेट के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के दसवीं के छात्र शेरी ठाकुर ने 700 में से 681 अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम हासिल किया, वहीं श्रेया ने 677 अंक स्कूल में दूसरा स्थान तो वंशिका ने 640 अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल की प्रिंसिपल सरला ठाकुर ने छात्रों, अभिभावकों ओर उनके अध्यापकों को बधाई दी। प्रिंसिपल ने बताया कि गोंदपुर बनेहड़ा का दसवीं कक्षा का परिणाम सरहानीय रहा।


शेरी ठाकुर श्रेया वंशिका

### लार्ड कृष्णा स्कूल का परिणाम सराहनीय

**ऊना।** लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल कोटलाकलां ऊना का दसवीं कक्षा का परिणाम सराहनीय रहा है। इस स्कूल के दस छात्रों ने 85 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। स्कूल की छात्राओं ने कक्षा में पांच टॉप स्थान हासिल किए हैं।

इनमें सिमरन सैणी पुत्री लेख राज ने 700 में से 672 अंक, स्नेहा पुत्री अशोक कुमार ने 669 अंक, दिव्यांशी सैणी पुत्री अश्वनी कुमार ने 668, ज्योति पुत्री सुरेश कुमार ने 654, सिमरन पुत्री रमेश चंद ने भी 654, पलविंद्र पुत्र सुखविंद्र ने 645, महक पुत्री दिनेश कुमार ने 632, आदित्य पुत्र इंद्रपाल ने 617, बरिंदा पुत्री बलवंत कुमार ने 613, जबकि अश्मित सैणी पुत्र हीरा लाल ने 602 अंक प्राप्त किए हैं। सभी छात्रों ने इस प्रदर्शन के लिए माता-पिता के अलावा अध्यापकों को श्रेय दिया है। स्कूल के प्रबंधक शिव कुमार सैणी ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

# पायल ने कड़ी मेहनत से हासिल की प्रदेश में टॉप टेन में जगह


पायल को मिठाई खिलाकर बधाई देता स्कूल स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

शिवालिक पब्लिक स्कूल बीहड़ू की छात्रा पायल ने 10वीं कक्षा में 700 में से 690 अंक प्राप्त कर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। छात्रा की इस उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन और लड़की के अभिभावक काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

पायल के टॉप करने की खुशी में स्कूल प्रबंधन ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और पायल को अगामी जीवन के लिए बधाई दी। आपको बता दें कि पायल गांव कुसयाला परोईयां के रहने वाली हैं। पायल के पिता का नाम चंचल सिंह और माता का नाम सरंजना देवीहै। पायल एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। पायल के पिता मिठाई की दुकान करते हैं। पायल ने बताया कि पायल काफी समय तक अध्ययन करती थीं जिस कारण उसे यह उपलब्धि हासिल हुई है।

पायल भविष्य में अध्यापक बन कर अपनी सेवाएं समाज को देना चाहती है। अभी ग्यारवीं कक्षा में पायल नॉन मेडिकल पढ़ रही है। पायल ने यह भी बताया कि इस उपलब्धि के पीछे उसके स्कूल अध्यापकों और माता पिता का बहुत सहयोग रहा है। वहीं, स्कूल प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि स्कूलका परिणाम काफी अच्छा रहा है।

### मुबारिकपुर स्कूल के छात्र ने लिए 97.28 प्रतिशत अंक

**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर का दसवीं कक्षा का परिणाम 75 प्रतिशत रहा। स्कूल प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई दसवीं कक्षा की परीक्षा में स्कूल से कुल 89 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 67 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो कि कुल छात्रों की संख्या का 75 प्रतिशत है।

प्रधानाचार्य ने कहा कि विवेक कुमार ने 97.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान, रिजू जसवाल 95.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान व निहारिका डढवाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया । प्रधानाचार्य ने परीक्षा परिणाम में अव्वल रहे विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# हटली स्कूल की तनवी शर्मा ने झटके दसवीं में 684 अंक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली स्कूल की छात्रा तनबी शर्मा ने दसवीं में 684 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम रही। प्रधानाचार्य भूपिंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि विद्यालय का दसवीं ओर बाहरवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को सफल होने के लिए बधाई दी व तमाम स्टाफ की मेहनत को सराहा।

वहीं, दसवीं कक्षा में हटली स्कूल में पायल कुमारी ने 640 अंक लेकर दूसरा और निशा ने 614 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रवक्ता विवेक शील शर्मा ने बताया कि इसका सारा श्रेय प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ठाकुर को जाता है, जिनके मार्गदर्शन से स्कूल स्टाफ नित दिन कड़ी मेहनत करके स्कूल के शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को कड़ी मेहनत करवाते हैं।

विवेकशील ने कहा कि प्रिंसिपल के अथक प्रयासों से हटली स्कूल के शिक्षा क्षेत्र या फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम या खेलकूद हो। हमेशा जिला और राज्य स्तर पर अपनी धमक छोड़कर हटली स्कूल का नाम रोशन करते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र के हमेशा छठी से लेकर प्लस टू तक सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक प्रथम स्थान पर पासआउट होकर अच्छे संस्कार लेकर घर जाते हैं और यह सब स्कूल प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों का फल है। ज्ञात रहे तनवी शर्मा के पिता का हाल ही में देहांत हुआ है।

### क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर आज

**ऊना।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर 8 मई को जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के कान्फ्रेंस हॉल में प्रात: 9.30 बजे रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल करेंगे।

उपायुक्त ने स्वेच्छा से खूनदान करने वाले लोगों से आह्वान किया है कि 8 मई को ज्यादा से ज्यादा रक्तदाता इस शिविर का हिस्सा बनें ताकि रक्तदान शिविर को सफल बनाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के समस्त सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों से भी रक्तदान शिविर में पहुंचकर अपना सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के माध्यम से एकत्रित किया गया रक्त आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद व्यक्तियों के काम आता है।

# सुक्खू वन मैन आर्मी की तरह करते रहे 14 माह काम : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को जब राज्यसभा में भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई, तब पता चला कि मैं सुक्खू सरकार में उपमुख्यमंत्री हूं। सीएम सुखबिंदर सुक्खू अपने उपमुख्यमंत्री की भी नहीं सुनते है, तो हम कौन और कैसे विधायक 14 माह में रहे होंगे और कितनी जलालत हमने सही होगी। कांग्रेस पार्टी अब डूबता जहाज बन चुकी है और हमने पहले ही ऐसे जहाज से छलांग लगा दी है।

धीरे-धीरे सीएम और डिप्टी सीएम के अगल-बगल में बैठने वाले भी भाजपा के साथ होंगे। ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी ने कुटलैहड़ जन संपर्क अभियान के तहत बूसल में मीडिया से बात करते हुए कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ की महिलाएं आज 1500 रुपए की पहली गारंटी को पूछ रही हैं। किसान सौ रुपए किलो दूध और तीन रुपए किलो गोबर खरीदने की बात कर रहे हैं। कुटलैहड़ के परिवारों को 300 यूनिट बिजली फ्री कब मिलेगी। भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपनी गारंटियों को तो क्या पूरी करनी, बल्कि पूर्व भाजपा सरकार में शुरू की गई योजनाओं को भी बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि आज सुक्खू सरकार का दबालिया निकला हुआ है और कर्ज पर कर्ज लेकर कर्मचारियों को सैलरी दी जा रही है।

भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ में जब सीएम आते हैं, तो भुट्टो को कूटो का नारा देते हैं, जब उपमुख्यमंत्री आते हैं, तो कुटलैहड़ के विधायक को बिकाऊ कहकर सुर्खियां बटोरते हैं, लेकिन उन्हें ज्ञात नहीं कि जिस कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आप भाजपा को बुरा भला कहकर लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं, उस परिवार के विधायक द्वारा 1977 में कुटलैहड़ के साथ खेला हुआ था और कुटलैहड़ की जनता ने ठाकुर रंजीत सिंह पटियाल जैसे विकास पुरुष को मुख्यमंत्री के रूप में खो दिया था।

यह वही परिवार है, जिसने चार पार्टियों से चुनाव लड़े हैं, लेकिन फिर भी 40 वर्ष कांग्रेस पार्टी की सेवा करने का दावा कर रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि बड़े नेताओं को बागी गद्दार जैसे अभद्र शब्द शोभा नहीं देते हैं।


जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ देवेंद्र कुमार भुट्टो।

### प्रदेश सरकार की कोई उपलब्धि नहीं : कृष्ण पाल शर्मा

**जिला** पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि राज्य की सुक्खू सरकार के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल की कोई उपलब्धि नहीं हैं और अब जनता के बीच जाकर कभी उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के प्रति अभद्र भाषा, कभी झूठ की गारंटियों पर गारंटी देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ का उपचुनाव कांग्रेस से नहीं, बल्कि सीधा मुख्यमंत्री से मुकाबला है, क्योंकि मुख्यमंत्री खुद समूर की जनसभा में ये कहकर गए हैं कि कुटलैहड़ से केवल मैं उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ूंगा। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के उपचुनाव में हर जगह भुट्टो-भुट्टो के नाम का डंका बज रहा है और आप सभी के आशीर्वाद से इस बार कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी 15 हजार की ज्यादा बढ़त से जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे।

### गोंदपुर बनेहड़ा गांव में कचरा फेंकने के लिए नहीं है कोई उचित व्यवस्था

# एनएच किनारे कूड़ा फेंकने को मजबूर लोग, बीमारियों के फैलने का सताया डर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

कई दशकों से क्षेत्र के गोंदपुर बनेहड़ा गांव में कचरा फेंकने के लिए कोई भी उचित व्यवस्था नहीं है। इस कारण आज भी यहां के निवासी नेशनल हाईवे के साथ लगती एक पुलिया के नीचे कचरा फेंकने के लिए विवश हैं। इस कचरे कारण राहगीरों को अब इस स्थान से गुजरना मुश्किल हो गया है। कचरे के कारण फैली बदबू से महामारी फैलने का भय उत्पन्न हो चुका है।

बेसहारा गोवंश खाने की तलाश में प्लास्टिक व अन्य हानिकारक चीजों को खाकर गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं।

बता दें कि इस पुलिया के नीचे काफी मात्रा में पानी भी जमा हुआ है, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों और राह चलते राहगीरों सूर्य, विक्की, निशांत, शिवकुमार, संदीप, अमर, अमन, विकास सहित अन्य लोगों ने मांग की है कि लोगों को कूड़ा फेंकने के लिए उचित स्थान की व्यवस्था की जाए और इस स्थान की साफ-सफाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कोई महामारी न फैले। इस संबंध में गोंदपुर बनेहड़ा लोअर की पंचायत प्रधान रविकांता ने बताया कि यह मामला पंचायत के ध्यान में है और जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


एनएच किनारे नाले में लगा कूड़े-कचरे के ढेर में मुंह मारता बेसहारा पशु।

**अभियान** विवेक शर्मा ने ताबड़तोड़ प्रचार के साथ बंगाणा में कांग्रेस कार्यालय का किया उद्घाटन

# डरने की जरूरत नहीं, सुक्खू सरकार पूरे पांच साल चलेगी : विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने मंगलवार को क्षेत्र के तहत चराड़ा गांव में डोर-टू-डोर प्रचार अभियान किया, जहां सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस को अपना वोट देने की बात कही और कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस के पक्ष में उपचुनाव और लोकसभा चुनाव में वोट देने की बात कही। इस उपलक्ष्य पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वहीं, गांव के कुछ लोगों ने अपनी समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाया। कांग्रेस प्रत्याशी ने उनको भरोसा दिलाया कि चुनाव के बाद आपकी समस्याओं का हल किया जाएगा।

कांग्रेस प्रत्याशी ने बंगाणा में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस उपलक्ष्य पर क्षेत्र की आम जनता ने सैकड़ों की तादात में विवेक शर्मा विक्कू के उद्घाटन समारोह पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, साथ ही विवेक ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आग्रह किया कि आपको किसी भी प्रकार के कोई भी जरूरत महसूस होती है तो आप कार्यालय में बैठे व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं और अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए सहयोग मांग सकते हैं।

आपको बता दें कि विवेक शर्मा आज प्रचार अभियान के दौरान तूतड़ू में भाजपा के प्रत्याशी और पूर्व बागी विधायक के घर पर पहुंचे, जहां पर बागी विधायक के पिता ने विक्कू को आशीर्वाद दिया।

विवेक ने कहा कि लोगों से मिलने के बाद पता चल रहा है कि किस प्रकार से पूर्व बागी विधायक ने विधायक बनने के बाद लोगों के अंदर डर का माहौल पैदा किया हुआ था, इसका उदाहरण आज उनके ही गांव में मिला, जहां पर दर्जनों लोगों ने कहा कि हम कुछ नहीं बोलेंगे क्योंकि हमें उस व्यक्ति का डर है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अब आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि सुक्खू की सरकार 5 साल चलेगी और आम जनमानस के लिए कार्य करेगी।


चुनाव प्रचार के दौरान कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ।

### चुनाव के बाद भी सेवार्थ रहेगा पार्टी का कार्यालय

**विवेक** ने कहा कि पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन केवल चुनाव कार्य के लिए ही नहीं, बल्कि चुनाव के बाद भी सेवार्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आज लोग अपने फायदे के लिए लोगों का इस्तेमाल करते हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी सदा ही लोगों के हितों की रक्षा और उनके साथ खड़ी रहती आई है। उन्होंने लोगों को कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### वायरल वीडियो पर स्थिति की स्पष्ट

**कांग्रेस** प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने चराड़ा से हुए वायरल एक वीडियो पर पूछे गए सवाल पर स्थिति स्पष्ट करते हुए बताय कि जिस प्रकार आज बागी विधायक को लोगों के रोष और गुस्से का सामना करना पड़ रहा है, उसकी बोखलाहट उनके चेहरे और जुड़े लोगों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने वायरल वीडियो के बारे मे बात करते हुए कहा कि ये भाजपा प्रत्याशी के कुछ चंद लोगों के इशारे पर उनके गांव में इस तरह की हरकत करने की कोशिश की, जबकि पूरे कुटलैहड़ में उनको विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार कहते हैं कि अगर दुश्मन भी घर आए तो उनके साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए, लेकिन इनको तो बस अपनी फिक्र है।

### मिष्ठान बांटकर मनाया जन्मदिन

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में दसवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान पुत्री जयराम ने अपना जन्मदिन विद्यालय में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को मिष्ठान वितरित करके मनाया।



इस बेटी को जन्मदिन के अवसर पर अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य, अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य, बलबंत सिंह प्रवक्ता व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण शर्मा प्रवक्ता व स्टॉफ सचिव, अंबिका रानी प्रवक्ता व महिला एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, सतीश कुमार प्रवक्ता, राकेश धीमान प्रवक्ता, राजीव डोगरा प्रवक्ता, मनिंद्र कुमार प्रवक्ता, मनोज कुमार प्रवक्ता, राकेश कुमार प्रवक्ता, धीरज कतना प्रवक्ता व समस्त स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने हार्दिक बधाई प्रदान की।

# राकेश कालिया के साथ पंडित राम लुभाया भी राकेश कालिया के समर्थन में उतरे

**सन्नी पुरी, गगरेट**

राजनीति में कोई स्थायी शत्रु नहीं तो कोई स्थायी मित्र नहीं होता। विधानसभा क्षेत्र गगरेट में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में बनते-बिगड़ते समीकरण इसकी गवाही भरते नजर आ रहे हैं। इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया के मैदान में आने के बाद कभी राकेश कालिया के साथ छत्तीस का आंकड़ा रखने वाले और टिकट आवंटन से पहले उनका धुर विरोध करने वाले भी धीरे-धीरे राकेश कालिया की सरपरस्ती को कबूल करते प्रतीत हो रहे हैं।

इसी कड़ी में अब नया नाम वयोवृद्ध कांग्रेस नेता पंडित राम लुभाया का जुड़ा है। उपचुनाव में पंडित राम लुभाया का साथ मांगने गए कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया का न सिर्फ पंडित राम लुभाया ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया बल्कि शाल व टोपी पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया। दरअसल कांग्रेस के एक खेमे के राकेश कालिया के साथ दूरियों के बीज वर्ष 2012 में ही बोए गए थे।

उस समय विधानसभा क्षेत्र गगरेट के अनारक्षित श्रेणी में आते ही कुछ स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय व्यक्ति को पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने का झंडा बुलंद कर डाला। उस समय भी अट्ठाइस के करीब कांग्रेस नेता एक बैनर तले जुटे और कांग्रेस टिकट के लिए आवाज बुलंद कर दी थी। उस समय भी राकेश कालिया कांग्रेस टिकट पाने में कामयाब रहे। (अनंत ज्ञान)


राकेश कालिया और पंडित राम लुभाया मंत्रणा करते हुए।

‘तुम्हें अंदर से बाहर की तरफ विकसित होना है। कोई तुम्हें पढ़ा नहीं सकता, कोई तुम्हें आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुम्हारी आत्मा के अलावा कोई गुरु नहीं है। –स्वामी विवेकानंद



## संपादकीय

# भ्रष्टतंत्र का तिलिस्म

भ्रष्टतंत्र से पैसा इकट्ठा करना अब नेताओं की फितरत बन गया है। झारखंड में पैसों का पहाड़ मिलना इस बात का द्योतक है। सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम ने गिरफ्तार कर 35 करोड़ 23 लाख रुपए बरामद किए हैं। इतनी बड़ी रकम की बरामदगी के बाद अब मंत्री आलमगीर मुश्किल में फंस गए हैं। ईडी इस रकम का हिसाब जरूर पूछेगी। उन्हें समन जारी किया जा सकता है। सवाल यह है कि ईडी के पास आया इतना पैसा आखिर जाता कहां है? अमूमन ईडी जब भी कार्रवाई करती है तो उसे भारी मात्रा में कैश मिल ही जाता है, जिसे जांच एजेंसी अपने पास नहीं रख सकती। नियम कहता है कि जब भी ईडी को कैश मिलता है तो सबसे पहले यह एजेंसी आरोपी से इससे जुड़े सवाल-जवाब करती है। अगर वह पैसा आने का सोर्स बताता है तो उसे साबित भी करना पड़ता है।

सबूत न दे पाने की स्थिति में एजेंसी उस रकम को जब्त कर लेती है। इस कार्रवाई के दौरान यदि अभियुक्त को दोषी ठहराया जाता है तो राशि वापस नहीं मिलती है और केंद्र सरकार को ट्रांसफर कर दी जाती है। यदि आरोपी बरी हो जाता है तो पूरी रकम उसे वापस मिल जाती है। इस तरह कार्रवाई के बाद अभियुक्त को दोषमुक्त होने का मौका दिया जाता है, लेकिन ऐसा न होने पर रकम केंद्र सरकार के खजाने में ट्रांसफर कर दी जाती है। नौकर जहांगीर आलम ने प्रारंभिक पूछताछ में कबूल किया है कि वह कमीशन और रिश्वत से जुटाई रकम का केयरटेकर था, जिसकी एवज में उसे महीने के करीब 15 हजार रुपए मिलते थे। जाहिर है यह साजिश सुनियोजित षड्यंत्र के साथ रची जा रही थी।

चुनावी माहौल में इस घटनाक्रम की चर्चा पूरे देश में हो रही है। भारत में भ्रष्टाचार दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार मुख्य रूप से महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए होता है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि आज भ्रष्टाचार एक सर्वव्यापी रोग बन गया है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों धर्म, राजनीति, शिक्षा, व्यापार, चिकित्सा, न्यायतंत्र, शासनतंत्र, अर्थव्यवस्था आदि जगहों पर दिखाई देता है। भ्रष्टाचार किसी भी रूप में किया जा सकता है। चाहे अनैतिक रूप से कमाया हुआ धन, अनैतिक रूप से किया हुआ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक शोषण, ये सभी भ्रष्टाचार को प्रदर्शित करते हैं। सबसे पहले एक बुरे आचरण से भ्रष्टाचार की शुरुआत होती है जो कि व्यक्ति को निरंतर इस ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

लालच और लोभ में व्यक्ति अंधा होकर अपनी आवश्यकताओं और महत्वकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भ्रष्टाचार रूपी कांटों भरा मार्ग अपनाता है। यदि हम वर्तमान परिप्रेक्ष में देखें तो पाएंगे कि आज व्यक्ति को अपनी तमाम आवश्यकताओं और महत्वाकाक्षांओं को पूरा करने के लिए भ्रष्टाचार ही सबसे सरल और अच्छा माध्यम नजर आता है। यही वजह है कि व्यक्ति रातोंरात अमीर होने के चक्कर में जल्दी-जल्दी अपनी मंजिल प्राप्त करने के स्वप्न देखता है, जिसके फलस्वरूप वह भ्रष्टाचार के दलदल में फंसता ही जाता है। यह भी सत्य है कि आज नौकरशाही और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय बन गए हैं। राजनीतिज्ञों के लिए भ्रष्टाचार जनसेवा के नाम पर धंधा बन गया है और पूंजीपतियों के लिए व्यापार का एक अभिन्न अंग। कुल मिलाकर सामाजिक बुराइयों के सम्मिश्रण के रूप में भ्रष्टाचार हमारी तमाम सामाजिक व्यवस्थाओं को पंगु बना रहा है। देश में भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए हम सबको सौगंध लेनी होगी, क्योंकि जब तक जनभागीदारी नहीं है तब तक चाहे जितनी मर्जी योजनाएं बना लो, उनको अमलीजामा नहीं पहनाया जा सकता है। भ्रष्टाचार रूपी नामुराद बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकना समय की मांग है, वरना लालची इंसान देश के विकास पर ग्रहण लगा देंगे। ■

# संस्कृति व परंपराएं ‘हमारी धरोहर'



लेखक : हंसराज ठाकुर
लेक्चरर फिजिक्स, सुंदरनगर

हमारे देश व प्रदेश की देवभूमि अपनी विविध संस्कृति व अनूठी परंपराओं के लिए विश्व विख्यात है। ‘हिम के आंचल' से जाना जाने वाला यह हिमाचल प्रदेश ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रहा है। यहां की आवोहवा व निर्मल जल, दैवीय गुणों से युक्त है। ‘प्रकृति में विकृति' मानवीय सोच की उपज मात्र है।

हिंदू संस्कृति पूर्णतया वैज्ञानिक तथ्यों से परिपूर्ण है। उदाहरणतया, जब हम बचपन से ही अपने अग्रजों का अभिवादन दोनों हाथ जोड़कर या दोनों हाथों से उनके चरण स्पर्श करके करते हैं, हमारे शरीर की ऊर्जा का संचालन (बाह्य व अंतरगमन) हमारे शीश, दोनों हाथों व पैरों की उंगलियों के माध्यम से होता है। जब मन में खुशी या सकारात्मक विचारों का संचरण होता है तो हमारे शरीर से धनात्मक ऊर्जा का संचरण होता है।

अग्रजों के अभिवादन के समय उनके प्रति आदर स्वरूप हमारे शरीर से भी धनात्मक ऊर्जा का संचरण होता है। अग्रजों के चरणों से उत्सर्जित ऊर्जा हमारे हाथों के माध्यम से व हमारे शीर्ष पर हाथ रखकर अग्रजों की धनात्मक या ऋणात्मक ऊर्जा, हमारे शरीर में प्रवेश करती है। किसी अपरिचित का अभिवादन हम दोनों हाथ जोड़कर दूर से नमन करते हैं और अपने शरीर की धनात्मक ऊर्जा अपने ही शरीर में संग्रहित रखते हैं। वहीं, दूसरी ओर पाश्चात्य संस्कृति में हाथ मिलाकर हमारी धनात्मक ऊर्जा उनके शरीर में और उनकी ऊर्जा हमारे शरीर में स्थानांतरित होती हैं। यदि सामने वाला आपके प्रति अच्छी सोच नहीं रखता है तो उसकी ऋणात्मक ऊर्जा हमारे शरीर में व हमारी धनात्मक ऊर्जा उसकी शरीर में प्रवेश कर जाती है।

हमारा सिर, हाथ व पैरों की अंगुलियां आकाशी तार का काम करते हैं, इसीलिए हमारी संस्कृति व परंपराएं आज पूरा विश्व अपनाना चाहता है। हिमाचलियों की संस्कृति अभी भी विलक्षण है, मगर धीरे-धीरे आधुनिकता की होड़ में अपना अस्तित्व भी खोती जा रही है।

बेशक परिवर्तन समय के साथ-साथ समाज का भी नियम हैमगर ऐसे परिवर्तन किस काम के हमें, हम से ही दूर ले जाएं। हमारे प्रदेश की संस्कृति में धीरे-धीरे दिखावा व छलावा शामिल होता जा रहा है। वर्तमान में हिमाचल भी समृद्ध संस्कृति व परंपराओं से कहीं दूर तथाकथित आधुनिकता की ओर आकर्षित हो रहा है। कुछ बुद्धिजीवी अपने प्रभुत्व के हिसाब से पुराणिक संस्कृति व परंपराओं को किन्ही कारणों से आधुनिकता प्रदान करने में जुटे हैं, मगर समायावधि के बाद, जब प्रकृति के साथ हुए इंसानी छेड़छाड़ की तरह संस्कृति व परंपराओं से खिलवाड़ का महत्व जानेंगे तो संभलने के लिए शायद ज्यादा समय न बचा हो।

आज का आधुनिक मानव खुद ही अपनी सांस्कृतिक विरासत बदलने पर उतारू हो गया लगता है। हमारी देव व ऋषि मुनियों की संस्कृति शिक्षा के नाम पर मात्र कागजी डिग्रियां बांटने में विश्वास नहीं करती थी, बल्कि जब तक शिक्षार्थी उनकी पारखी नजरों में शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों में परिपकव नहीं हो जाता था, उसे शिक्षार्थी बनकर रहना पड़ता था। यह बिडंबना ही है कि आज पाश्चात्य देशों की तरह हमारे देश व प्रदेश में भी बुजुर्ग माता-पिता को बेसहारा पशुओं की तरह बेघर करने के किस्से सुनने को अक्सर मिलने लगे हैं। क्यों हमारी पुरातन संस्कृति व परंपराएं विलीन होने लगी हैं? कौन दोषी है, इस विक्षिप्त मानशिकता का?

रिश्तों का महत्व क्षीण क्यों होता जा रहा है? ऐसे अनेक यक्ष प्रश्न आज समाज के समक्ष प्रस्तुत हैं, मगर किसी के जहन में उत्तर क्यों नहीं सूझ रहा है? अभी भी समय शेष है कि अपनी संस्कृति व परंपराओं को संजोया जा सकता है। यदि वर्तमान सोच के जनमदाता व संरक्षणकर्ता पारंपरिक धरोहर के वशीभूत होकर सजग हो जाएं। ‘हमारी धरोहर' यह संस्कृति व परंपराएं ही हैं, जिन्हें सहेजना हर सरकार व प्रत्येक जन का मूलभूत कर्तव्य है।

वहीं, दूसरी तरफ हमारी युवा पीढ़ियां पाश्चात्यकरण की तरफ बढ़ रही हैं। हिमाचल का हर जिला, हर कस्बा अपने परिवेश, जलवायु, भाषा की विविधताव स्थानीय मेले व त्योहारों के लिए जाना जाता है। प्राचीन काल से ही मेले व त्योहार हमारी संस्कृति में आपसीसदभाव, प्रेम, मिलन व भाईचारे के प्रतीक रहे हैं, साथ ही साथ व्यापार के मुख्य साधन भी, मगर आज नई पीढ़ी इन सब परंपराओं से दूर होती जा रही है। मनुष्य एकाकी जीवन की ओर बढ़ रहा है।

घर बैठे ही ऑनलाइन खरीददारी करना चाहता है। इसके जहां कुछ फायदे हैं तो नुकसान भी हैं। मेलों के माध्यम से आजीविका कमाने वाले व स्थानीय बाजारों में सैकड़ों छोटे व्यापारियों के कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सामाजिक संपर्क व जान-पहचान दिन-प्रतिदिन घट रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को तरजीह नहीं दी जाती?

हमारे मेले, त्योहार तथाकथित आधुनिकता की आड़ में विलुप्तता की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। हमें इस ओर भी ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारी सांस्कृतिक धरोहर इन्हीं मेले व स्थानीय परंपराओं के माध्यम से युवा पीढ़ी तक पहुंचती है, वरना यह सब चीजें आज गिने-चुने विद्वान व कलाकारों तक ही सीमित होकर रह गई है और भविष्य में समाज के अंदर एक अद्भुत सूनापन भी आ सकता है। कितनी सही बात है कि एक समय था जब घड़ी किसी-किसी के पास हुआ करती थीं, मगर समय गांव, शहर, कस्बे के हर इंसान के पास होता था। आज घड़ी सभी के पास है, मगर समय किसी भी इंसान के पास नहीं है। हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है, क्या धीरे- धीरे हम अपनी पहचान खोते जा रहे हैं? स्थानीय भाषा व संस्कृति हमें अपनी जीवन परंपराओं में शामिल करनी होगी व इसे भविष्य में ले जाने के लिए सामूहिक तौर पर सामाजिक प्रयास करने होंग।

हमारी समृद्ध सांस्कृतिक संस्कृति के तहत वे सभी पक्ष या मूल्य जो हमारी अगली पीढ़ी को पूर्वजों द्वारा हस्तांतरित किए जाते हैं, जैसे हमारी वस्तुकला संबंधी रचनाएं, स्मारक, बौद्धिक उपलब्धियां, ज्ञान के ग्रंथ, वैज्ञानिक खोज व आविष्कार हमारी संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत के पहलु हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नर्सिंग पेशे का योगदान अतुलनीय



लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बिना नर्सों के समूचा चिकित्सा तंत्र अधूरा है, क्योंकि वे अस्पतालों की रीढ़ होती हैं। वे अपने कर्तव्य, समर्पण और प्रतिबद्धता से चिकित्सीय पेशे का संचालन करती हैं। सालाना 6 मई को ‘राष्ट्रीय नर्स दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नर्सिंग की संस्थापिका फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रीय नर्स दिवस ऐसा दिन है, जो नर्सों के योगदान और उनकी कड़ी मेहनत का सम्मान और जश्न मनाने के लिए होता है। वैसे इस दिवस को पूरे एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है, यानी 6 से 12 मई तक।

गौरतलब है कि यह पेशा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारियों को रोकने और विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों की देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नर्सें देश के विभिन्न अस्पतालों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में काम करती हैं। दवाइयां देने, मरीजों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करने, मरीजों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और मरीजों की देखभाल के बारे में अन्य स्वास्थ्य देखभाल और संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

सामान्य दिनों के मुकाबले कोविड काल में पूरे संसार ने नर्सों के योगदान को करीब से देखा था। वह ऐसा वक्त जब संक्रमितों के नजदीक जाने मात्र से लोग कतराते थे। तब, नर्सें ही मरीजों की देखरेख में लगी थीं। नर्सिंग क्षेत्र के योगदान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और उनके समकक्ष स्वास्थ्य संगठनों ने हेल्थ कर्मियों पर अधिक निवेश करने की वकालत की है। वैश्विक स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल में एक तिहाई आबादी नर्सों की होती है, इसलिए तकरीबन पूरा का पूरा हेल्थ सिस्टम उन्हीं के कंधों पर टिका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## जान पच्छान



डॉक्टर जय महलवाल, गांव वेकल
तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर

*आए नेड़े बच्चयां रे इम्तहान,*
*लगे बढ़ाने हुण गुरुआं ने जान*
*पच्छाण, पहले जे गुरु कुछ बोलां थे*
*ता बहसने जो हुई रेयां थे तयार,*
*इम्तहान क्या आए नेड़े, हुण लगया*
*आऊंने गुरुआं पर बड़ा प्यार,*
*सारा साल ता पढ़े नी, खेलियां गेमां*
*मोबाइला पर सटासट, हुण इम्ताहना*
*रे टाइम लगे पढ़ने फटाफट,*
*हुण जे कुछ समझ नी आए, ता गूगल*
*चाचे ते पूछा ए समस्या रा हल,*
*एडा बोलाएं खरे हुई जाओ पेपर,*
*ने ठीक मिली जाओ असां जो फल,*
*लगे लगाने मम्मी पप्पे जो हुण*
*मस्का, नेट पैक लगाई देवो, गेमा रा*
*नी असा जो आ हुण पढ़ाईआ रा*
*चस्का, लगे दोस्तां दो बोलने हुण,*
*करी दे आरा तू ही कुछ मदाद, जे*
*पेपर ठीक नी हुए, ता घरां च हुई*
*जाना दंगा फसाद, ठीक गलांदे थे*
*गुरुजी, थोड़ा-थोड़ा ई पढ़ी करा चाहे*
*बच्चेयों, से जे रोज पढ़ाएं स्कूलां,*
*कॉलेजां, बेड़ा पार ताएं ए हूना,*
*जे सोची समझी ने बदलगे किताबां*
*रेयां पेजा, खूब सारा पढ़ो, ते करो*
*अपना बेड़ा हुण पार,*
*इम्तहाना ते नी लगना डर, हुई जानी*
*फेरी तुहाड़ी जय-जय कार।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वामी चिन्मयानंद एक महान प्रवक्ता

**स्वामी** चिन्मयानंद का जन्म 8 मई, 1916 को दक्षिण भारत के केरल प्रांत में एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। वह हिंदू धर्म और संस्कृति के मूलभूत सिद्धांत वेदांत दर्शन के एक महान प्रवक्ता थे। उन्होंने सारे भारत में भ्रमण करते हुए देखा कि देश में धर्म संबंधी अनेक भ्रांतियां फैली हैं। उनका निवारण कर शुद्ध धर्म की स्थापना करने के लिए उन्होंने गीता ज्ञान-यज्ञ प्रारंभ किया और 1953 ई. में चिन्मय मिशन की स्थापना की। स्वामी जी के प्रवचन बड़े ही तर्कसंगत और प्रेरणादायी होते थे। उन्होंने सैकड़ों संन्यासी और ब्रह्मचारी प्रशिक्षित किए। हजारों स्वाध्याय मंडल स्थापित किए। बहुत से सामाजिक सेवा के कार्य प्रारंभ किए, जैसे विद्यालय, अस्पताल आदि। स्वामी जी ने उपनिषद्, गीता आदि शंकराचार्य के 35 से अधिक ग्रंथों पर व्याख्याएं लिखीं। गीता पर लिखा उनका भाष्य सर्वोत्तम माना जाता है। उनके बचपन का नाम बालकृष्ण था। लखनऊ विश्वविद्यालय की पढ़ाई समाप्त करने के बाद बालकृष्ण ने पत्रकारिता का कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 1948 में बालकृष्ण ऋषिकेश में स्वामी शिवानंद के आश्रम में जा पहुंचे। वहां वे स्वामी जी की स्वीकृति से अन्य आश्रमवासियों के साथ रहने लगे। इसी समय वह स्वामी शिवानंद जी से प्रभावित हुए और उनसे संन्यास की दीक्षा ले ली। अब उनका नाम स्वामी चिन्मयानंद हो गया। स्वामी चिन्मयानंद जी ने अपना भौतिक शरीर 3 अगस्त, 1993 ई. को अमेरिका के सेन डियागो नगर में त्याग दिया।



स्वामी चिन्मयानंद
जन्म : 8 मई, 1916
मृत्यु : 3 अगस्त, 1993

# पर्यावरण संरक्षण में मीडिया की भागीदारी पर चिंतन



लेखिका : डॉ. सोनिया गुप्ता
सहायक प्रोफेसर, चंडीगढ़

पर्यावरण लोगों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। मानवीय हस्तक्षेप के कारण हर किसी पर किसी न किसी तरह से इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समाचारों, कार्यक्रमों, आयोजनों और बहसों के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने के संदर्भ में पर्यावरण संबंधी मुद्दों को संबोधित करना महत्वपूर्ण है। दुनिया की जानी मानी संस्था ऑक्सफैम का कहना है कि पर्यावरण में हो रहे बदलावों के कारण ऐसी भुखमरी फैल सकती है, जो इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी साबित होगी। इस अंतरराष्ट्रीय चैरिटी संस्था की नई रिपोर्ट के अनुसार पर्यावरण में बदलाव गरीबी और विकास से जुड़े हर मुद्दे पर प्रभाव डाल रहा है। पर्यावरण मानव जीवन के लिए बहुत महत्व रखता है। पर्यावरण पर सिर्फ मनुष्य ही आश्रित नहीं है, बल्कि सभी जीव-जंतु, पेड़-पौधे, प्राकृतिक वनस्पतियां आदि सभी निर्भर हैं, जो हमारे चारों ओर विद्धमान हैं, वही पर्यावरण है।

पर्यावरण के बिना जीवन-यापन कारण असंभव है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 19 नवंबर, 1986 को लागू हुआ था। इस अधिनियम का उद्देश्य मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के निर्णयों को लागू करना था। 2023 में एशियाई महाद्वीप दुनिया का सबसे अधिक आपदा प्रवण क्षेत्र था। बाढ़ और तूफान के कारण एशिया में सबसे अधिक मौतें और आर्थिक नुकसान हुआ। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा 23 अप्रैल को बैंकॉक में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, हीटवेव का प्रभाव अधिक गंभीर हो गया है।

इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का विषय या थीम भूमि पुनर्स्थापन मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन है। मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अनुसार, दुनिया की लगभग 40 प्रतिशत भूमि वर्तमान में क्षरण के दायरे में है, जो सीधे दुनिया के आधे निवासियों को प्रभावित कर रही है और दुनिया के लगभग 50 प्रतिशत आर्थिक उत्पादन के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर रही है, जो लगभग 44 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। इस विषय की गंभीरता बेहद चिंताजनक है, यदि इस पर अभी भी गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो मानव-जाति का पृथ्वी पर जीवित रहना ही मुश्किल हो जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण लगातार ग्लेसियर पिघल रहे हैं जिसकी वजह से समुद्र में जलस्तर बढ़ रहा है, यदि ऐसे ही चलता रहा तो कुछ समय पश्चात धरती के ज्यादातर शहर जलमग्न हो जाएंगे। वर्तमान वैश्वीकरण के युग में मीडिया में जहां असंख्य विमर्शों को जगह मिलती है, वहीं पर्यावरण संरक्षण में मीडिया की भूमिका भी विमर्श का एक विषय है। मीडिया की एक महत्वपूर्ण भूमिका संस्कृति, राजनीति और सामाजिक जीवन को बड़े स्तर पर आकार देना है। प्रिंट हो या प्रसारण मीडिया या फिर सोशल मीडिया, पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर संवाद करकर लोगों को जागरूक करना एक एहम मुद्दा बन गया है और पिछले दशकों से पत्रकार पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर लिख रहे हैं। हमारी प्रकृति को बचाने के लिए पर्यावरण जागरूकता पर्यावरणविद, नियामक प्राधिकरण, सरकारी और गैर-सरकारी संगठन, शिक्षाविद, शोधकर्ताओं, छात्रों में पर्यावरण के प्रति रुचि पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामुदायिक चिंताओं और सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ाने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता पैदा करना और सीमित संसाधनों का सतत उपयोग ऐसे मामले हैं, जो सीधे तौर पर प्रत्येक नागरिक से संबंधित हैं। मीडिया पर्यावरणीय समस्याओं पर छाई चुप्पी को तोड़ने और एक ऐसा वातावरण बनाने में एक साधन हो सकता है, जो इस बात पर चर्चा को प्रोत्साहित करता है कि समुदाय कैसे भाग ले सकते हैं और अपना व्यवहार बदल सकते हैं। पर्यावरण के मुद्दों के बारे में जनता को जागरूक करने के मीडिया के प्रयास और पर्यावरणीय समस्याओं के खिलाफ संघर्ष में इसकी निरंतर केंद्रीय भूमिका अपरिहार्य है। हालांकि, पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए देश में मीडिया की भागीदारी का स्तर केवल घटना आधारित है। प्राकृतिक आपदाओं, औद्योगिक दुर्घटनाओं या पर्यावरणीय खतरों जैसी पर्यावरणीय आपात स्थितियों के दौरान, मीडिया प्रभावित समुदायों को समय पर और सटीक जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मीडिया पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर सार्वजनिक संवाद और बहस के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। संपादकीय और इंटरैक्टिव प्लेटफार्मों के माध्यम से, मीडिया आउटलेट नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, कार्यकर्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों के बीच चर्चा की सुविधा प्रदान करते हैं। विचारों, दृष्टिकोणों और समाधानों के आदान-प्रदान के लिए स्थान प्रदान करके, मीडिया पर्यावरणीय चुनौतियों की अधिक जानकारीपूर्ण, सूक्ष्म समझ को बढ़ावा देता है और सहयोगात्मक जनसंपर्क को बढ़ावा देता है।

बदलते समय के साथ मीडिया को और भी तेजी से काम करना होगा और पर्यावरण संबंधी जानकारी समाज के सामने प्रस्तुत करते समय अधिक जिम्मेदार होना होगा। अपनी पहुंच और प्रभाव का लाभ उठाकर, मीडिया आउटलेट अधिक सूचित, सशक्त और पर्यावरण के प्रति जागरूक समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। आने वाली युवा पीढ़ी का भविष्य बचाने के लिए मीडिया को पर्यावरण क्रांति लानी होगी और ये सब तभी होगा, जब वे इस मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा बात करें, ताकि लोगों को इस विषय की गंभीरता समझ आए और वे अपने घर से ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए छोटे-छोटे प्रयास करना शुरू कर दें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देशभर** में बेसहारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह लावारिस मवेशी घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों को पूछने वाला कोई नहीं है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं, साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी होते हैं। किसान बताते हैं कि पिछले साल उनकी अधिकांश फसल आवारा मवेशी चट कर गए। गर्मी और बारिश में तो जैसे-तैसे करके किसान रात में खेत की निगरानी कर आवारा मवेशियों से अपनी फसलों को बचाते आए हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड में रात के समय खेतों की रखवाली मुश्किल हो जाता है। गोमाता जब हर घर में पलेगी और गोमाता को वर्तमान में धार्मिक की बजाय उससे मिलने वाले अमूल्य गो उत्पाद उपहारों के मार्केटिंग और गोवंश के शारीरिक श्रम के उपयोगिता बढ़ेगी, तब समस्या का सही समाधान हो सकेगा।

**–नर्वदा देवी, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भारतीय नौसेना अरब महासागर में समुद्री लुटेरों के मंसूबों पर फेर रही पानी



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

भारतीय नौसेना अरब महासागर में समुद्री लुटेरों पर दिन-प्रतिदिन भारी पढ़कर उनके मनसूबों पर पानी फेर रही है। भारतीय नौसेना की ओर से शुरू किया गया ऑपरेशन ‘संकल्प' सराहनीय है। गर्व का विषय है कि भारतीय नौसेना के जवान ईरान, पाकिस्तान सहित कई देशों के जवानों को अभी तक समुद्री लुटेरों के चंगुल से बचाकर विश्व भर में अपनी वाहवाही करवा चुके हैं। आज अरब महासागर में भारतीय नौसेना जहाजों को लूटने बारे समुद्री डाकू सोच भी नहीं सकते हैं।

ताजा घटनाक्रम में भारतीय नौसेना ने भारतीय युद्धक जहाज आईएन एस कोलकाता ने अरब सागर में अपहृत जहाज में सवार 35 सोमालिया के समुद्री डाकुओं को आत्मसंपर्ण करने के लिए मजबूर कर दिया। उक्त डाकुओं ने दिसंबर महीने में सेना के कुछ जवानों को बंधक बना लिया था। भारतीय नौसेना ने समुद्री डाकुओं का पीछा करते हुए अपने जवानों को रिहा करवाकर उन्हें हथियार डालने पर मजबूर कर दिया। 40 घंटे समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें घेरने में सफलता पाई। कारगिल युद्ध में जहां कई बीर सपूतों को हमने खोया, वहीं, इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हो गई हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। 21वीं सदी के भारत का लोहा आज विश्व के शक्तिशाली देश भी मान रहे हैं, जो कि हर्ष का विषय है। ‘जी-20' की मेजबानी भारत द्वारा किया जाना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी बनने के लिए अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी।

भारत के साथ ट्रेड किए जाने के लिए विकसित देश भी आतुर हैं। पड़ोसी देश भी भारत के साथ मैत्री संबंध बनाने की रणनीति में जुटे हैं। दुश्मन देश की अधिकांश जनता समझ चुकी है कि हाय कश्मीर का नारा अलापने से उनके हालात नहीं सुधरने वाले हैं। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों भी न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश की कुल 16,500 किलोमीटर का क्षेत्र पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं।

दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर हमेशा घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया था। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियां का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए हुए हैं। 3141 किलोमीटर का क्षेत्र पाकिस्तान के साथ लगता है, जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई थी। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी भी गठित की है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी दुश्मन देश अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएंगे। केंद्र सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमा पार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की अधिक जरूरत है। दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं तो बड़ी ही आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं।

सार्क अधिवेशनों में हर साल आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं ही की जाती हैं। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया था। दक्षिण एशिया देशों में पड़ोसी देश हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एकमात्र बजह है कि आज दक्षिण एशिया देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से घिरे हुए हैं। भारत, चीन सीमा विवाद की वजह से 118 चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया है। अधिकतर कंपनियां चीन की बजाय भारत से कारोबार कर रही हैं। भारत की इस पहल पर अन्य देश भी अमल कर रहे हैं। यह भी एक तरह भारत चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कृटनीति का सबूत दे रहा है।

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भी भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बिगुल फूंका था। भारत प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जम्मू-कश्मीर को पर्यटन का बेहतरीन स्थल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस राज्य के विकसित होने तदोपरांत इसका संपूर्ण विकास संभव है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 10वीं रिजल्ट : जिले में 17 लड़कियों ने मेरिट सूची पर किया कब्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश स्कूली शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जिला मंडी के 17 मेधावी छात्राओं ने मेरिट में पहले 10 स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। इसमें सनावर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा (कुल्लू) में मंडी जिला की दो छात्राओं ने 99.43 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया।

ये हैं सरकाघाट क्षेत्र के पाड़छू गांव की तितिक्षा ठाकुर व झीड़ी नगवाईं की श्रविका कश्यप। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल उरला की श्रुति धरवाल, सनराइज पब्लिक स्कूल भराड़ी की नीतिका और जागृति पब्लिक स्कूल कोटली की दीपांशिका शर्मा ने 99.29 प्रतिशत अंक लेकर 5वां स्थान प्राप्त किया। आर्येन पब्लिक स्कूल एहजू की काव्यांजलि ठाकुर ने 99.14 प्रतिशत अंक लेकर छठा स्थान पाया। लॉर्ड कान्वेंट पब्लिक स्कूल सरकाघाट की मुस्कान शर्मा, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्रंग की महक, इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार टीहरा की मनीषा ठाकुर, राजकीय कन्या मॉडल स्कूल जोगिंद्रनगर की रिद्धिमा ठाकुर, एसिएंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रिज मंडी जोगिंद्रनगर की रवनीत कौर ने 98.86 प्रतिशत अंक लेकर आठवां स्थान प्राप्त किया।

राजकीय कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर की आयुषी और सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल अलग की संजना ने 98.71 प्रतिशत अंक लेकर नौवां स्थान प्राप्त किया। जोगिंद्रनगर स्कूल की समृद्धि ठाकुर, सेंट फ्रांसीसी जेवियर कान्वेंट स्कूल दौहंधी की सृष्टि ठाकुर, जोगिंद्रनगर स्कूल की रिद्धि वर्मा, करसोग वैली हाई स्कूल करसोग की दिव्यांशी ने 98.57 प्रतिशत अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

## एमबीबीएस में दाखिला प्राप्त करेंगी दीपांशिका



**तुंगल** क्षेत्र की दो छात्राओं ने टॉप 10 में पहला नाम जागृति पब्लिक स्कूल की दीपांशिका शर्मा का है जिसने 700/695 अंक हासिल कर मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। दीपांशिका ने अगला लक्ष्य अब नीट की परीक्षा पास करके एमबीबीएस में दाखिला प्राप्त करना बताया।

## संजना ने हासिल की पॉजिशन



**सर्वोदय** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्रा संजना ने 700 में से 691 अंक प्राप्त कर मेरिट में नौवा स्थान प्राप्त किया है। महक, कोमल व हार्दिक ने 681 अंक हासिल किए।

## श्रुति धरवाल का सपना आईएएस बनना



**पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उरला की श्रुति धरवाल ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में टॉप 10 में जगह बनाकर पांचवा स्थान हासिल किया है। वहीं द्रंग स्कूल की महक ने 692 अंक लेकर आठवां स्थान हासिल कर टॉप 10 में जगह बनाकर जिला मंडी का नाम रोशन किया है। श्रुति धरवाल का सपना आईएएस बनना है।

## डॉक्टर बनना चाहती है महक



**द्रंग** स्कूल की महक ने आठवां स्थान हासिल हासिल किया है। उसने 692 अंक हासिल कर प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया है। महक मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है और लोगों की सेवा करना चाहती है।

## अन्वेषा बनना चाहती है सॉफ्टवेयर इंजीनियर



**सरकाघाट।** धर्मपुर के सीनियर सेकेंडरी मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार टिहरा की मार्च महीने में हुई दसवीं कक्षा की परीक्षा में 692 अंक लेकर प्रदेश भर में आठवें स्थान पर रही है। अन्वेषा ठाकुर ने बताया कि वह भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है और इस मुकाम को हासिल करने के लिए वह और कठोर परिश्रम करेगी। अन्वेषा ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

## मुस्कान शर्मा बनेगी डॉक्टर



**सरकाघाट।** लॉर्ड्स कॉन्वेंट की छात्रा मुस्कान शर्मा स्कूल बोर्ड की मार्च में हुई परीक्षा में 692 अंक लेकर आठवें स्थान पर रही है। मुस्कान शर्मा ने बताया कि उसका सपना डॉक्टर बन कर रोगियों की सेवा करना है। वह हार्ट सर्जन बनना चाहती है और इसके लिए वह और कठोर परिश्रम करेगी। मुस्कान शर्मा ने बताया कि वह प्रतिदिन छः घंटे पढ़ाई करती थी। इनको खेलों का भी शौक है और वह बैडमिंटन की राज्य स्तर प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं। मुस्कान शर्मा के पिता दवा विक्रेता हैं और माता गृहणी है। मुस्कान शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। स्कूल के चेयरमैन कर्नल बलवंत बराड़ी, प्रधानाचार्य सपना बराडी को दिया है।

## सृष्टि ठाकुर मेरिट में 10वें स्थान पर



**नेरचौक।** सेंट फ्रांसिस जेवियर कान्वेंट स्कूल बगला की सृष्टि ठाकुर ने बोर्ड परीक्षा में 690/700 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। स्कूल के पांच बच्चों ने 95 प्रतिशत, 9 बच्चों ने 90-95 प्रतिशत, 17 बच्चों ने 80-90 प्रतिशत और आठ बच्चों ने 70-80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य एकता ने बधाई दी।



पधर। सेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में दशमी कक्षा की छात्रा इशिता ने 700 में से 680 अंक लेकर प्रथम स्थान, यश गुलेरिया ने 665 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा नमन ठाकुर ने 663 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



पधर। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला द्रंग की छात्रा महक व अन्य छात्राओं को प्रधानाचार्य मिठाई खिलाते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### वेदांत कुटीर में 12 को होगी शंकराचार्य जयंती

**मंडी।** भगवान शंकराचार्य जी की जयंती वैशाख शुक्ल पंचमी तदनुसार 12 मई को वेदांत कुटीर मंडी हिमाचल प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर राम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक होगा। उसके बाद 10 वैदिक शांति पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ तथा श्रीमद् भागवत गीता पाठ संतो द्वारा किया जाएगा। दोपहर 11 से भगवान शंकराचार्य जी का पूजन-अर्चन होगा। इसके अलावा संतो के मुखारविंद से शंकराचार्य जी की जीवनी और उनके द्वारा किए गए लोकोपकारी कार्यों एवं प्रस्थानत्रयी भाष्य आदि ग्रंथों पर सत्संग का आयोजन होगा। वेदांत कुटीर मंडी की अध्यक्षा साध्वी सेवानंद सरस्वती महाराज ने सभी भक्तों को आहवान किया है कि शंकराचार्य जयंती महोत्सव में भाग लेकर पुण्य के भागी बनें।

### असेंट स्कूल पधर में समझाया मतदान का महत्व



**पधर।** पधर उपमंडल के एसडीएम सुरजीत सिंह ठाकुर ने असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में मतदान का महत्व और बच्चों को नए सत्र की शुरुआत में ही अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों की करवाई भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मतदान जागरूकता को लेकर भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने की। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मतदान जागरूकता को लेकर भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### मारपीट और तोड़फोड़ करने पर केस दर्ज

**मंडी।** उपमंडल सदर मंडी में पंडोह डैम के समीप एक हट में वेटर के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना सदर मंडी ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शिकायतकर्ता अरुण कुमार उम्र 31 वर्ष पुत्र पूर्ण चंद निवासी एवं डाकघर लदवाड़ा तहसील व थाना शाहपुर जिला कागंड़ा की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने मंडी जिला मुख्यालय में बताया कि पुलिस थाना सदर ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### मतदाता जागरूकता क्लब का किया गठन

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मंगलवार को प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में वर्ष 2024-25 के लिए 'मतदाता जागरूकता क्लब' का गठन किया गया। मतदाता जागरूकता क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुनील ठाकुर, नोडल अधिकारी विनोद गुलरिया और मीरा ठाकुर, जबकि जंग बहादुर और प्रदीप ठाकुर को सदस्य के रूप में चुना गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता विनोद गुलेरिया ने भी चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी खजान सिंह और प्रवक्ता कल्पना ठाकुर आदि भी मौजूद रहे।

### नाबालिगा से दुष्कर्म करने पर केस दर्ज

**मंडी।** 17 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एक 17 वर्षीय नाबालिगा लड़की को डिलीवरी के लिए मंडी स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने नाबालिगा की नाजुक हालत को देखते हुए उसका सिजेरियन ऑप्रेशन किया गया। इससे नाबालिगा को बेटा पैदा हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस थाना जंजैहली ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले में पुलिस कि आगामी जांच जारी है।

### ब्रह्मदास चौहान ने किया नितिका को सम्मानित

**मंडी।** सनराइज पब्लिक स्कूल भराड़ी खतरबाडी की नितिका ने प्रदेशभर में पांचवा स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य निर्मला ने बताया कि स्कूल के लिए गौरव की बात है। प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने मेधावी बेटी को बधाई दी। स्कूल की चेयरमैन शकुंतला और नीतिका के अभिभावकों ने समाजसेवी ब्रह्मदास चौहान का आभार जताया।



## किरतपुर-मनाली फोरलेन पर गड़ामोड़ टोल प्लाजा कर्मियों का हाल

# युवक पर लोहे के कड़े से किया वार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर गड़ामोड़ स्थित टोल प्लाजा कर्मचारियों की हैवानियत का मामला सामने आया है। मामले में कर्मचारियों ने उपमंडल सुंदरनगर के गांव बुराहली के एक 24 वर्षीय युवक की आंख पर लोहे के कड़े से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इससे युवक की बाईं आंख पूरी तरह से खराब हो गई है। युवक सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है।

जानकारी देते हुए पीड़ित देवराज पुत्र बसंता राम निवासी गांव बुराहली डाकघर घांघणु तहसील सुंदरनगर जिला मंडी और उसके बड़े भाई रविंद्र कुमार ने कहा कि बीते 6 मई को सुबह जब दोनों अपने ट्रक नंबर एचपी-65-बी-5067 पर दिल्ली से कुल्लू सब्जी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान जब वह किरतपुर-मनाली फोरलेन पर गड़ामोड़ टोल प्लाजा पर कर्मी ने ओवरलोडिंग को लेकर 1030 रुपए मांगने लगा। इसके बाद पीड़ित और



अस्पताल में उपचाराधिन युवक।

उसके भाई ने उनके ट्रक का निर्धारित टोल 515 रुपए कटवा दिया। टोल कर्मी कहने लगा कि उनकी गाड़ी ओवरलोड है जबकि उन्होंने पहले ही उसे कम वजन की रसीद दिखा दी थी। उन्होंने कहा कि ट्रक में मौजूद सब्जियां खराब होने के कारण बार-बार टोल खोलने का आग्रह करते रहे। लेकिन टोल कर्मचारियों ने उनकी एक नहीं सुनी।

पीड़ित के भाई ने कहा कि मौके पर जाम लगने की वजह से उसके साथ दूसरा टोल कर्मचारी काफी गुस्से में आया और उसने बाजू से कड़ा निकाला तथा देवराज की बाई आंख पर मार दिया। इसके अलावा दोनों टोल प्लाजा कर्मी कहने लगे कि आज दोनों को जान से खत्म कर देंगे तथा उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित देवराज ने कहा कि कड़े से मारने के कारण उसे दिखना बंद हो गया तथा दोनों भाई मौके से अपनी जान बचाकर बड़ी मुश्किल से निकल गए। इसके उपरांत दोनों सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचे।

देवराज को आई गंभीर चोट के कारण उसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक रैफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज नेरचौक में डॉक्टर साहिब ने बताया कि उसकी बाई आंख पूरी तरह से खराब है तथा इससे जीवन भर कुछ भी दिखाई नहीं देगा।

पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना प्रभारी पंजाब रूपनगर, जिला अधीक्षक पुलिस रूपनगर और जिला अधीक्षक पुलिस मंडी को ई-मेल के माध्यम से टोल कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए शिकायत प्रेषित कर दी है।

## एचआरटीसी की चलती बस का खुला टायर

सुंदरनगर। हिमाचल परिवहन निगम की सुंदरनगर से केरन जा रही चलती बस का चालक की तरफ का अगला टायर खुलने से अफरातफरी फैल गई। जिस समय बस का टायर खुला उसमें 8 छात्र-छात्राओं सहित करीब 15 लोग सवार थे। इस घटना ने परिवहन निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है।

जानकारी अनुसार सुंदरनगर बस स्टैंड से केरन के लिए रवाना हुई बस जब अपने गंतव्य से करीब एक किलोमीटर पीछे थी तो चढ़ाई पर अचानक चालक की तरफ का अगला टायर खुल गया। टायर खुलने के बाद लगे झटके से बस में सवार यात्रियों में अफरातफरी फैल गई।

# बाहल्ड़ा पंचमुखी हनुमान केसरी दंगल सोलन के देव ने जीता



दंगल के दौरान विजेता गुरज के साथ।

**अनंत ज्ञान, बलद्वाड़ा**

उपमंडल सरकाघाट की तहसील बलद्वाड़ा के स्पोर्ट्स क्लब बाहल्ड़ा कमेटी ने रामठाणा ढांख में मंदिर बना कर पंचमुखी हनुमान की स्थापना की तथा इसी उपलक्ष्य में पंचमुखी हनुमान केसरी दंगल का आयोजन भी किया। दंगल में देव सोलन मण्डी विजेता रहे जिनको 6100 रुपए की राशि व बुर्ज दिया गया तथा बठिंडा के जब्बर उप विजेता रहे जिनको 5100 रुपए की राशि व कलश दिया गया।

दंगल में मुख्य अतिथि लेख राम सेवा निवृत्त हवलदार थे। जिन्होंने पंचमुखी हनुमान केसरी दंगल कमेटी को 21000 रुपए दान के रूप में अर्पण किए।

## 44 वर्षीय व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के भौर में एक 44 वर्षीय व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनोटु के तहत सुरेश कुमार (44) पुत्र राम लाल निवासी भौर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। मामले में जांच जारी है।

पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज नेरचौक में करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सड़क का लेवल डाउन करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर।

व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर ने उपमंडलाधिकारी नागरिक जोगिंद्रनगर को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क में टायरिंग का कार्य जारी है परंतु शहर के बीच जो राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा पड़ता है उस पर टायरिंग पुन: सड़क को उखाड़ कर लेवल डाउन कर किया जाए, क्योंकि सड़क का शहर में लेवल बार-बार की टायरिंग से इतना ऊंचा उठ चुका है की बरसात में पानी सीधा दुकानों के अंदर आ जाता है।

इस समस्या बारे कई बार विभाग को अवगत करवाया गया है, लेकिन आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। व्यापार मंडल मांग करता है की डायरेक्टर एनएचएआई को उपमंडलाधिकारी नागरिक जोगिंद्रनगर निर्देश दें कि दुकानदारों की समस्या को देखते हुए शहर के बीचों-बीच गुजर रही सड़क का लेवल डाउन कर सड़क पर पुन: टायरिंग की जाए।

## एनएचआईए के क्षेत्रीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सुंदरनगर।** कीरतपुर मनाली फोरलेन पर बन रहा सुंदरनगर बाइपास कई क्षेत्रों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसे लेकर फोरलेन निर्माण कार्य निरीक्षण के लिए दौरे पर आए एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी शिमला अब्दुल बासित को सर्वजन संरक्षण समिति के राज्य सलाहकार अमर सिंह राघवा के नेतृत्व में पुंघ सुंदरनगर में मिला था तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन में बताया कि सुंदरनगर बाई पास से संबंधित सुंदरनगर नगर परिषद व मुरारी देवी, लेदा, कलखर तक की लगभग 20 ग्राम पंचायतों की मांगों को पिछले एक साल से परियोजना निदेशक, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के समक्ष रखा जा रहा है परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इन सबको क्षेत्रीय अधिकारी के समक्ष रखा। इनमें मुख्य तौर पर सुंदरनगर झील के सामने बस ठहराव बनाने, लेदा कपाही सुंदर नगर मुख्य सड़क से छातडू नाला शमशानघाट तक संपर्क मार्ग बनाना है।

# छात्रों के शोधकार्य पूरा होने पर शोध पत्र किए प्रकाशित



शोध पत्र के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

नेरचौक स्थित अभिलाषी कॉलेज आफ फार्मेसी हिमाचल प्रदेश का प्रथम निजी फार्मेसी का महाविद्यालय है। प्रो. डॉ. राजेन्द्र गुलेरिया प्रधानाचार्य ने बताया कि कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा 35 शोध पत्र इंटरनेशनल और नेशनल जनरल में प्रकाशित कर दिया है अंतिम वर्ष के छात्र एक वर्ष से विभिन्न विभागों के विषयों पर एक वर्ष से अपने गाइड के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे थे। शोधकार्य पूरा होने पर शोध कार्य प्रकाशित किए गए हैं। इस दौरान डॉ. आर.के. अभिलाषी चेयरमैन अभिलाषी शिक्षा समिति, डॉ. एलके अभिलाषी सहित आदि मौजूद रहे।

# दसवीं परीक्षा परिणाम में रिद्धिमा ने हासिल किया 8वां स्थान



अव्वल छात्राओं में (बाएं से) रिद्धिमा ठाकुर, आयूषी, रिद्धिमा वर्मा, समृद्धि और अपूर्वा।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की बोर्ड परीक्षा में दिखाया दबदबा स्कूल प्रधानाचार्य संजय दत्त ठाकुर ने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दशवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें पांच छात्राओं ने समूचे हिमाचल प्रदेश में आठवां नौवां व दशवां स्थान हासिल किया। रिद्धिमा ने 700 में से 692 अंक लेकर आठवां स्थान, आयूषी ने 700 मे से 691 अंक लेकर नौवा स्थान, रिद्धिमा व समृद्धि ने 690 अंक लेकर दसवां स्थान में अपूर्वा ने 689 अंक लेकर 11 वां स्थान हासिल किया। स्कूल प्रधानाचार्य संजय दत्त ठाकुर ने छात्राओं को बधाई दी।

# भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी इंटैक ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी अध्याय (इंटैक) के सदस्यों की बैठक संयोजक नरेश मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पिछले वर्ष इंटैक की गतिविधियों की बारे में मूल्यांकन किया गया और आवश्यक सुधार के बारे में चर्चा हुई। बैठक में वर्ष 2024 के दौरान प्रस्तावित कार्य के बारे में इंटैक के सदस्यों ने सुझाव दिए गए ताकि मंडी क्षेत्र कि विरासत के संरक्षण कार्यों के बारे में और तेजी लाई जा सके। इसके साथ ही इंटैक का मंडी चैप्टर यहां के 95 वर्ष से अधिक पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित करने के लिए शीघ्र एक कार्यक्रम आयोजन करें। यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी एक माह तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाए ऐसे महानुभावों का चयन 7 तारीख से आरंभ कर दिया जाए और इस वर्ष प्रकाशित होने वाले कैलेंडर का नया स्वरूप दिया जाए।

बैठक में संबोधित करते हुए सह संयोजक अनिल ने धरोहर के बारे में कई सुझाव दिए। बैठक में वरिष्ठ सदस्य पवन मल्होत्रा, कैप्टन वैद्य पवन मल्होत्रा, वनिता मल्होत्रा, संयोजक नरेश मल्होत्रा, सहसंयोजक अनिल शर्मा, कमल कांत, कमल मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## ध्रुव व दीपिका ने 674 अंक लेकर स्कूल में पाया प्रथम स्थान



(बाएं से ) अव्वल आएं दीपिका, ध्रुव व अक्षत ठाकुर।

**जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर का दसवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के ध्रुव व दीपिका ने 674 अंक लेकर स्कूल में पहला, अक्षत ठाकुर व ऐश्वर्या ने 673 अंक लेकर दूसरा, सूर्यांश व मंतव्या ने 669 अंक लेकर तीसरा, कृष शर्मा व आदित्य ने 668 अंक लेकर चौथा तथा रिषिका शर्मा ने 667 अंक लेकर पांचवां स्थान पाया।

स्कूल के चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जंवाल, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, पूर्व प्रधानाचार्य ओपी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**चुनावी तैयारी** सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की बैठक में बोले मंडी संसदीय क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक

# निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्याशियों के खर्च पर रहेगी कड़ी नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के तहत मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में व्यय निगरानी को लेकर नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक राकेश झा आईआरएस मंडी पहुंच गए हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान व्यय से संबंधित कोई भी शिकायत उनके मोबाइल नम्बर पर की जा सकती है। व्यय पर्यवेक्षक ने मंडी पहुंचते ही डीआरडीए हॉल में मंडी संसदीय क्षेत्र की सभी 17 विधानसभाओं के सहायक व्यय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में आरओ मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन और नोडल अधिकारी व्यय एवं एडीसी मंडी रोहित राठौर भी उपस्थित रहे।

व्यय पर्यवेक्षक ने निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए सभी सहायक पर्यवेक्षकों निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए अपनी भूमिकाओं का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए पार्टी और प्रत्याशियों के व्यय पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने




बैठक के दौरान व्यय पर्यवेक्षक राकेश झा, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन और अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर मंडी।

बताया कि लोकसभा चुनाव में व्यय की सीमा चुनाव आयोग ने 95 लाख निर्धारित की है। इसी सीमा के अंदर प्रत्याशी को प्रचार में खर्च करना होगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही व्यय निगरानी कमेटियों ने कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि नामांकन के उपरांत प्रत्याशी द्वारा प्रचार में खर्च की गई धनराशि को उनके चुनावी व्यय में जोड़ा जाएगा।

### वीडियो को देखकर खर्च का होगा आकलन

समस्त सहायक व्यय पर्यवेक्षक प्रतिदिन पार्टी और प्रत्याशी द्वारा किए गए व्यय की वीडियो सर्विलॉस टीम द्वारा उपलब्ध करवाई गई वीडियो को देखकर खर्च का आकलन करेंगे। उन्होंने समस्त सहायक व्यय पर्यवेक्षकों से कहा कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें।

# लेखराज लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के शारदा ज्योतिष निकेतन ज्योतिष आचार्य कैप्टन लेखराज शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि रिवर अक्कल्ट अवार्ड 2024- जैस्मिन जैज द्वारा चोखी ढाणी रिसोर्ट अमरावती एन्क्लेव पिंजौर में कॉस्मिक रिवर अक्कल्ट अवार्ड 2024 के समारोह का विधिवत उद्घाटन जोगिंद्रनगर के विश्व विख्यात हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. कैप्टन लेखराज शर्मा के द्वारा किया गया।




ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा को अवार्ड से सम्मानित करते गणमान्य।

कैप्टन लेखराज शर्मा ने हाथ देख कर ज्योतिष की सटीकता का प्रमाण दिया। किसी अनजान व्यक्ति का हाथ देखकर उस जातक की जन्म तिथि, उसका जन्म समय तथा माता-पिता और उसकी पत्नी के नाम का पहला अक्षर बता कर सभागार में ज्योतिष विद्वानों को चकित कर दिया।

इस कार्य में उनकी सुपुत्री ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा ने भी साथ दिया। इस पर संस्था द्वारा पंडित डॉ. लेखराज शर्मा जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।

यह अवार्ड संस्था की मुखी जैस्मिन जैज व विश्व विख्यात ज्योतिषाचार्य धर्मगुरु डॉ. एचएस रावत के कर कमलों द्वारा दिया गया। लेखराज शर्मा को पहले भी इस अवार्ड से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा इस कार्य में उनकी पुत्री विभा शर्मा को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस कभी झूठ की राजनीति नहीं करती : आनंद

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी में लोकसभा के प्रत्याशी आनंद शर्मा ने भटियात ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की, जिसकी अध्यक्षता कुलदीप सिंह पठानिया ने की। पठानिया ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि आनंद शर्मा इससे पहले चार बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं और हमेशा हिमाचल के हक हक की बात रखते हुए आए हैं।

जिला के विकास के लिए आनंद शर्मा ही ऐसे व्यक्ति हैं जो



लोगों का अभिभादन स्वीकार करते आनंद शर्मा व अन्य।

चंबा चुवाड़ी सुरंग, होली उतराल सुरंग, पांगी चौहणी सुरंग की आवाज सासंद में उठा सकते हैं। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहे हैं वह जिला चंबा की आवाज को सांसद में नहीं उठा पाए जिसका खामियाजा आज चंबा की जनता उठा रही है।

इसके बाद आनंद शर्मा ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी जूठ की राजनीति नहीं करती है। जो कहती है वह करती है। समूचे भारत में मनरेगा लाई जिसके लिए कानून बनाया, खाद्य सुरक्षा लाई जिसे लिए भी कानून बनाया, महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी कानून बनाया।

इस दौरान अध्यक्ष विजय सिंह कंवर, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शालू शर्मा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप सिंह जसरोटीया, सेवादल अध्यक्ष विनोद कुमार, अनुसूचित जनजाती अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बदलते मौसम से बुखार की चपेट में आ रहे लोग

**तीसा ।** मौसम के बदल रहे मिजाज से लोग वायरल फीवर जैसी बिमारियों की जकड़ में आ रहे हैं। प्रतिदिन इस बीमारी का शिकार होने पर लोग सरकारी व निजी हॉस्पिटलों में लोग आ रहे हैं, जिसमें सर्दी जुकाम, बुखार, गले में दर्द रोग हैं।

वहीं एक मात्र सिविल अस्पताल तीसा में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है लोगों की लम्बी लम्बी लाइने लग रही है।

वहीं चिकित्सा खंड अधिकारी ऋषि पूरी का कहना है की मौसम में परिवर्तन की वजह से वायरल फीवर आदि जैसी बीमारियां फैल रही हैं, इन्होंने लोगों को बिमारियों से बचने की भी सलाह दी है।

# पल्लवी शर्मा ने मेरिट में स्थान किया हासिल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा दसवीं का आज परिणाम घोषित किया गया जिसमें क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ग्रंगढ़ की छात्रा पल्लवी शर्मा ने 700 में से 676 अंक लेकर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया है।

बता दें इसी स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा ने भी पूरे प्रदेश में दसवां स्थान हासिल कर इसी स्कूल का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा। तो वही आज दसवीं की परीक्षाओं में इसी स्कूल की पल्लवी शर्मा ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी पाठशाला के नाम को चार चांद लगा दिए हैं।



पल्लवी शर्मा।

इसी स्कूल में दसवीं में कुल 53 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिनमें की 45 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं जो छात्र उत्तीर्ण हुए हैं उनमें से दो छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। जबकि 5 छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक लिए, 7 छात्रों ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए, 17 छात्रों ने 60 से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जबकि 11 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की है।

स्कूल के अच्छे परिणाम के लिए एस एम सी के प्रधान में समस्त स्कूल स्टाफ को शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी ऐसे ही अच्छे परिणाम के लिए कामना की है। वहीं स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने भी अपने समस्त स्टाफ बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मलुंडा बूथ में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह



**चुवाड़ी ।** स्वीप टीम ने नोडल अधिकारी डॉ. आकाशदीप शर्मा के नेतृत्व में मलुंडा बूथ का दौरा किया तथा यहां कई कार्यक्रम किए। इस बार चुनाव आयोग की पहल पर सभी बूथों पर लोगों को अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बलवान सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव हमेशा मतदान से ही रखी जाती है। मतदाताओं को सुपरवाइजर विजय कुमार व प्रधानाचार्य सुदीप कुमार द्वारा भी मतदान का महत्व बताया गया।

### सिल्लाघराट व घघरोता में मतदाता किए जागरूक



**चंबा ।** चंबा विधानसभा अनुभाग के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केंद्र, ग्राम पंचायत सिल्लाघराट व ग्राम पंचायत घघरोता के गांव टिकरी, चूंगाह, मलोग, सिल्लाघराट, घघरोता के मतदाताओं, गांववासियों तथा नव पंजीकृत मतदाताओं के लिए मतदान जागरूकता कार्यक्रमों के तहत हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि लोगों को निष्पक्ष एवम निर्भय होकर मतदान करने की शपथ दिलवाई।

### बैली में लगेगा आधार कार्ड बनवाने के लिए कैंप

**चंबा ।** प्रधान ग्राम पंचायत बैली कमल कुमार ने बताया कि डाक विभाग चंबा द्वारा 14 मई को ग्राम पंचायत बैली के छतरेड़ी स्थित पंचायत घर भवन में आधार कार्ड बनवाने को लेकर शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आधार से मोबाइल नंबर लिंक करवाना जिसके लिए व्यक्ति के आधार के साथ मोबाइल फोन लाना आवश्यक होगा। इसके अलावा आयोजित किए जाने वाले इस शिविर में छोटे बच्चों के आधार कार्ड भी बनाए जाएंगे ।

# दो माह से गैहरा-मरौर सड़क बंद, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

गैहरा मरौर सड़क पिछले 2 महीने से खराब होने के चलते यहां पर लोगों को राशन के लाले पड़ने शुरू हो गए हैं। पिछले करीब 2 महीने से यह सड़क बंद होने के चलते लोगों को अब यहां पर रोजमर्रा की वस्तु, सब्जी, दूध, ब्रेड आदि की किल्लत सताने लगी है।

**शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर रहा विभाग**

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई जगहों से सड़क का नमो निशान मिट गया है। जिस कारण यहां पर स्कूल में आने जाने में बच्चों को भी बारिश के दिनों में आधे रास्ते से ही वापस पहुंचना पड़ रहा है।

गौरतलब है इस सड़क पर कई बार रास्ता खराब होने के चलते गाड़ियों को पीठ पर उठाकर रस्सियों के सहारे खींच कर एक जगह दूसरी जगह पर करने के कई वीडियो भी वायरल हो चुके हैं।

जगह-जगह जमीन कच्ची होने के चलते यहां पर हल्की बारिश होने के बाद यह सड़क बंद हो रही है। यही नहीं कई जगह सड़क में इतना भारी दलदल आ जाता है जिसके कारण लोग एक जगह से दूसरी जगह भी नहीं पहुंच पाते हैं। स्थानीय निवासी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य शिव दत्त सिंघानिया ने कहा है कि उनकी सब्जी की दुकान है लेकिन पिछली करीब 2 महीने से यहां पर सड़क खराब होने के चलते वह सब्जियां नहीं ला पाए हैं। लोगों की गाड़ियां एक जगह से दूसरी जगह फंसी हुई है। लिहाजा सड़क न होने के चलते लोगों को सब्जियों सहित रोजमर्रा की चीजें लाने के लाले पड़ने शुरू हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग को भी की गई है लेकिन अभी तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विभाग की सुस्त कार्य प्रणाली के लेकर चलते यहां पर लोगों को अकसर इस तरह के समस्या से दो चार होना पड़ रहा है ।



बंद पड़ी सड़क का दृश्य।

> अभी तक उनके पास यह सड़क हैंडओवर नहीं हुई है। 3 किलोमीटर तक जो सड़क है वह विभाग के अधीन है और जो दूसरी सड़क बनी है वह वन विभाग ने बनाई है । जैसे ही विभाग के पास ही सड़क हैंडोवर हो जाएगी उसके बाद इस सडक को विभाग तय मानको के अनुसार बनाकर जनता के सपुर्द कर देगा। विभाग ने यहां पर मशीन भेजकर इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है और मौके पर जेसीबी मशीन भेजी जा रही है।
>
> -राकेश मरोल, सहायक अभियंता मंडल राख।

### विभाग करें समाधान : वृंदा



**प्रधान** ग्राम पंचायत पियूहरा वृंदा शर्मा ने कहा कि इस तरह की समस्या स्थानीय लोगों को जरूर आ रही है। सड़क बंद होने के चलते यहां पर दुकानों में राशन व रोजमर्रा की चीजे खत्म हो गई है। उन्होंने इसकी शिकायत विधायक व विभाग को भी की है और उनसे मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या को ठीक किया जाए।

### समस्या संबंधी विभाग को दिए हैं निर्देश : विधायक

विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है की समस्या उनके ध्यान में आई है। वह स्वयं मौके पर गए थे और इस समस्या को देखा है। उन्होंने कहा है इसके लिए विभाग को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दे दिए हैं।



खराब सड़क से गुजरकर स्कूल जाते बच्चे।

# एचआरटीसी की बस हुई खराब, यात्री हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गत सोमवार शाम करीब सात बजे चंबा बस स्टैंड से चंबा-देहरादून बाया चंडीगढ़ रूट पर निकली एचआरटीसी की बस (नं.-एचपी-73 8778) पठानकोट और ऊना करीब 3 बार खराब हुई, जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार चंबा बस स्टैंड से बस में सवार होकर चंडीगढ़ के लिए निकले जिला चंबा की कूंर पंचायत के निवासी अर्जुन भारद्वाज ने बताया कि वह हिमाचल पथ परिवहन निगम चंबा डिपो की चंबा-देहरादून रूट की बस में चंडीगढ़ जा रहे थे कि पठानकोट और ऊना के बीच में यह बस लगभग तीन बार खराब हुई। उन्होंने बताया कि इस दौरान चालक और परिचालक अपने अधिकारियों को फोन करते रहे लेकिन उनका फोन या तो बंद आया या फिर जिनका लगा उन्होंने उठाना मुनासिब नहीं समझा। अर्जुन ने बताया कि बस में मेरी तरह कोई नौकरी के सिलसिले में तो कोई अपनो का इलाज करवाने पीजीआई चंडीगढ़ जा रहे थे। इसमें बीमार बच्चे भी शामिल थे लेकिल बस के बार खराब होने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस दौरान ऊना के धमेटा में दो से अढ़ाई घंटे के लंबे इंतजार के बाद दूसरी बस आई तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। अर्जुन ने बताया कि बस करीब 3 घंटे की देरी से चंडीगढ़ पहुंची।

# जनता ने बदलाव करने का मनाया मन : आनंद




संबोधित करने के दौरान मौजूद आनंद व अन्य।

**चंबा ।** कांगड़ा-चंबा लोकसभा से प्रत्याशी आनंद शर्मा का आज का चंबा दौर काफी उम्दा रहा। जिले भर से आए कांग्रेस पार्टी के समर्थको के साथ यान्हा के स्थानीय लोगो ने भी कांगड़ा-चंबा लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा का जमकर स्वागत किया और नारे भी लगाए। आनंद शर्मा ने अपने कांग्रेस पार्टी के लोगों से आने वाले चुनावों के बारे गंभीरता से बातचीत की तो वहीं उन्होंने पत्रकार वार्ता भी की ओर कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने जो मुझपर जिम्मेदारी सौंपी है उसका में बखूबी निर्भय करूंगा। इस बार देश की जनता ने आने वाले चुनावों में बदलाव किए जाने का मन बना लिया है।

# उचित मूल्य की दुकानों पर लगेंगे मतदान जागरूकता पोस्टर



पोस्टर जारी करते अधिकारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने एक और अनूठी पहल की है। अब उचित मूल्य की दुकानों में लोगों को राशन के साथ- साथ लोकसभा चुनाव में मतदान करने के आमंत्रण पत्र और अपील पोस्टर भी दिए जाएंगे। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने आमंत्रण पत्र और अपील पोस्टरों को लांच किया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चम्बा राहुल चौहान आदि अधिकारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अब जिला में स्थित 500 से अधिक उचित मूल्य की दुकानों पर राशन लेने के लिए पहुंचने वाले लोगों को आमंत्रण पत्र और पोस्टर दिए जाएंगे।

# आयुर्वेद से लोगों को मिल रही अच्छी स्वास्थ्य सुविधा

**तीसा ।** आयुर्वेद पांच हजार साल पुरानी चिकित्सा पद्धति है, जो मनुष्य की आधुनिक जीवन शैली को सही दिशा देने और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी आदतें विकसित करने में सहायक होती है। इसमें जड़ी बूटि सहित अन्य प्राकृतिक चीजों से उत्पाद, दवा और रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल होने वाले पदार्थ तैयार किए जाते हैं। आयुर्वेदिक से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा मिल रही है और लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है। चुराह विधानसभा क्षेत्र में आयुर्वेद को अपना रहे लोग, लोगों को आयुर्वेद का मिल रहा भरपूर फायदा। चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले कार्यालय उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी भजराडू एवं आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर भजराडू की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों को आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी जा रही है।

वहीं दूसरी और उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी भजराडू डॉ. सुरिंद्र कुमार ने बताया कि चुराह में आयुर्वेद को लोग अपना रहे हैं और लोगों को आयुर्वेद का भरपूर फायदा मिल रहा है। आयुर्वेदिक दवाइयों के साथ-साथ प्राकृतिक उत्पादों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जा रही है। ताकि लोग आयुर्वेद का भरपूर फायदा ले सकें।

# विद्यार्थी जीवन में शैक्षणिक गतिविधियां जरूरी : रितिका

**अनंत ज्ञान, पांगी**

आवासीय आयुक्त पांगी रितिका जिंदल ने आज जीमनेजियम हाल किलाड़ में, घाटी के विद्यार्थियों में सह शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने व विद्यार्थियों के स्वांगीण विकास के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

आवासीय आयुक्त ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल व अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों की महत्वता के बारे में बताया, उन्होंने कहा की हमें शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल कूद, संगीत, नृत्य, कला आदि को भी अपनी दिनचर्या का भाग बनाना चाहिए। खेलकूद गतिविधियां हमें अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते है वहीं अन्य गतिविधियां हमारे कौशल विकास को बढ़ाने में सहायक होती हैं व हमें मानसिक तोर से भी स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

इस दौरान आवासीय आयुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को उनकी रूचि अनुसार भविष्य चूनने में सहयोग व प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया की वह बच्चों को अपना भविष्य स्वयं चुनने की आजादी दें। इस दौरान भगवान दास, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलाड़ व ललित नारायण शर्मा सहायक अनुसंधान अधिकारी पांगी द्वारा भी बच्चों को संबोधित किया गया।

# खड़ामुख-होली मार्ग बन रहा मुसीबत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है खड़ामुख-होली सड़क लोगों वह चुनाव अधिकारीयों वह कर्मचारीयों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा भरमौर में एसएसटी कमेटी का गठन भी कर दिया गया है, लेकिन सड़क खराब होने के कारण इस कमेटी को भी चुनाव के प्रॉपर संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**कई किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा**

हालांकि प्रशासन विभाग व विद्युत कंपनी मिलकर इस सडक को बहाल करने के लिए पिछले कई दिनों से लगातार काम कर रहे हैं लेकिन यहां पर लगातार जमीन धंसने के कारण सड़क बहाली में काफी परेशानी सामने आ रही है। बाकी लगभग पिछले 25 दिनों से तहसील होली के दर्जनों गांव का संपर्क दूसरी जगह से पूरी तरह से कट चुका है ।

अधिकारियों व दूसरे लोगों को छोटी गाड़ियों के जरिए सिंयूर होली होकर एक जगह से दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। वहीं होली वासियों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए कई किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है।

हालांकि प्रशासन की आल्हा अधिकारी भी इस सडक बहाली के लिए लगातार बैठकों पर बैठके कर रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं अभी तक भी इस सडक की बहाली के लिए एक हफ्ते से अधिक का समय कम से कम लग सकता है।

इस सड़क की समस्या का मुद्दा स्वयं मुख्यमंत्री के सामने जनसभा में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री भी उठा चुके हैं और उन्होंने बाकायदा इसके जल्द समाधान का विश्वास भी दिया था।

**सूडोकु 0056** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0055 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# छात्रावास की लड़कियों ने फ्लावर पॉट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

समग्र शिक्षा द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास भरमौर में छात्रावास की बालिकाओं ने फ्लावर पॉट, टेडी बेयर, बैंगल स्टैंड, तोरण इत्यादि बनाए। छात्रावास में बालिकाओं की सब्जेक्ट क्लासेस भी लगती है इसके साथ-साथ उन्हें विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाना भी सिखाई जाती हैं। भरमौर छात्रावास में, पार्ट टाइम टीचर स्वर्ण देवी के मार्गदर्शन में छात्रावास की छात्राओं अंकिता, कशिश, रिद्धि, बिंदू, रुचि, नेहा, स्वेता, दिक्षा, कविता, मोनिका आदि ने कई उपयोगी चीज बनाईं।



फ्लावर पॉट बनानी हुई छात्राएं।

जिला छात्रावास समंवयक डॉक्टर कविता बिजलवान ने बताया कि जिला चंबा में चल रहे छात्रावास में, बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह का क्राफ्ट वर्क भी सिखाया जाता है ताकि बच्चों को अपने व्यवहारिक जीवन में सामान्य कार्यों को करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े तथा वे अपने जीवन को सरलता व सुखमता के साथ बिता सकें।

# बुजुर्गों के लिए किया मानसिक स्वास्थ्य सत्र का आयोजन

**नेरचौक ।** आरोग्य जन कल्याण समिति गुटकर के द्वारा गांव चलाह में बुजुर्गों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ डॉ. नंद लाल गुप्ता ने बुजुर्गों को मानसिक तौर पर जागरूक किया और सभी लोगों के विचार सुने। इस अवसर पर सभी बुजुर्गों ने प्रसन्न होकर संस्था व कार्यकारिणी की सराहना की। संस्था की चेयरमैन प्रिंसी राजपूत ने डॉ. नंद लाल गुप्ता सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



स्वास्थ्य सत्र के दौरान सामूहिक चित्र में ।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** घर गृहस्थी की भागदौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढ़ाने के प्रयास करेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।

**वृषभ:** दूसरों की जीवनशैली देखकर रहन-सहन बदलने के प्रयास करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**मिथुन:** घर की साज सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी।

**कर्क :** दिन उपयुक्त है। दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते है, पर आप को लोगों से निराशा जनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। यश, मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं।

**सिंह :** सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**कन्या :** क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। समय पर संभल जाएं।

**तुला:** नए काम में शीघ्रता नहीं करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का बखूबी कर पाएंगे। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक:** व्यस्त रहें, मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते है। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुख को छुपा रहे हैं। आज खुश खबर मिलने का दिन है।

**धनु :** दूसरों की बातों पर विश्वास कर लेते हैं। आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकेगी। कार्यस्थल पर किसी नई योजना के बारे में चर्चा होगी।

**मकर:** बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। वाद-विवाद और झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा। बच्चों के व्यवहार से मन में निराशा होगी।

**कुंभ :** पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

**मीन:** निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। आपकी वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

## आज का पंचांग

8 मई, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** वैसाख, **तिथि** अमावस्या: (8:53) : **नक्षत्र :** भरणी (1:34), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** सौभाग्य (05:40) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:17 -01:58)।

**विशेष दिन**

- 8 मई 2024 : श्री शुकदेव जयंती आज।
- 8 मई 2024 : श्री शुकदेव जयंती आज।

**खतरा** गर्मियों में बढ़ा आगजनी का खतरा, लोग जंगलों में न करें माचिस व अन्य वस्तु का इस्तेमाल

# जंगलों में भयंकर आग से सहमे लोग, घरों को खतरा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

वन परिक्षेत्र डलहौजी के अंतर्गत पंचायत ढलोग के गांव बड़ेरू, समलैटा एवं ढुंडियारा के साथ लगते जंगल में प्रचंड आग लगने से रिहायशी घरों को खतरा पैदा हो गया। गांव के साथ लगते चीड़ के पेड़ों के पत्तों को वहां से साफ कर दिया ताकि आग घरों की और ना बढ़ सके। रात होने तक भीषण आग पर लगभग काबू पा ही लिया गया किंतु सुबह होते होते आज में पुन: प्रचंड रूप धारण कर गांव बड़ेरू के पास पहुंच गई जिससे स्थानीय ग्राम वासियों में डर का माहौल पैदा हो गया।

वन परिक्षेत्र डलहौजी के बीओ अनिल जसवाल की अगवाई में बचाव कार्य शुरू किया गया, जिसमें काफी हद तक वन विभाग को कामयाबी मिलती दिखाई दी। इस बारे में जब स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान सुदेश कुमारी ने बताया कि उन्होंने वन विभाग को आग के बारे में जानकारी दे दी थी तथा तुरंत वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया था। स्थानीय ग्राम वासियों ने आग पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाला हुआ है।

गांव डूंडियारा में भी जंगल में लगी अचानक आग ने इतना प्रचंड रूप धारण कर लिया कि ग्रामीणों का आज पर काबू पाना अत्यंत मुश्किल हो गया जिसे उन्होंने दूरभाष के माध्यम से अग्निशमन विभाग को सूचना दी तथा अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया तथा जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अगर समय रहते उन्हें सूचना नहीं दी गई होती तो जंगल के साथ लगते घर आग की भेंट चढ़ सकते थे और जिससे भारी जानी माली नुकसान देखने को मिल सकता था। (अनंत ज्ञान)

### लोग वन विभाग का करें सहयोग : रजनीश

**डीएफओ** डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि गर्मियां शुरू हो चुकी है और जंगलों में आग लगना स्वाभाविक है लेकिन वन विभाग इसको लेकर मुस्तैद है। लोग जंगलों में बीड़ी सिगरेट या सुलगती माचिस की तीली को जंगल में यहां वहां न फेंके जिससे आगजनी होने का खतरा पैदा हो। स्थानीय लोगों से यह भी अपील की कि लोग वन विभाग का सहयोग करें ।



जंगल में लगी हुई आग।

# दसवीं का परिणाम घोषित, 10 स्टूडेंट्स टॉप-10 में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार को दसवीं का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें जिला कुल्लू के 10 विद्यार्थियों ने भी टॉप टेन में जगह बनाई है। इन 10 विद्यार्थियों में आठ छात्राएं बजौरा स्थित स्नोर वैली स्कूल की ही हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य पूर्ण चंद ठाकुर ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अभी हाल ही में घोषित हुए 12वीं कक्षा की परीक्षा में भी स्नोर वैली स्कूल के चार विद्यार्थियों ने भी मेरिट में जगह बनाई है, जबकि उनमें से एक छात्रा छाया प्रदेश भर में पहले स्थान पर रही है। स्नोर वैली स्कूल की की छात्रा तितिक्षा ठाकुर ने 696( 99.43) प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान हासिल किया है। छात्रा भविष्य में विशेषज्ञ चिकित्सक बनना चाहती हैं। छात्रा ने अपने लक्ष्य को हासिल करने की तैयारी शुरू किया है। वहीं, स्नोर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा की ही छात्रा श्रविका कश्यप ने चौथा स्थान हासिल किया है। छात्रा ने 696( 99.43) फीसदी अंक हासिल किए है। होनहार छात्रा कार्डियोलॉजिस्ट बन मरीजों की सेवा करना चाहती हैं। इसके अलावा मृदुल ठाकुर ने 694(99.14) फीसदी अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि मैथेमेटिक्स में पीएचडी करना चाहती है। वहीं, सुहानी ने 693 (99) फीसदी अंक लेकर सातवां स्थान हासिल किया है। सुहानी शिक्षक बनना चाहती है। वहीं, राशि ने 691 (98.71) फीसदी अंक लेकर प्रदेशभर में नौवां स्थान प्राप्त किया है। राशि का सपना इंजीनियर बनने का है। इसके अलावा कृतिका ने 691( 98.71) फीसदी अंक लेकर प्रदेशभर नौवां स्थान हासिल किया है। कृतिका का कहना है कि वह भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी बनकर सेवा करना चाहती है। वहीं, छात्रा रुचिका ने 690 ( 98.57) फीसदी अंक लेकर प्रदेशभर में दसवां स्थान हासिल किया है। रुचिका का सपना चिकित्सक बनना है। इसके अलावा लॉरेंस पब्लिक स्कूल च्वाई की पुण्या ठाकुर ने 696 ( 99.43 फीसदी) अंक लेकर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। पुण्या ठाकुर के टॉप टेन में जगह बनाने से जहां उनके परिजन खुश हैं। वहीं, क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। वहीं, हिमालयन कोनिफर पब्लिक स्कूल बुरुआ मनाली के छात्र हेमन व्यास ने प्रदेश भर में आठवां स्थान हासिल किया है। हेमन व्यास ने 700 में 692 यानी 98.86 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। हेमन व्यास ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि वह इंजीनियर बनना चाहता है।

# हेमन व्यास का लक्ष्य इंजीनियर बनना

## कहा- माता-पिता व गुरुजनों से सीखा है मेहनत करना

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। दसवीं कक्षा की मेरिट में हिमालयन कोनिफर पब्लिक स्कूल बुरुआ मनाली के छात्र हेमन व्यास ने प्रदेश भर में आठवां स्थान हासिल किया है। हेमन व्यास ने 700 में 692 यानी 98.86 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। हेमन व्यास ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

वह इंजीनियर बनना चाहते हैं। हेमन ने 11वीं कक्षा में मेडिकल संकाय में प्रवेश लिया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके लिए शिक्षकों और अभिभावकों का सहयोग प्रेरणादायक रहा है। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के लिए उन्होंने किसी तरह की अलग से पढ़ाई नहीं की है। उन्होंने अपने स्कूल हिमालयन कोनिफर पब्लिक स्कूल बुरुआ में ही सहपाठियों के साथ पढ़कर यह उपलब्धि हासिल की है।



### मां की खुशी का नहीं कोई ठिकाना

बेटे हेमन व्यास के प्रदेश भर में आठवें स्थान प्राप्त करने का समाचार सुनकर माता कमला देवी व पिता खेख बलबीर की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनके पिता अध्यापक हैं। उन्होंने अपने बेटे को मेहनत करना सिखाया है। उसकी मेहनत का इतना अच्छा नतीजा मिला, जिसे देखकर खुशी के आंसू निकल आए। मां कमला देवी का कहना है कि उनका बेटा शुरू से ही बहुत मेहनती है।

# कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के स्टूडेंट्स क ओर से 10वीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

23 विद्यार्थियों में से 15 बच्चों ने 90 फीसदी से ऊपर अंक लिए, जिसमें सबसे उत्कृष्ट स्थान पर सिमरन प्रथम 98.14 फीसदी, दीपक द्वितीय 97.24 फीसदी, मेघा ने 94 फीसदी अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक (एमडी) सुरेश कुमार ने छात्रों, अध्यापकों व अभिभावकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# लोकसभा चुनाव हैं किसी फिल्म की शूटिंग नहीं : विक्रमादित्य सिंह

## कंगना रनौत गर्मियों की छुट्टियां काटने 40 दिनों के लिए आई हैं मंडी, 4 जून के बाद मुंबई होंगी रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/आनी**





कुल्लू के शमशी में मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह (दाएं)जनसभा के दौरान कार्यकर्ता।

मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी अपनी सभाओं में बेबुनियाद बातें कर लोगों का मनोरंजन कर रही है।

कुल्लू के शमशी व आनी में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कंगना को न तो प्रदेश की कोई जानकारी है और न ही मंडी संसदीय क्षेत्र की। अपनी पराजय देखकर वह पूरी तरह बौखलाहट में है। वह गर्मियों की छुट्टियां काटने 40 दिनों के लिए मंडी आई हैं और चार जून के बाद मुंबई लौट जाएंगी। भाजपा प्रत्याशी जहां भी जा रही हैं, वहां का पहनावा पहनकर भाषण दे रही हैं। ये लोकसभा चुनाव है किसी फिल्म की शूटिंग नहीं कि वेशभूषा बदल-बदल कर लोगों के बीच जाएं। उन्होंने आनी क्षेत्र के लोगों को जहां जलोड़ी जोत टनल का निर्माण करवाने की बात कही। वहीं, बरोट से लगघाटी के लिए भू-भू जोत टनल का निर्माण प्राथमिकता के आधार करने का वादा किया। बागासराहन को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा।

### कुल्लू के लिए बड़े संस्थान की है जरूरत

सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि हम विक्रमादित्य सिंह की जीत दर्ज करवाने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे और कुल्लू जिले से 10 हजार मतों से लीड दिलवाएंगे। वहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री से उनके सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि निकट भविष्य में कुल्लू के एक बड़े संस्थान की जरूरत है, जो कि अब तक कुल्लू को नहीं मिल पाया है।

# मनाली में पाए गए मोतियाबिंद के 58 मरीज

**मनाली।** मनाली के मिशन अस्पताल में निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी है। अस्पताल प्रबंधन ने छह से नौ मई तक कैंप का आयोजन किया है। प्रबंधन की माने तो 488 से अधिक मरीजों की आंखे जांची गईं, जिनमें 58 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया। आज मोतियाबिंद के 10 ऑपरेशन भी किए गए।

इस नेत्र शिविर में सीएमसी लुधियाना के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष एमएस नेत्र विज्ञान डॉक्टर नितिन बत्रा अपनी टीम के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉक्टर को इस क्षेत्र में 25 साल का अनुभव है। शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नेत्र जांच के साथ-साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। यह शिविर नौ मई तक चलेगा। मिशन अस्पताल मनाली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. फिलिप ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन हर साल अपने अस्पताल में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन करता है।

# 20 पंचायतों को किया जा चुका क्षेय रोग मुक्त : तोरुल रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने मंगलवार को राष्ट्रीय क्षेय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कुल्लू जिले को क्षेय रोग मुक्त बनाने के लिए सघन अभियान चलाया जाए इस कार्य में पंचायतीराज संस्थाओं विशेषकर पंचायत जिले में 229 ग्राम पंचायतों में केवल 24 पंचायतों ने क्षय रोग मुक्त पंचायत होने का दावा पेश किया है, इनमें से केवल 20 पंचायतों को क्षेय रोग मुक्त किया जा चुका है।

डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को क्षेय रोग के बारे में जागरूक करने के लिए और अधिक जागरूकता शिविर ग्राम व पंचायत स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को पंचायतीराज विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा और हर माह बीडीओ की प्रधानों की बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए। जिला क्षेय रोग अधिकारी डॉ. सुरेश ने बताया कि जिले में 2023 में 1492 क्षेय रोगियों का उपचार किया गया। बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन की कंसल्टेंट डर अवंतिका नायर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश चंद, जिला आयुर्वेद अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### मांगें न मानी तो होगा लोकसभा के चुनाव का बहिष्कार



**पतलीकूहल।** कुल्लू के देवगढ़, शिरड, राइसन ओर बेंची पंचायतों के प्रतिनिधियों का एक अधिवेशन डीसी कुल्लू से मिला। शीहला गांव में बन रहे 1.5 मेगावाट के प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से इस का विरोध किया जा रहा है। बीते वर्ष जन मंच में भी पंचायत के सैकड़ों लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया था, जिसमें एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला के हस्तक्षेप करने पर लोगों को शांत किया गया। मंगलवार को पुनः पंचायत के सभी प्रतिनिधियों ने बैठककर आने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने बारे डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने बताया कि हाइड्रो प्रोजेक्ट लगने से इलाके की सैकड़ों बीघा भूमि सिंचाई विहिन हो जाएगी। क्योंकि इस घाटी में लोग सबसे अधिक फल व सब्जियों का उत्पादन करते हैं और इसी नाले में गांव के पीने के पानी के कई स्रोत होने के साथ-साथ देवी-देवताओं के भी पवित्र स्रोत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पोलिंग पार्टियों का दूसरा पूर्वाभ्यास 23 को

**कुल्लू।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस रवीश ने कहा कि कुल्लू में पोलिंग पार्टियों का द्वितीय पूर्वाभ्यास 23 मई को निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कुल्लू जिले मे पोलिंग पार्टियों का पूर्वाभ्यास 22 मई को निर्धारित किया गया था, जिसे अब प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर 23 को निर्धारित किया गया है।

### उम्मीदवारों के व्यय पर रखें निगरानी : सुरेश




**केलांग।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक सुरेश नंदनवर भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी ने केलांग मुख्यालय में व्यय निगरानी के कार्य में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी केलांग रजनीश कुमार व काजा से ऑनलाइन माध्यम से हर्ष अमरिंदर नेगी विशेष रूप से जुड़े रहे। केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक सुरेश नंदनवर ने कहा कि राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान किए जाने वाले विभिन्न व्यय पर कड़ी निगरानी रखने में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न करने से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने लिए निर्धारित कार्य को कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करें तभी चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित किया जा सकता है।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत की साफ-सफाई



**दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन दाड़लाघाट के ग्रामीण विस्तार में कश्लोग लाइम स्टोन माइन परिक्षेत्र के गांव में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। स्वच्छता पखवाड़ा में ग्रामीण विस्तार में कश्लोग, संघोई, चंडी, जाबलु, नौणी, नेवडी, ग्याना, मलावण, बटेड व सुल्ली सहित करीब 45 गांव में लोगों के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा और ग्राम सफाई में लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित कर पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रबंधक एसीएफ दाड़लाघाट व स्वास्थ्य समन्वयक ने बताया कि अंबुजा सीमेंट लिमिटेड और भारतीय खान ब्यूरो देहरादून क्षेत्र एवं अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के ग्रामीण विस्तार में एक मई से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

# देवताओं के मिलन के साथ आनी मेले का आगाज

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**





जिला स्तरीय आनी मेले के शुभारंभ मौके पर पहुंचे देवी देवता( दाएं) मेले के शुभारंभ मौके पर निकली देवताओं की शोभायात्रा।

ऐतिहासिक,प्राचीनतम, सांस्कृतिक 4 दिवसीय जिला स्तरीय आनी मेले का देवी-देवताओं के रानी बेहड़ा स्थित मेला मैदान में मिलन के साथ ही शुभारंभ हो गया।

जिला स्तरीय इस मेले में क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव, देवता पनेउईनाग, देवता कुलक्षेत्र महादेव, देवता देहुरीनाग, देवता बयुंगलीनाग अपने सैकडों देवलुओं के साथ शामिल हुए। इस वर्ष यह मेला ग्राम पंचायत आनी द्वारा प्रशासन और क्षेत्र की जनता के सहयोग से मनाया जा रहा है। क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव के सानिध्य में यह मेला पिछले 125 से ज्यादा सालों से मनाया जाता है, जैसे ही सभी देवी-देवता मेला मैदान पहुंचे, तो मेला कमेटी सदस्यों ने सभी देवी-देवताओं का स्वागत द्वार पर किया।

महिला प्रधानों की ओर से प्रधान रीना कटोच ने कहा कि मेले आपसी मेलजोल और प्राचीन लोक संस्कृति को संजोए रखने का माध्यम हैं। इस बार आनी मेला एक जून को होने वाले मतदान के चलते आदर्श आचार संहिता के बीच मनाया जा रहा है और इन चार दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मतदान के संदेशों को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहीं, शुभारंभ पर राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, हिमालयन मॉडल स्कूल, एसडीए मिशन स्कूल के स्टूडेंट्स ने पारंपरिक लोकनृत्य, नाटक, पंजाबी डांस, फिल्मी डांस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अधिक मतदान के प्रति प्रेरित करने को लेकर सुंदर रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट टूर्नामेंट लोकतंत्र व मतदान के लिए अनूठा मंच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



स्वीप कार्यक्रम के तहत स्पीति के ग्राम ताबो में थकचेन स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब के साथ एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन बतौर ने किया तथा इस आयोजन में एसडीएम (नागरिक) हर्ष नेगी, तहसीलदार काजा भूमिका व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और कर्मचारी उपस्थित रहे।

एडीसी राहुल जैन ने बताया कि मतदाता जागरूकता और मतदान भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट की लोकप्रियता का लाभ उठाने के उद्देश्य से एक रचनात्मक पहल की गई। स्वीप के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का यह आयोजन लोकतंत्र और मतदान के महत्व के बारे में चर्चाओं में सभी उम्र और पृष्ठभूमि के नागरिकों को शामिल करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। क्रिकेट के लिए साझा जुनून के माध्यम से लोगों को एक साथ लाकर, इस चुनाव पर्व में नागरिक जिम्मेदारियों के इर्द-गिर्द सार्थक बातचीत और संवाद के अवसर पैदा करता है।

# 18 छात्रों को प्रयास फाउंडेशन ने दी नए सत्र की पाठ्य सामग्री

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

### जमा एक और दो के स्टूडेंट्स को दीं पाठ्य पुस्तकें

प्रयास फॉउंडेशन भुंतर वर्ष-2008 से अपने अन्य सामाजिक कार्यों के साथ जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करती आ रही है।

प्रयास फाउंडेशन ने सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए जहां पाठ्य सामग्री, पुस्तकें, सहायक पुस्तकें, स्कूल बैग आदि उपलब्ध किए। वहीं इसके साथ फॉउंडेशन सभी पात्र विद्यार्थियों को मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में अप्रैल माह से शुरू हुए नए शिक्षा सत्र पर संस्था द्वारा +1 और +2 के आठ विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के साथ पाठ्य सामग्री व अन्य कक्षाओं के 10 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियां ओर अन्य स्टेशनरी के साथ सहायक पुस्तकें प्रदान की गईं।

संस्था के सह संचालक जीवन प्रकाश ने बताया कि प्रयास संस्था का जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई के लिए सहायता प्रदान करने का यह क्रम संस्था के सहयोगियों के द्वारा पूरे वर्ष जारी रहता है औ आगे भी संस्था इसी तरह से जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी।

# मौहल में 19 मई को होगा दंगल

**भुंतर।** 19 मई को कुल्लू के मौहल के डीएवी स्कूल ग्राउंड में विशाल दंगल का आयोजन किया जा रहा है। यह दंगल कमेटी के आयोजकों व आमजनता के सहयोग से करवाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश-विदेश के पहलवान इस दंगल में अपना दमखम दिखाएंगे। वहीं, महिला पहलवान भी यहां पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने पहुंचेगी। जय लखदाता पीर छींज कमेटी मौहल के चेयरमैन प्रवीन कुमार सूद, वाइस चेयरमैन राजिंद्र कुमार, प्रधान मुरारी लाल, सचिव राज कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील चौहान उर्फ सोनू आदि ने सभी कुश्ती प्रेमियों को आमंत्रित किया है।

# बागवानों को बचे टेलीस्कोपिक कार्टन प्रयोग करने की दी जाए छूट : राजीव

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



कृषि उपज विपणन समिति के मुद्दे को लेकर बैठक में भाग लेते बागवान।

सरकार ने सेब की पैकिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन को इस वर्ष से लागू कर दिया है।

सरकार ने सेब की संख्या ओर ट्रे की संख्या और कार्टन में सेब भरने की अधिकतम भार सीमा की अधिसूचना भी जारी कर दी है। यूनिवर्सल कार्टन की विस्तृत जानकारी को बागवानों तक पहुंचाने के लिए मंगलवार को कुल्लू फलोत्पादक मंडल की कार्यकारिणी समिति और कृषि उपज विपणन समिति के मध्य एक सयुंक्त बैठक का आयोजन मंडल के बागवान भवन में किया गया। इस बैठक में समिति की सचिव ने सरकार की ओर से जारी यूनिवर्सल कार्टन से संबंधित अधिसूचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बागवानों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया और साथ ही इस अधिसूचना को लागू करने में संभावित समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए। बागवानों की ओर से मंडल के महामंत्री राजीव ने मांग रखी कि पिछले वर्ष क्षेत्र में सेब की फसल कम थी, जिस कारण कई बागवानों के पास पिछले वर्ष के टेलीस्कोपिक कार्टन अभी भी बचे हुए हैं। इस वर्ष बागवानों को इन बचे हुए टेलीस्कोपिक कार्टन को प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की जाए। (अनंत ज्ञान)

**प्रदर्शन** सेउबाग-गाहर रोड के मामले में ग्रामीणों ने डीसी कुल्लू को सौंपा ज्ञापन, कहा-प्रधान जनता के लिए उपलब्ध नहीं रहते

# डीसी साहिबा! गाहर पंचायत में शीघ्र करवाई जाए विशेष ग्रामसभा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



डीसी कुल्लू से भेंट करते गाहर पंचायत के ग्रामीण विशेष ग्रामसभा करने की मांग करते हुए।

ग्राम पंचायत गाहर के ग्रामीणों ने डीसी कुल्लू से मुलाकात कर सड़क संबंधी और ग्राम पंचायत संबंधी मामले से अवगत करवाया साथ ही विशेष ग्रामसभा करवाने की भी मांग की।

मंगलवार को ढालपुर में स्थित डीसी कार्यालय में ग्राम पंचायत गाहर से आए ग्रामीणों ने सड़क मामले पर विरोध-प्रदर्शन कर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मुलाकात कर पंचायत में चल रही प्रधान की मनमानी के खिलाफ एक विशेष ग्रामसभा करवाने की मांग की इस दौरान समस्त ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत गाहर के पंचायत प्रधान के खिलाफ भी प्रदर्शन करते हुए बताया कि प्रधान जनता के लिए उपलब्ध नहीं रहते साथ ही किसी भी विकास कार्य में सहयोग नहीं देते। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान ठाकर चंद ने बताया कि सेउबाग-गाहर रोड पर एक व्यक्ति ने जेसीबी लगाकर सड़क को बंद कर दिया, जब ग्रामीणों को इस बारे में पता चला, तो सभी ने वहां पर पहुंचकर जेसीबी वाले को रोक दिया और कहा कि सड़क को जैसा था, वैसा ही बनाया जाए। इस अवसर पर पंचायत के प्रधान घटनास्थल से नदारद दिखे और साथ ही प्रधान ने पुलिस से कहा कि उक्त सड़क को बंद ही रहने दो। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत के सभी विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं और 15वें और 16वें वित्त आयोग का जितना भी पैसा आ रहा है वह ब्यास नदी के किनारे पर ही खर्च किया जा रहा है, जो कि हर बार जलस्तर बढ़ने के बाद डूब जाता है। इस दौरान खिमी देवी और रक्षा ठाकुर ने बताया कि सड़क को आए दिन बंद करने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### सड़क को बंद किए जाने से हो रहीं मुश्किलें



डीसी कुल्लू कार्यालय के बाहर सड़क बंद किए जाने के मामले में प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

रक्षा ने बताया कि सड़क से महिलाओं और खास तौर पर गर्भवती महिलाओं को आने-जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों को भी सड़क को बार-बार बंद किए जाने से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण जय चंद, गुप्त राम, वीर सिंह, कूर्म दत्त, ओम दत्त, जोगी ठाकुर, यशपाल, टेक सिंह, राजू, उमेश्वर, बंटी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कवि गणेश गनी को भुंतर सुधार समिति ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



प्रसिद्ध साहित्यकार एवं चर्चित कवि गणेश गनी को सामाजिक कार्यों के लिए भुंतर सुधार समिति ने सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व ग्राम संगठन की पूर्व अध्यक्ष कृष्णाा ने प्रशस्ति पत्र देकर गणेश गनी को जिला कुल्लू के भुंतर स्थित ऐतिहासिक संगम स्थल जिया में सम्मानित किया।

गणेश भारद्वाज को प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया। मेघ सिंह कश्यप, जो कि भुंतर प्रेस क्लब के अध्यक्ष भी हैं, उन्होंनेकहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि गणेश गनी सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। युवा और सामाजिक कार्यकर्ता उनसे प्रेरणा लेते हैं। यही कारण है कि इन्हें भुंतर सुधार समिति का मुख्य सलाहकार भी बनाया गया है। गणेश गणी की कविताओं का डंका समूचे भारतवर्ष में बजता है। यही नहीं गणेश गनी एक पत्रकार भी हैं, जिनकी लेखनी की धार आज भी काफी तेज है। सबसे अच्छी बात यह है कि सामाजिक सरोकारों में इनकी सराहनीय भमिका रहती है।

# कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहते हैं आदित्य

अनंत ज्ञान, रेणुका जी

एकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ददाहू के दसवीं के छात्र आदित्य ने बोर्ड की परीक्षा में पूरे प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है।



स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र ठाकुर व एमडी विजय ने बताया कि इस छात्र ने 99 फीसदी अंक हासिल कर अपना पूरे प्रदेश में अपना परचम लहराया है।

आदित्य इंजीनियर नाहन में नॉन मेडिकल में पढ़ रहा है। वह कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहता है। आदित्य ने बताया कि उसने कोई भी ट्यूशन नहीं पड़ी है। यह सब नंबर अपनी ही मेहनत से लिए हैं।

## रौड़ी और चंडी स्कूल में सराहनीय रहा दसवीं का परीक्षा परिणाम

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय रौड़ी का कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष कक्षा दसवीं में सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिनमें छात्रा मुस्कान ने 700 में से 618 अंक के साथ प्रथम, मीनाक्षी ने 614 अंक लेकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्याध्यापक सतीश कुमार ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को इस सराहनीय कामयाबी पर बधाई दी। वहीं, विद्यालय चंडी (अर्की) का परीक्षा परिणाम 96.30 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में राहुल मात्र दो अंको से मेरिट सूची में आने से रह गया। इस प्रकार राहुल ने 700 में से 688 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा ने 645 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान व श्रेया ने 626 अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य अमिता कौशल ने इस बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए अध्यापकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रधानाचार्य भूपेंद्र गुप्ता ने भी इस बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए पूरे विद्यालय परिवार अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी।

## इंजीनियर बनना चाहती कनिष्का

**नालागढ़** से सुखेंद्र पब्लिक स्कूल की छात्रा कनिष्का ने 98.71 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त हासिल किया। स्कूल के प्रधानचार्य सतीश कुमार ने कनिष्का के मैरिट में आने से स्कूल में मिठाई बांटी और अध्यापकों व अभिवावकों को बधाई दी। कनिष्का ने नान मेडिकल में दाखिला लिया है और वह इंजीनियर बनना चाहती है। उन्होंने अपने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व माता-पिता को दिया है।



## शत-प्रतिशत रहा कोटला स्कूल का परीक्षा परिणाम

**सोलन।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटला जिला सोलन का दसवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल कि छात्र आरुष शर्मा ने 700 में से 613 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह नमन ने 608 अंक लेकर दूसरा और नितिन ठाकुर ने 604 हासिल कर तीसरा स्थान अर्जित किया। प्रिंसिपल रंजल सहगल ने शत प्रतिशत परिणाम आने पर शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी।

## शत-प्रतिशत रहा धार टिकरी स्कूल में दसवीं का परीक्षा परिणाम



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धार टिकरी जिला सिरमौर की होनहार छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसके फलस्वरूप परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें मानसी पुत्री मोहर सिंह ने 700 में 627 अंक 90 फीसदी लेकर कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही अंजली पुत्री ओमप्रकाश ने 700 में से 588 अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, साक्षी ठाकुर ने 700 में 575 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। धार टिकरी स्कूल में लंबे अरसे से पांच विषयों के शिक्षकों के पद खाली चल रहे हैं, परंतु इसके बावजूद भी बच्चों ने खुद को साबित कर दिखाया। छात्रों का पढ़ाई के साथ-साथ अन्य शैक्षिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहता है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों से मिले सहयोग को दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य बंसीलाल नेगी और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर ने विद्यालय के बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर सभी बच्चों को इनके अध्यापकों सहित विद्यालय परिवार और अभिभावकों को बधाई दी।

## 12 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की परीक्षा

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच का दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में 17 में से 12 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इसमें नेहा ने 700 में से 563 अंक प्राप्त कर प्रथम, नीलम 557 अंक लेकर दूसरे तथा जतिन गौतम 527 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। कार्यकारी प्रधानाचार्य अमर सिंह वर्मा व स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष खेम राज ठाकुर ने विद्यालय के सभी अध्यापकों, अभिभावक माता-पिता तथा बच्चों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।



## सराहनीय रहा मांगू स्कूल का परीक्षा परिणाम

**दाड़लाघाट।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से दसवीं कक्षा के परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगू का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस विद्यालय की छात्र पीयूष ठाकुर ने 700 में से 634 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर जीवन ठाकुर ने 625 व तृतीय स्थान पर पूजा ने 608 अंक प्राप्त किए। कुल 22 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। उपप्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।

## मेरिट की सूची में आने से चूकी पांवटा साहिब की सपना

**पांवटा साहिब।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा साहिब की छात्रा सपना हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मेरिट की सूची में आने से कुछ अंक से चूक गई। हालांकि सपना ने 97 फीसदी अंक लेकर विशेष स्थान हासिल किया है। सपना गिरिपार के शिलाई क्षेत्र की रहने वाली है। उनके पिता किसान और माता कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। सपना ने बताया कि उन्होंने कक्षा 11वीं में मेडिकल साइंस लिया है और आगे नीट परीक्षा की तैयारी कर डॉक्टर बनेंगी। सपना ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनकी और उनके अध्यापकों की कड़ी मेहनत रही है। साथ ही कन्या स्कूल की अन्य बालिकाओं ने भी अच्छे अंक लिए हैं। प्रीति कुमारी ने 92 फीसदी, आरती ने 90 फीसदी और अंकिता ने भी 90 फीसदी अंक हासिल किए। इस उपलब्धि से स्कूल प्रशासन बेहद प्रसन्न है। स्कूल की अध्यापिकाओं ने कहा कि उन्हें यूं तो और अधिक आशाएं विद्यार्थियों से थी मगर फिर भी बच्चों ने बेहद शानदार परिणाम दिया है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर दीर्घायु प्रसाद ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 फीसदी रहा है। कक्षा दसवीं में कुल 105 बालिकाएं थी, जिनमें से 75 बालिकाएं पास हुई हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



## न्यूज ब्रीफ

### सुपरवाइजर के सस्पेंशन का जताया विरोध



**सोलन।** नगर निगम सोलन कर्मचारी संघ ने मंगलवार देर शाम को सांकेतिक हड़ताल कर वाटर सुपरवाइजर के सस्पेंशन का विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना है कि कमिश्नर ने बिना कर्मचारी का पक्ष सुने उसे सस्पेंड किया जबकि उसकी मामले में कोई संलिप्त नहीं थी। इसको लेकर नगर निगम में अब गति रोग बढ़ता नजर आ रहा है।

### पांच डिफाल्टर आढ़तियों के लाइसेंस किए सस्पेंड

**सोलन।** कृषि विपणन समिति सोलन ने बागवानों के उत्पादों का पैसा दबाने वाले पांच डिफाल्टर आढ़तियों के लाइसेंस सस्पेंड किए हैं। जानकारी के मुताबिक आढ़तियों के खिलाफ बागवानों की तरफ से बेचे गए सेब का पैसा न देने की शिकायत है। कृषि विपणन समिति की चेतावनी के बावजूद आढ़तियों ने बागवानों का पैसा नहीं दिया, जिसके चलते उन पर यह कार्रवाई की गई है। जिन पांच आढ़तियों के लाइसेंस सस्पेंड किए हैं, उनमें तीन सोलन और दो परवाणू सेब मंडी के हैं। कृषि विपणन समिति सोलन के सचिव डॉ. रविंद्र शर्मा ने बताया कि डिफाल्टर आढ़तियों को तब तक लाइसेंस नहीं दिया जाएगा, जब तक कि वे बागवानों का पाई-पाई रुपए नहीं लौटा देते। इसके बाद भी उन्हें तब ही लाइसेंस लेने के लिए पांच लाख की एफडी एपीएमसी सोलन के नाम जमा करनी होगी।

### अर्की में इंडियन ऑयल का ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**अर्की।** आज सुबह 6:30 बजे, एक इंडियन ऑयल का ट्रक, जो सुन्नी गैस एजेंसी से बद्दी गैस प्लांट की ओर जा रहा था, मंज्याट के पास एक तकनीकी समस्या के कारण अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 250 फीट नीचे एक नाले में जा गिरा। घटना में ट्रक से लदे खाली सिलिंडर भी नाले में बिखर गए। ट्रक के चालक सुनील कुमार को इस घटना में मामूली चोटें आईं, जिन्हें अर्की हॉस्पिटल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। डीएसपी संदीप शर्मा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। ट्रक में तकनीकी खराबी की संभावना जताई जा रही है, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई।

### अब मिल सकेगी कंसेंट टू आपरेटर की एनओसी

**बीबीएन।** प्रदेश भर में चुनाव आचार संहिता लगने के बाद से उद्योगों को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की कंसेंट की एनओसी न मिलने से काफी समस्या झेलनी पड़ रही थी, लेकिन चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद एनओसी जारी हो सकेगी। अब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड नियमों के तहत जांच के बाद एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। प्रदूषण बोर्ड ने चुनावों के चलते एनओसी जारी करना बंद कर दिया था, जिसके चलते बहुत से उद्योग, जिन्होंने निवेश के लिए आवेदन किया था, उनके मामले अधर में लटक गए थे। दूसरी तरफ जिनकी एनओसी एक वर्ष के बाद रिन्यूअल के लिए जानी थी, वह भी रिन्यू नहीं हो पा रही थी। ऐसे प्रदेश के हजारों उद्यमी और होटल मालिक परेशान थे, जिसका समाधान अब निकाल लिया गया है। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने कहा कि ऐसी विभागीय प्रक्रिया का चुनाव आचार संहिता से कोई लेना-देना नहीं होता है इसलिए ऐसी कार्यों को भविष्य में नहीं रोका जाना चाहिए। बीबीएन इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि यह फैसला काफी दिन पहले लिया जाना था और चुनाव आयोग का आभार किया और आग्रह किया कि ऐसे रूटीन के कार्यों को आचार संहिता के चलते नहीं रोका जाना चाहिए। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एसई प्रवीण गुप्ता का कहना है कि चुनाव आयोग से अनुमति मिल चुकी है और अब नियमों के तहत एनओसी भी जारी करना शुरू कर दिया गया है।

# रेहड़ी चालकों की शहर में अस्थायी व्यवस्था

## ओल्ड बस स्टैंड और सुबाथू रोड में मिली रेहड़ी लगाने की अनुमति, बैठक में नहीं बन पाई कोई सहमति

आर मोहन चौहान, सोलन

हाईकोर्ट के आदेश के बाद नेशनल हाईवे-5 से उठाए गए सोलन के रेहड़ी चालकों को आजीविका कामने की चिंता जरूर सता रही है पर अभी उन्हें स्थायी ठिकाना मिलने के लिए आचार संहिता के समाप्त होने का इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि नगर निगम ने कुछ रेहड़ी चालकों को ओल्ड बस स्टैंड और सुबाथू रोड में अस्थायी तौर पर रेहड़ी लगाने की अनुमति दी है।

इससे इस वर्ग को कुछ हद तक राहत मिली है पर बहुत से रेहड़ी चालक अभी भी घरों में बेरोजगार बनकर बैठे हैं। इस वर्ग ने भी निगम से शहर के नजदीक रेहड़ी लगाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)



सोलन के ओल्ड बस स्टैंड में अस्थायी तौर पर की गई तहबाजारी।

### स्वनिधि ऋण को चुकाने की चिंता

सैकड़ों रेहड़ी चालकों पर रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया। इस वर्ग को स्वनिधि ऋण को चुकाने की भी चिंता सता रही है। हाईवे से हटाने के बावजूद नगर निगम स्थायी ठिकाना देने में नाकाम हुआ है। निगम की रेहड़ी चालकों के साथ हुई बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई। दरअसल पूर्व में वेंडर मार्केट में आवंटित 55 बूथ का रेहड़ी चालकों को आदर्श आचार संहिता के चलते कब्जा नहीं मिला है। हालांकि निगम ने अब इलेक्शन कमीशन से अनुमति मांगी है, जबकि नए वेंडर जोन के चयन को लेकर माथापच्ची चल रही है। ऐसे में सैकड़ों लाइसेंस धारकों को परिवार का पोषण मुश्किल हो गया है।



निगम ने अस्थायी तौर पर ओल्ड बस स्टैंड और सुबाथू रोड में कुछ रेहड़ी-फड़ी चालकों को अस्थायी जगह दी है। आचार संहिता हटने के बाद वेंडर जोन तय किए जाएंगे।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### कानून के तहत मिले स्थायी ठिकाना

मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति सपरून बाईपास सोलन ने शहरी निदेशालय को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेहड़ी-फड़ी चालकों को स्थायी ठिकाना दिलाने की मांग की है। इसके तहत विस्थापित किए जाने से पूर्व में स्ट्रीट वेंडर कमेटी की तरफ से नोटिफाइड वेंडिंग जोन से व्यावसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवा कर रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थापित करने का आग्रह किया है। रेहड़ी-फड़ी विकास समीति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि विस्थापित रेहड़ी चालकों को नगर निगम सोलन की तरफ से घोषित 10 वैंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाए और नगर निगम सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन वेंडिंग जोन से व्यावसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवाएं, ताकि रेहड़ी-फड़ी लाइसेंस धारक व गैर लाइसेंस धारकों को कारोबार की आसानी हो सके।

# हिंदू देवी-देवताओं की अश्लील तस्वीरें वायरल होने पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, बीबीएन

हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। बद्दी के भुड्ड बैरियर के निकट एक सैलून चलाने वाले युवक की दुकान से इस मामले का खुलासा हुआ।

पुलिस थाना बद्दी में राजन ने बताया कि वह जब उस दुकान पर गया तो वहां पड़े मोबाइल पर उसने हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरों के साथ बहुत ही गंदे व्यवहार वाली तस्वीरें मोबाइल के अंदर देखी उसने वह मोबाइल पकड़ा और देखा की उसके अंदर काफी गंदी तस्वीरें थी। इसके बाद उसने वहां मौजूद मोबाइल के मालिक से पूछताछ की और सारे मामले की जानकारी पंचायत मलपुर की प्रधान सरोज देवी को दी। सरोज देवी ने पूछताछ के बाद यह मामला पुलिस तक पहुंचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सैलून संचालक नुर्शाद अली को हिरासत में लिया।

पुलिस ने पूछताछ की तो उसने दो अन्य युवकों अमन व अन्य का नाम लिया। पुलिस ने दोनों को थाने में तलब किया और उनके मेडिकल करवाने के बाद पूछताछ शुरू कर दी है। दोनों युवक उत्तरप्रदेश के हैं, जिनकी पहचान मुर्शाद अली मोरादाबाद और अमन रामपुर जिले के निवासी से हुई।

### मोबाइल जब्त कर जांच की जा रही

पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेने के बाद दोनों के मोबाइल जब्त कर लिए हैं और जांच की जा रही है। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि इस मामले की जांच शुरू कर दी है और आईटी एक्ट व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है।

# सनातन विरोधी हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू : राजेंद्र ठाकुर



सिरमौर रेणुका भाजपा मंडल की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर रेणुका भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि सनातनी विरोधी हैं।

सुक्खू इन दोनों नेताओं ने बताया कि पांच मई को मां भगायणी मेला हरिपुरधार में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने आए थे, लेकिन वह माता के दर्शन करने मां भगायणी मंदिर नहीं गए, जहां पर बाहरी राज्यों से हजारों की तादाद में माता के भक्त दर्शन करने आते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री माता भगायणी के दर्शन किए बिना ही वापस शिमला चले गए। इस पर जिला सिरमौर वासियों ने हैरानी जताते हुए कहा कि सुक्खू ने देवी-देवताओं का अपमान किया है। मुख्यमंत्री ने कर्नाटक में भी सनातनी विरोधी बयान दिया था, उन्होंने अपने बयान में कहा था कि हमने हिमाचल विधानसभा चुनाव में 95 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराया है शायद मुख्यमंत्री यह भूल गए हैं कि आपको मुख्यमंत्री किसने बनाया है ऐसी बयान बाजी करना आपको शोभा नहीं देता क्योंकि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है।

# सोलन में दूसरे चरण की रिहर्सल अब 24 मई को

**सोलन।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 53-सोलन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दूसरे चरण की रिहर्सल की तिथियों में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

निर्वाचन क्षेत्र के सभी पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों की यह रिहर्सल पहले 23 को निर्धारित थी, लेकिन अब यह रिहर्सल 24 को डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के एलएस नेगी सभागार में होगी। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी।

# विधायक विनय नहीं चाहते हरिपुरधार और महल क्षेत्र का विकास : मेलाराम

अनंत ज्ञान, राजगढ़

रेणुका के विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार हरिपुरधार और महल क्षेत्र का विकास कतई नहीं चाहते। जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि यह बात उसे वक्त बिलकुल स्पष्ट हो गई जब विनय कुमार ने मुख्यमंत्री के साथ हरिपुरधार मेले के समापन समारोह में मंच पर पहुंचते यह फरमान जारी कर दिया इस समापन समारोह में विनय कुमार, विनोद सुल्तानपुरी और सुक्खू के अलावा मंच से कोई भी अन्य स्थानीय नेता भाषण नहीं देगा।

इस बात पर स्थानीय कांग्रेसी नेताओं और मेला कमेटी के सदस्यों में बवाल खड़ा हो गया और मेला कमेटी की ओर से स्थानीय नेता और मेला कमेटी सदस्य बृजराज ठाकुर ने विधायक के विरोध के बावजूद अपना भाषण शुरू कर दिया। विनय नहीं चाहते की कोई स्थानीय नेता इस क्षेत्र की मुख्य मांगें मुख्यमंत्री के सामने रखें। विधायक विनय के इस रवैये से मेला कमेटी और क्षेत्र के लोगों में भारी रोष पनप गया है। विनय ने हरिपुरधार और महल क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष एक भी शब्द नहीं बोला और न ही किसी प्रकार की स्थानीय समस्या व मांग को मुख्यमंत्री के सामने रखा।

### नेताओं की आपसी खुन्नस खुलकर आई सामने



जिला प्रवक्ता ने बताया कि जिन कांग्रेसी नेताओं को हरिपुरधार क्षेत्र के विकास की थोड़ी बहुत चिंता है उन्हें विधायक हमेशा हाशिए पर धकेलने की चेष्टा करते आ रहे हैं और चाटुकार नेताओं की ही बातों में आकर क्षेत्र का विकास नहीं होने दे रहे हैं। हरिपुरधार मेले में मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान क्षेत्र के प्रति विधायक की मंशा और कांग्रेसी नेताओं की आपसी खुन्नस खुलकर सामने आ गई, जिससे इस क्षेत्र के विकास की उम्मीद ही खत्म हो गई है।

# मादक पदार्थ अधिनियम के 135 मामले 119 न्यायालयों में प्रेषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

### अन्वेषण अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं का किया आयोजन

जिला पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के अभियोगों के अन्वेषण की गुणवत्ता में आमूलचूल सुधार लाए जाने को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। इसी क्रम में पिछले एक वर्ष के दौरान जिला पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के अभियोगों के अंवेषण की गुणवत्ता में सुधार के लिए अन्वेषण अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया।

इन कार्यशालाओं के दौरान विधि विभाग के विशेषज्ञों की ओर से जिले के अन्वेषण अधिकारियों को मादक पदार्थ अधिनियम के मामलों में विभिन्न माननीय न्यायालयों की ओर से पारित अद्यतन आदेशों/ अधिसूचनाओं/ व्यवस्थाओं से अवगत करवाते हुए उन्हें इन मामलों के अन्वेषण संबंधी बारीकियों से अवगत करवाया जा रहा है। सोलन पुलिस द्वारा अभी तक जिले के 150 से ज्यादा अन्वेषण अधिकारियों को मादक पदार्थ अधिनियम के अन्वेषण संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं में प्रशिक्षण दिया गया है। इन विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। विगत एक वर्ष के दौरान जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थ अधिनियम के 135 मामलों में से 119 मामले विभिन्न न्यायालयों में प्रेषित किए गए हैं।

# मतदान के लिए प्रेरित करेगा 'ईट प्योर वोट फॉर श्योर' अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

सोलन जिले में प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने एक विशेष अभियान 'ईट प्योर वोट फॉर श्योर' लांच किया। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत इस अभियान के दौरान सोलन शहर में मतदाताओं को आगामी एक जून को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसमें सोलन शहर में स्थित विभिन्न होटल अपना सहयोग करेंगे। इसके लिए संचालकों की ओर से पूरे परिवार द्वारा मतदान करने पर मतदान दिवस पर उनके होटल में दोपहर अथवा रात का भोजन करने पर 20 प्रतिशत तक डिस्काउंट का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अतिरिक्त लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के दृष्टिगत होटल संचालकों की ओर से प्रत्येक बिल पर मतदान अवश्य करने की स्टैंप भी लगाई जाएगी। होटल व रेस्त्रां के प्रवेश द्वार व अन्य मुख्य स्थलों पर इस अभियान से संबंधित प्रचार सामग्री भी लगाई जाएगी।

जिले की स्वीप टीम एवं सोलन होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के इन प्रयासों की सराहना करते हुए मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का महत्व है और मतदान करके हम अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली को सुदृढ़ कर सकते हैं।




डीसी सोलन मनमोहन शर्मा 'ईट प्योर वोट फॉर श्योर' लांच करते हुए।

### नोडल अधिकारी दायित्वों का निष्ठा से करें निर्वहन

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिले में नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के सातवें चरण के लिए आज अधिसूचना जारी हो गई है। इसके साथ ही जिले में भी निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य चरण में प्रवेश कर गई है। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

# दंगल में चंडीगढ़ के आशीष ने दिनेश को हराकर जीती बड़ी माली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

लॉरेंस स्कूल के प्रांगण में एक दंगल मेले का आयोजन स्कूल कमेटी द्वारा किया गया। इस मेले में 70 से अधिक पहलवानों ने भाग लिया, जिनमें हिमाचल, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, और दिल्ली के पहलवान शामिल थे और उन्होंने धूमधाम से दमखम दिखाया।

लॉरेंस स्कूल, सनावर के प्रधानाध्यापक, हिम्मत सिंह ढिल्लों ने इस मेले में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। दंगल कमेटी सनावर ने स्कूल के प्रधानाध्यापक को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस दंगल में छोटी माली अमरीक कीप्स स्कूल और ऋतिक बजरंग खाड़ा धर्मपुर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अमरीक ने विजय हासिल की। बड़ी माली के का मुकाबला आशीष चंडीगढ़ और दिनेश बाबा रोहतक के बीच हुआ, जिसमें पहलवान आशीष चंडीगढ़ ने विजय प्राप्त की। इस मौके पर दंगल कमेटी के प्रधान, हुकम चंद, उपप्रधान राजेश कुमार, स्कूल के उपप्रधानाध्यापक रवि कुमार और स्कूल के पीआरओ राजपाल सिंह चौहान मौजूद रहे।



**बैठक** मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

# स्वीप के अंतर्गत जारी गतिविधियों का जाना ब्यौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों से संबंधित आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोलन तथा सिरमौर जिले में चुनावी प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न की जा सके। प्रबोध सक्सेना ने दूसरे राज्यों से लगते सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने, शिकायत निगरानी प्रणाली के तहत आदर्श आचार संहिता से जुड़ी शिकायतों के त्वरित और समयबद्ध निपटारे, व्यय निगरानी प्रणाली, मतदान दलों की रवानगी, ईवीएम व स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने, मद्य व अन्य मादक पदार्थों की जब्ती सहित विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वीप के अंतर्गत जारी गतिविधियों का ब्यौरा भी प्राप्त किया। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने जिले में की गई तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिले में पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 592 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 314 मतदान केंद्रों को वेबकास्टिंग सुविधा के लिए चयनित किया गया है।



लोकसभा चुनाव को तैयारियों को लेकर बैठक करते मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

### 42 क्रिटिकल मतदान केंद्र किए चिन्हित

जिले में 42 क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं, 20 आदर्श मतदान केंद्र, 10 महिला संचालित तथा पांच युवा संचालित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह एवं पुलिस जिला बद्दी इलमा अफरोज ने चुनावों के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबंधों पर विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर जिले से संबंधित ब्यौरा प्रस्तुत किया, जबकि पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने सुरक्षा उपायों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# सुबाथू मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने 54-कसौली (आजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत राजकीय केंद्र कन्या प्राथमिक पाठशाला सुबाथू 54/16 सुबाथू छावनी-2 मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र में बूथ स्तर अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर, मतदान केंद्र तथा विधानसभा क्षेत्र की संख्या व नाम आदि के अंकन के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही मतदान केंद्र में मतदान दिवस पर उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



# दसवीं के रिजल्ट में छात्रा कशिश टॉप-टेन में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणामों में हर साल शिद्दत से अपना नाम दर्ज करवाने वाले घुमारवीं के मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस बार भी अपनी परंपरा को बरकरार रखा है।

दसवीं के परीक्षा परिणाम में बोर्ड की जारी मैरिट सूची में मिनर्वा स्कूल के चार बच्चों ने टॉप-टेन में नाम दर्ज करवाया है। बच्चों को बधाइयां देने का तांता लगा हुआ है। स्कूल के प्रिंसिपल परवेश चंदेल सहित राकेश चंदेल व विनय ने बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। मिनर्वा स्कूल की छात्रा कशिश ने बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन सूची में छठा स्थान झटका है। उसने 700 में 694 अंक प्राप्त किए है। कशिश का कहना है कि दिन-रात कड़ी मेहनत से उसने इस उपलब्धि को हासिल किया है। मिनर्वा स्कूल से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दर्शील ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट लिस्ट में प्रदेशभर में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उसने 700 में से 692 अंक प्राप्त किए है। दर्शील का कहना है कि कड़ी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मिनर्वा स्कूल के आरव शर्मा ने मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उसने 700 में से 692 अंक प्राप्त किए है। मिनर्वा स्कूल के छात्रा प्रियल रतवान ने 691 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में नौवां स्थान हासिल किया है।



## छात्रा पायल ने प्रदेश भर में प्राप्त किया दसवां स्थान



**सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में तहसील सुन्नी की ग्राम पंचायत धरोगड़ा के राजकीय उच्च विधालय संदोआ की छात्रा पायल ने टॉप टेन में जगह बनाई है। पायल ने 98.57 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में दसवां स्थान प्राप्त किया है। समूचा क्षेत्र छात्रा की इस उपलब्धि से गदगद है। बता दें की संदोआ के एयोग गांव से संबंध रखने वाली छात्रा पायल के पिता सत्य प्रकाश किसान है और माता व्यासा देवी गृहिणी है।

## क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल जुन्गा की प्रगति ने झटके 641 अंक


आरूषि ठाकुर।

**जुन्गा (शिमला )।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवी कक्षा के परिणाम में क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल जुन्गा की प्रगति शर्मा ने 700 में से 641 अर्थात 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल व समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है । जबकि इसी पाठशाला की आरूषि ठाकुर ने 635 अंक अर्थात 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया । प्रधानाचार्य एमके शर्मा ने बताया कि स्कूल में दसवीं कक्षा में केवल दस विद्यार्थी थे जोकि सभी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए है ।


प्रगति शर्मा।

## दसवीं के रिजल्ट में चमका हर्षित

**कोटखाई ।** विद्यालय के छात्र हर्षित थोपटा पुत्र कपिल थोपटा और माता श्रीमती ममता थोपटा ने स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं का वार्षिक परीक्षा मे 582/700 (83 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल देव शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि पर शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को बधाइया दी।


हर्षित थोपटा।

## रिजल्ट में शांति भूषण और वंशिका ने मारी बाजी

**रिकांगपिओ।** दसवीं की परीक्षा परिणाम में सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रिकांगपिओ के छात्र शांति भूषण पुत्र बाबूराम 700 में से 633 अंक 90.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कि स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी स्कूल की छात्रा वंशिका पुत्री हीरा चंद ने 700 में से 621(89 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा दोनों बच्चों व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। साथ ही विद्यालय प्रबंधक ने दोनों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों व परिवार को हार्दिक बधाई दी।

## रिजल्ट शत-प्रतिशत

**कोटखाई।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुम्मा (कोटखाई) का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की दो छात्राओं सानवी चौहान और वंशिका शर्मा ने मार्च 2024 में संचालित स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 686/700 98 प्रतिशत अंक और छह बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमेश कुमार मेहता ने इस शानदार उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों, बच्चों और स्थानीय जनता को बधाइयां दी ।


वंशिका।


सानवी।

## दसवीं के परीक्षा परिणाम में शिक्षा खंड नेरवा की छात्राएं छाईं

**नेरवा।** एचपीबोस द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परिक्षा परिणाम ने ओवरऑल परिणाम की तरह शिक्षा खंड नेरवा में भी लड़कियों का ही दबदबा रहा । शिक्षा खंड के अंतर्गत पहले तीन स्थानों पर छात्राएं ही काबिज रही है। इसमें से नेरवा स्कूल की छात्रा मनीषा ने 668 (95.5 फीसदी)अंक हासिल कर प्रथम एवं जाखू पब्लिक स्कूल नेरवा की छात्रा स्तुति सूद ने 661 (94.4 फीसदी) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया है । शिवम ने 656 तथा पारुल ने 647 अंक लेकर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया है॰ जबकि जाखू पब्लिक स्कूल में स्तुति प्रथम, 632 अंक लेकर निखिल द्वितीय एवं अभिनव एवं हिना 593 अंक लेकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे । नेरवा स्कूल 108 छात्रों ने बोर्ड परिक्षा दी थी, जिसमे से 94 छात्र पास,नौ फेल एवं पांच की कम्पार्टमेंट आई है ।

## खुशबू जुन्गा स्कूल में आई प्रथम

**जुन्गा (शिमला) ।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा की खुशबू ठाकुर ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 700 में से 620 अर्थात 89 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जबकि अनुज ने 582 अंक लेकर द्वितीय व कनक मेहता ने 581 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। हालांकि पाठशाला का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 93 फीसदी रहा है ।

## नवलोक आदर्श स्कूल खनसरा मैंहरी का रिजल्ट बेहतरीन

**घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत नवलोक आदर्श विद्यालय खनसरा मैहरीं में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 21 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें से कृतिका कुमारी पुत्री राजेश कुमार ने 700 में से 682 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अभिषेक शर्मा पुत्र राजेंद्र कुमार ने 639 अंक लेकर दूसरा तथा गौरी शर्मा पुत्री जितेंद्र कुमार ने 628 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा वंशिका शर्मा ने 627, आरव शर्मा ने 623, शगुन शर्मा ने 620 तथा दीक्षित ठाकुर ने 700 में से 619 अंक प्राप्त किए।

# दसवीं के परिणाम में ग्रेस मॉडर्न स्कूल का दबदबा, 95 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**

स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं के परीक्षा परिणाम में ग्रेस मॉडर्न स्कूल घुमारवीं के छात्रों ने बेहतर पॉजिशन लेकर दबदबा कायम किया है। स्कूल की अक्षरा शर्मा 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही। वहीं, आदित्य ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान अर्जित किया। स्कूला परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा।

इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या पवना सांख्यान बच्चों की सफलता से काफी खुश नजर आई। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक जितनी मेहनत करते हैं बच्चे उससे दोगुनी मेहनत करत हैं। उन्होंने अपने इन छात्रों की कामयाबी के लिए स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और बच्चों की बधाई दी। खुशी के इस मौके पर पूरे स्कूल में उत्तीर्ण हुए बच्चों ने मठाई बांटी। गौरतलब है कि ग्रेस मॉडर्न स्कूल क्वालिटी एजुकेशन में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। यही वजह है कि इलाके के लोग अपने बच्चों को इस स्कूल में शिक्षा दिलाने के लिए लालायित रहते हैं।


ग्रेस मॉडर्न स्कूल के छात्रों को मिठाई खिलाते हुए।

## बरठीं स्कूल का परिणाम शानदार

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इसमें बिलासपुर जिला के शिवम शर्मा ने प्रदेशभर ने तीसरा स्थान हासिल कर अपने स्कूल के अध्यापकों व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि बिलासपुर जिला के झंडूता उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरठीं के तीन छात्रों ने प्रदेशभर में टॉप-10 में स्थान हासिल किया है। जहां एक ओर शिवम शर्मा ने 700 में से 697 अंकों के साथ 99.57 प्रतिशत अंक हासिल किए तो साथ ही अदिति शर्मा ने 700 में से 694 अंकों के साथ ही प्रदेश में छठां स्थान हासिल किया। वहीं, रिजवल संख्यान ने 700 में से 691 अंक हासिल कर प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया है। वहीं, टॉप 10 में स्थान हासिल करने वाले तीनों ही होनहार छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता व अध्यापकों को दिया है तो साथ आगे चलकर डॉक्टर व इंजीनियर बनकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका अदा करने की बात की है। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरठीं के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रदेश में टॉप 10 में जगह बनाने वाले तीनो छात्रों को अपनी ओर से शुभकामाएं दी।

# धृति तेगटा ने हासिल किया तीसरा स्थान

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू उपमंडल की ऊखली मेंहदली पंचायत के ऊखली गांव की धृति तेगटा ने दसवी कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 700 में से 697 अंक हासिल कर प्रदेशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है।

होनहार छात्रा की इस उपलब्धि से उसके स्कूल, परिवार व समूचे रोहड़ू क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। प्रदेशभर टाप टेन में तीसरे स्थान पर रहने वाली धृति तेगटा को अपनी मेहनत के बल पर टॉप रैंक आने की तो पुरी पुरी उम्मीद थी। वहीं, तीसरा स्थान पाकर उसे अत्यंत प्रसन्नता हुई है। धृति के पिता मोहिंद्र पाल तेगटा पेशे से रसायन विज्ञान के शिक्षक है। जबकि माता मनीषा तेगटा गृहणी है। धृति रोहड़ू के ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पढ़ती है। इस उपलब्धि के बाद ग्लोरी स्कूल में छात्रों व अध्यापकों ने नाटी डालकर पूरा दिन जश्न का माहौल मनाया। दसवीं कक्षा में हासिल इस उपलब्धि के बाद मेधावी छात्रा धृति का कहना है कि वह नॉन मेडिकल की पढ़ाई कर अंतरिक्ष अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है।



## रोजाना दस घंटे पढ़ाई करती थी धृति

**धृति** स्वंय भी औसतन रूप से प्रतिदिन दस घंटे तक पढ़ाई करती है। धृति के पिता का कहना है कि उनकी बेटी पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी अव्वल रहती आई है। उन्होंने बताया कि भविष्य में अपनी बेटी की सफलता के लिए सपरिवार सदैव उसके साथ खड़े रहकर उसका मार्गदर्शन व मनोबल बढ़ाते रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी कैडेट्स जवाहर नवोदय डुगंरी के लिए रवाना

**दधोल।** चार एचपी एनसीसी कंपनी हमीरपुर के द्वारा संचालित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-182 में भाग लेने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल से एनसीसी कैडेट्स जवाहर नवोदय विद्यालय डुगंरी हमीरपुर के लिए रवाना हुए। एएनओ एनसीसी मनोज कुमार ने जानकारी दी। इसमें पाठशाला की कुल 25 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इसमें 17 लड़के और आठ लड़कियां हैं।

### शिक्षण संस्थान निकालेंगे मतदाता जागरूकता रैली

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला के सभी शिक्षण संस्थाओं ने अपने आसपास की क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी ने दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत पहली जून को मतदान होना है और इस चुनाव में सभी जिला के मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला बिलासपुर में सभी शिक्षण संस्थान में महीने के अंत तक एक, चार, सात, नौ, 13, 16, 20, 25 और 27 मई को जागरूकता मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी कॉलेज 13, 18, 21, 25, 28 मई को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन करेंगे। इसके अतिरिक्त जिला में एनएसएस के 700 स्वयंसेवक 21, 24 और 26 मई को जिला बिलासपुर के सभी पंचायत में लोगों के घर-घर जाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

### बैनर से युवाओं को करेंगे प्रेरित

**रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप एक्टिविटीज के तहत रोहड़ू के प्रसिद्ध पार्क के पास, रोहड़ू में रेहड़ी-फड़ी व ठेला लगाने वाले सभी व्यक्तियों ने वोट करेगा रोहड़ू के माध्यम से सामूहिक रूप से वोट करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में पिछले डेढ़ महीने से स्वीप गतिविधियां निरंतर चल रही है। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए आज रेहड़ी-फड़ी वालों ने वोट करेगा रोहड़ू के बैनर तले सभी उत्पाद बेचने का निर्णय लिया है। स्वीप कार्यक्रम में टारगेटेड अप्रोच अपनाते हुए यह कार्यक्रम किया गया है। इसके तहत सभी युवा जो शाम के समय में और दिन में गोलगप्पे, मोमोज, चाउमीन, आईसक्रीम या अन्य उत्पादों का सेवन करते है। उनको बैनर लगा कर वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डोड़रा क्वार के एसडीएम धर्मेश रमोत्रा के साथ-साथ स्वीप नोडल अधिकारी रोहड़ू प्रोफेसर भरत खेपान व उनकी टीम के सदस्य अनिल शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में लोकल न्यूज चैनल में टीवी लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से एसडीएम डोडरा क्वार धर्मेश रमोत्रा और प्रोफेसर भरत ने वोट देने के लिए लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से सभी से वोट देने की अपील की है।

### टी-डांग विद्युत परियोजना में मॉक ड्रिल आयोजित

**रिकांगपिओ।** उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिला के टी-डांग विद्युत परियोजना में आयोजित आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन कार्यों पर निरंतर कार्य कर रहा है, ताकि जनजातीय जिला में भूकंप, बादल फटना, भू-स्खलन जैसी आपातकालीन स्थितियों से त्वरित ढंग से निपटा जा सके और बहुमूल्य जानों को बचाया जा सके। उपायुक्त ने टी-डांग विद्युत परियोजना के अधिकारियों से आपदा प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की और उनके द्वारा हैड-रेस टनल व सर्ज शॉफ्ट में राहत एवं सुरक्षा उपकरणों पर जानकारी प्राप्त की। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन विद्युत परियोजनाओं में आपदा प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है तथा आपदा प्रबंधन सुरक्षा कार्यों में हर संभव मदद प्रदान करने के लिए तत्पर है ताकि आपातकालीन स्थिति में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, प्रथम वाहिनी नागरिक सुरक्षा किन्नौर केत्वरित प्रतिक्रिया दल, स्वास्थ्य, पुलिस व अग्निशमन विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके और प्रभावित लोगों को समयबद्ध सीमा में राहत पहुंचाई जा सके।

### प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन

**शिमला।** शिमला में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार, महासचिव नीतू वर्मा सोइन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा। महिला कांग्रेस ने मंगलवार को शिमला में राष्ट्रपति से मुलाकात कर देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें 'मास रेपिस्ट' प्रज्वल रेवन्ना को देश वापस लाकर कर्नाटक की सरकार को सौंपने में मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति इस मामले पर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी चुप्पी तोड़ने और अपराधियों का बचाव न करने के लिए कहेंगी।

## गांव-गांव में करेंगे भाजपा का प्रचार: नेगी

**रिकांगपिओ।** भाजपा अनुसूचित जनजातीय मोर्चा पूह मंडल की बैठक स्पिलो में हुई। बैठक में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के किए ग्राम स्तर पर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने व केंद्र की पिछले दस वर्षों में जनजातीय क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर ग्राम केंद्र प्रमुख की नियुक्ति की जाएगी। संतोषराज नेगी प्रांत महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजातिय मोर्चा ने कहा कि पूह मंडल में ग्राम केंद्र प्रमुख की नियुक्ति की गई है जो जनजातीय मोर्चे के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर पर जाएगी व पिछले दस वर्ष से जनजातीय क्षेत्रों के लिए किए गए केंद्र की योजनाओं का एक पत्रक का वितरण करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में वर्ष 2025 जनजातीय वर्ष घोषित किया है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 2025 में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे

# शिमला के हर घर को मिलेंगे सीवरेज कनेक्शन

## 10.37 करोड़ की लागत से किया जाएगा कार्य, बिछेंगी 22 किलोमीटर लंबी लाइन

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर के हर घर को सीवरेज कनेक्शन की सुविधा दी जाएगी। इन दिनों शहर में हर घर को सीवरेज लाइन से जोड़ने का कार्य जारी है। कंपनी द्वारा इस कार्य को शीघ्रता के किया जा रहा है। शहर में 10.37 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को किया जा रहा है। शहर में कुल 22 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई जा रही है।

इससे हर घर को अटैच किया जाएगा। शहर में लोगों द्वारा काफी लंबे समय से सीवरेज लाइन से जोड़ने की मांग की जा रही थी। अब इसके लिए कार्य की शुरुआत कर दी गई है। शहर के कंगनाधार, रझाणा, कच्चीघाटी, घोड़ीचौकी, पवाबो, न्यू शिमला व मज्याठ वार्ड को इससे जोड़ा जा रहा है। इनमें कंगनाधार व न्यू शिमला में 1.69 करोड़ रुपए, रझाणा व बड़ागांव में 1.94 करोड़ रुपए, कच्चीघाटी, बढ़ाई व आंजी में 1.89 करोड़ रुपए, खलीणी, झंझीड़ी व नेहरा में 1.47 करोड़ रुपए, कमयाणा व पवाबो में 1.60 करोड़ रुपए और घोड़ा चौकी व चमरोग में 1.78 करोड़ रुपए से सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इन दिनों टुटू व मज्याठ वार्ड में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। (अनंत ज्ञान)



### पंथाघाटी में 60 फीसदी कार्य पूरा

**शहर** के पंथाघाटी में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसका 60 फीसदी कार्य पूरा हो गया है और जल्द ही शेष कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। यहां 10.34 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन को बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मैहली व पंथाघाटी के लोगों की सुविधा के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा। यहां लगभग 90 लाख रुपए से ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इसके बनने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

### अधिकारी को फील्ड पर जाने के दिए निर्देश: सुरेंद्र

**पेयजल** कंपनी द्वारा इस क्षेत्र के सैकड़ों को लोगों को सीवरेज लाइन से जोड़ा जा रहा है। लेकिन यहां सीवरेज की पाइपों में खराब गुणवत्ता होने की आशंका जताई है। पाइपों की क्वालिटी का मुद्दा हाल ही में हुई नगर निगम की मासिक बैठक में भी उठ चुका है। इसपर महापौर सुरेंद्र चौहान ने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई थी। इस दौरान सीवरेज को लेकर पार्षद व अधिकारी के बीच खूब नोकझोंक भी हुई। मज्याठ वार्ड से पार्षद अनीता शर्मा ने अधिकारी से सीवरेज के कार्य की स्थिति को लेकर सवाल किए। इसपर अधिकारी ने कहा कि उनके क्षेत्र में 17 किलोमीटर की लाइन बिछनी थी, लेकिन 20 किलोमीटर तक बिछा दी गई है। लेकिन यहां एसटीपी का निर्माण नहीं किया गया है। पार्षद का कहना था कि कार्य में लेटलतीफी दिखाई जा रही है। इसपर महापौर सुरेंद्र चौहान ने अधिकारी को फील्ड पर जाने के निर्देश दिए।

## डॉ. सचदेवा ने जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**जुन्गा ( शिमला )।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, राज्य संसाधन केंद्र और जन स्वास्थ्य अभियान के संयुक्त तत्वावधन में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण का 37वां स्थापना दिवस मनाया गया। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने बताया कि देश में संपूर्ण साक्षरता अभियान के संचालन के लिए पांच मई 1988 को राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना की गई थी। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की राष्ट्रीय इकाई भारत ज्ञान विज्ञान समिति साक्षरता मिशन का एक अहम हिस्सा रहा है। इससे देश भर में साक्षरता के लिए वातावरण बनाने और अभियान के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने में योगदान रहा। वहीं, डॉ. सचदेवा ने लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की। इसमें आईजीएमसी से डॉ. अमित सचदेवा ने हाथ धोने के महत्व और तरीकों पर चर्चा की गई।



**बिलासपुर। बिलासपुर के विशाल ठाकुर का चयन उत्तराखंड न्यायिक सेवा 2022-23 में सिविल जज एवं ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर हुआ है और इन्होंने देश भर में पहला स्थान हासिल करके इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इससे पहले पिछले वर्ष ही इनका चयन उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में भी हुआ है और वर्तमान में वे बतौर जज सेवाएं दे रहे हैं। विशाल ठाकुर के पिता नंदलाल ठाकुर दुकानदार हैं, माता बिंद्रा ठाकुर गृहिणी हैं एवं छोटे भाई विकास ठाकुर भी जज हैं।**

## जीत का मूल मंत्र देने आज बिलासपुर पहुंचेंगे जेपी नड्डा

**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिलासपुर पहुंचेंगे। बिलासपुर पहुंचने पर वह यहां पर 11 हजार पन्ना प्रमुखों के साथ सम्मेलन में शामिल होंगे, तो वहीं साथ में नेताओं को जीत का मूल मंत्री भी देंगे। इस अवसर पर नड्डा के साथ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल समेत वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। बिलासपुर के बाद नड्डा मंडी जिला में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए रवाना होंगे। खबर की पुष्टि करते हुए सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में पिछले दस वर्ष में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। इस अवधि में हर वर्ग के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं भी शुरू की गई हैं। आठ मई को बिलासपुर में जिला स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वह सम्मेलन में भाग लेने वाले लगभग 11 हजार पन्ना प्रमुखों का मार्गदर्शन करके उन्हें जीत का मंत्र भी देंगे।

**आयोजन** | राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में फेयरवेल पार्टी का किया आयोजन

# रितिका मिस एंड अभिषेक मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय (अणू) रोहड़ू में सोमवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें तृतीय वर्ष के छात्रों ने चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। इसकी थीम सफरनामा थी।

इस विदाई समारोह का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में हुआ। इसमें निदेशक व प्राचार्य प्रोफेसर विवेक कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, इस अवसर पर सभी संकाय का अध्यापक वर्ग व अन्य स्टाफ भी शामिल हुए। इसमें छठे और आठवें सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे पहाड़ी नाटी, बालीवुड नृत्य, भांगड़ा इत्यादि की प्रस्तुति दी। इस उपलक्ष पर रैंप, मॉडलिंग राउंड, एवं क्वेश्चन राउंड के बाद मिस फेयरवेल रितिका एवं मिस्टर फेयरवेल अभिषेक, मिस्टर जीसीपी-ध्रुव ग्रोवर, मिस जीसीपी दिव्या शर्मा, मिस्टर पर्सनेलिटी विशाल ठाकुर एवं मिस पर्सनेलिटी तन्वी नेगी को चुना गया। अध्यापक संकाय द्वारा वीडियो के माध्यम से दी गई शुभकामनाएं व आठवें सेमेस्टर के चार वर्ष पर बनाई गई वीडियो मुख्याकर्षण का कारण रही।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।

### कार्यक्रम में ये-ये रहे मौजूद

**संस्थान** के निदेशक व प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ से सहायक आचार्य डॉ. हरीश वर्मा, मीडिया प्रभारी रनीव ठाकुर, डॉ. प्रियंका नागू, डा. विनीत मेहता, डॉ. पंकज शर्मा, शिवानी राणा, पंकज जिंटा एवं चेतना झागटा इत्यादि मौजूद रहे ।

# विज्ञापन पर किए जाने वाले खर्च पर समिति रखे सतर्कता: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उम्मीदवार अथवा पार्टी द्वारा प्रचार के लिए प्रयुक्त विज्ञापन जाति, पंथ, राष्ट्र की एकता अखंडता और संप्रभुता के साथ-साथ व्यक्ति विशेष को प्रभावित न करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति की बैठक की और अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज तथा उम्मीदवारों द्वारा मीडिया और विज्ञापन पर किए जाने वाले खर्च के प्रति समिति सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार विज्ञापन छपवाने से पूर्व मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्रमाणीकरण करवाना आवश्यक सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया पर विज्ञापन चलाने से पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दल तथा उम्मीदवार प्रकाशन अथवा प्रसारित होने से तीन दिन पूर्व प्रमाणीकरण अनुमति आवेदन देना सुनिश्चित करे। जबकि गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के लिए ये अवधि सात दिन निर्धारित है। जबकि इस पर समिति द्वारा आवेदन प्राप्ति के उपरांत दो दिन के भीतर की समय अवधि में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल उपमंडल अधिकारी सदर अभिषेक गर्ग। गैर सरकारी सदस्य मान्यता प्राप्त पत्रकार अनूप शर्मा एवं अजय उपाध्याय उपस्थित थे।

# न्यूज ब्रीफ

## फीफा फुटसल महिला विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर

**जिनेवा।** पहली फीफा फुटसल महिला विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर है। ब्राजील के बाद क्रमशः स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना, कोलंबिया, थाईलैंड, रूस, ईरान, जापान और इटली शीर्ष 10 में हैं। कोस्टा रिका (20वें), न्यूजीलैंड (26वें) और मोरक्को (59वें) अपने-अपने क्षेत्रों से सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीमें हैं। पहला फीफा फुटसल महिला विश्व कप 2025 में आयोजित किया जाएगा, हालांकि फीफा ने अभी तक टूर्नामेंट के मेजबान और तारीख की घोषणा नहीं की है। अक्तूबर में ब्राजील ने लगातार तीसरी बार फुटसल कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब जीता, जिसमें 51 गोल किए और सिर्फ एक गोल खाया। विल्सन सबोइया की टीम ने मार्च में फेफ टूर्नामेंट भी जीता, जिसमें जापान, पुर्तगाल और स्पेन जैसी टीमें शामिल थीं।

## बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं : पोलार्ड



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया। सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा । मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

## भारतीय महिला टीम उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेलेगी दो मैत्री मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला टीम आगामी फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान 31 मई और 4 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ ताशकंद में दो दोस्ताना मैच खेलेगी। मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने बताया कि दो सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर हैदराबाद में श्रीनिदी डेक्कन एफसी के डेक्कन एरिना में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम 29 मई को उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होगी।

## टी-20 विश्व कप से पहले रोहित शर्मा को ब्रेक की जरूरत : क्लार्क



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने रोहित शर्मा के लगातार खराब स्कोर को तूल नहीं दिया, लेकिन कहा कि 'थके हुए ' भारतीय कप्तान को टी-20 विश्व कप से पहले तरोताजा होने के लिये ब्रेक की जरूरत है । अगले महीने टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करने जा रहे रोहित पिछली पांच पारियों में चार बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके।

## बारामूला में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी हैंडलरों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में मंगलवार को पाकिस्तान स्थित सात आतंकी हैंडलरों की संपत्तियां कुर्क कीं। पुलिस ने बताया कि बारामूला सेशन कोर्ट द्वारा जारी कुर्की आदेश मिलने के बाद पाकिस्तान स्थित सात आतंकी हैंडलरों की कुल 13 कनाल जमीन कुर्क की गई हैं, जिनकी कीमत लाखों में है। बयान में कहा गया है कि विभिन्न मामलों में सीआरपीसी की धारा 88 के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ उगला जहर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस्हाक डार ने ओआईसी की बैठक में कश्मीर का राग अलापते हुए कहा है कि भारत 5 अगस्त, 2019 की अवैध कार्रवाइयों को रद्द कर सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करे। उन्होंने कहा कि भारत कश्मीरी लोगों को उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित कर रहा है। इस मौके पर सऊदी अरब व ईरान के नेतृत्व वाले मुस्लिम गुट ने भी कश्मीर पर भारत पर निशाना साधा।

## तुर्किये ने इराक में किए हवाई हमले, 16 आतंकी हुए ढेर



**अंकारा।** तुर्किये ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) को निशाना बनाते हुए उत्तरी इराक में हवाई हमले किए। तुर्किये ने हमले में 16 पीकेके आतंकियों के मारे जाने का दावा किया है। पीकेके 1984 से तुर्किये के खिलाफ हथियार उठाकर विद्रोह कर रहा है, जिसे तुर्किये, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपियन यूनियन ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है।

## सेक्स वीडियो मामले में एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित

**बेंगलुरु।** सेक्स वीडियो पीड़िता के अपहरण के मामले की सुनवाई कर रही विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने पूर्व मंत्री और जेडी (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी है । पिछले दिनों लीक वीडियो में एचडी रेवन्ना के बेटे और हासन से सांसद तथा मौजूदा एनडीए उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना एक महिला का यौन उत्पीड़न करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में पीड़िता के बेटे ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना के खिलाफ उसकी मां के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसी सिलसिले में ओरोपी विधायक को गिरफ्तार किया गया है।

## नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल पार्टी में विभाजन

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड नीत गठबंधन सरकार की घटक जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-एन) में विभाजन हो गया है। जेएसपी-एन के ज्यादातर सांसदों एवं केंद्रीय समिति के दो दर्जन से ज्यादा सदस्यों ने चुनाव आयोग में नई पार्टी के लिए आवेदन किया है। पार्टी की संघीय परिषद के अध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में जेएसपी-एन के एक धड़े ने एक नई पार्टी के लिए आवेदन दिया है, जबकि पार्टी के अध्यक्ष एवं उपप्रधानमंत्री उपेंद्र यादव विदेश यात्रा पर हैं।

# प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स

### दोनों टीमों के 11 मैच में 12 अंक, पिछले तीन मैच हारी सनराइजर्स, नेट रनरेट बेहतर

**एजेंसी, हैदराबाद**

**बल्लेबाजों** के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है । अंक तालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं।

सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेऑफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है, क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं।



#### केएल राहुल बड़ी पानी खेलने में रहे नाकाम

**सनराइजर्स** के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है, जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे, जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

#### मयंक यादव के बाहर होने से बढ़ी दिक्कतें

**गेंदबाजी** में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या और रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

# दबाव में अच्छे फैसले लेता है रोहित : युवराज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारत** के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं, जिससे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी।

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी।

टी-20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा कि रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे कप्तान और समझदार कप्तान की जरूरत है, जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैम्पियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था।

## जायसवाल और शिवम दुबे पर भारत की उम्मीदों का होगा दारोमदार : रवि शास्त्री



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि टी-20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। दोनों प्लेयर एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं।

# कोहली, कार्तिक और सिराज पहुंचे धर्मशाला







**गगल।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली, दिनेश कार्तिक, मोहम्मद सिराज सहित टीम के अन्य खिलाड़ी इंडिगो विमान से गगल एयरपोर्ट पहुंचे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम 9 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी। सोमवार को कुछ खिलाड़ी धर्मशाला पहुंच गए थे, जबकि कुछ मंगलवार को पहुंचे हैं। गगल एयरपोर्ट से इन खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के साथ धर्मशाला के लिए रवाना किया।

# काइरेन विल्सन ने जीता पहला स्नूकर विश्व खिताब

**एजेंसी, लंदन**

**जैक जोन्स को 18-14 से हराकर**

**विश्व** के 12वें नंबर के खिलाड़ी काइरेन विल्सन ने स्नूकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में क्वालीफायर जैक जोन्स को 18-14 से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन का खिताब जीता।

विल्सन ने रविवार के पहले सत्र में पहले सात फ्रेम अपने नाम कर लिए। जोन्स की जोरदार वापसी के बावजूद उन्होंने तीन फ्रेम तक अपनी बढ़त बनाए रखी। 32 वर्षीय विल्सन ने फाइनल में 50 से अधिक अंकों के साथ चार सेंच्युरी और आठ ब्रेक बनाए, जिससे वह शेफील्ड के क्रूसिबल थिएटर में ट्रॉफी उठाने वाले 23वें खिलाड़ी बन गए। विल्सन ने कहा कि जब मैं छह साल का था, तब से मैंने इसका सपना देखा है। अपने पूरे परिवार के साथ इसे जीतना, बिल्कुल वैसा ही था जैसा मैंने सोचा था। मुझे लगता है कि मैं कई बार विश्व चैंपियन बन सकता हूं। पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतना सबसे मुश्किल होता है।



## उत्तराखंड के जंगलों में आग लगाने वालों पर लगेगा गुंडा एक्ट, संपत्ति होगी जब्त

**एजेंसी, देहरादून**



उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर धामी सरकार सख्त हैं। वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार हर मोर्चे पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेना की सहायता लेने के साथ अधिकारियों को भी ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के निर्देश दिए हैं।

जो भी अराजक तत्व जंगलों में आग लगाकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। जंगलों में बार-बार आग लगाने की घटनाओं में पकड़े जाने वाले व्यक्तियों पर गुंडा एक्ट लगाया जाएगा और ऐसे व्यक्तियों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर आग लगाने की घटनाएं सामने आई हैं, वहां पर वन विभाग के अधिकारी, एसडीएम एवं स्थानीय पुलिस बल की सयुंक्त टीम ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक एसओपी बनाई है। इसके तहत पहले फॉरेस्ट एक्ट, वाइल्ड लाइफ एक्ट अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

## चीन को मात देने के लिए अमेरिका बनाएगा स्विचब्लेड ड्रोन

**एजेंसी, न्यूयार्क**



रूस-यूक्रेन जंग के बीच चीन रूस को लगातार सस्ते ड्रोन बनाने की टेक्नोलॉजी दे रहा है। इसी ड्रोन से रूस को यूक्रेन पर बढ़त मिल रही है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि अब इसी टेक्नोलॉजी को मात देने के लिए अमेरिका 'स्विचब्लेड 600' ड्रोन बनाएगा, जो सस्ते और आधुनिक होंगे।

पेंटागन के मुताबिक, वह इसके लिए रिप्लिकेटर प्रोग्राम को रुपए दे रहा है। रिप्लिकेटर प्रोग्राम अमेरिका का एक खुफिया हथियार बनाने का एक प्लान है। इस प्लान के तहत अमेरिका नई टेक्नोलॉजी का यूज करके कंप्यूटर से चलने वाले हथियार बना रहा है। इनको चलाने के लिए इंसानों की जरूरत नहीं होती है। चीन अमेरिका की धमकी के बाद भी रूस को लगातार हथियार सप्लाई कर रहा है। अब अमेरिका चीन को जवाब देने के लिए नए हाईटेक ड्रोन बनाएगा और भविष्य में इन ड्रोन को अपने सहयोगियों को देगा।

## लोकतंत्र का महापर्व



गौतम अडानी ने अपने परिवार के साथ किया मतदान।



अखिलेश यादव व उनकी धर्मपत्नी डिंपल यादव ने डाला वोट।



बारामति में अजित पवार ने किया मतदान।



गुजरात के नडियाद में एक शख्स ने अपने दोनों हाथों को 20 साल पहले खो दिया था। इस वजह से उसने अपने पैरों से वोट डाला और लोकसभा के चुनाव में अपनी भागीदारी पूरी की।

## बीआरएस नेता के . कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित सीबीआई और ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामलों के सिलसिले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामले में कविता की हिरासत 20 मई तक और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामले में 14 मई तक बढ़ा दी है। उन्होंने मामले में सह-आरोपी चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। ईडी ने उनकी हिरासत बढ़ाने की मांग की थी। इसी अदालत ने अपराध की गंभीरता, उसके खिलाफ आरोपों की प्रकृति और मामले में लगाए गए अपराधों को ध्यान में रखते हुए मामले में कविता को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया।

## सोना और चांदी की कीमत में बढ़त जारी



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में 200 रुपए से 250 रुपए तक का उछाल दर्ज किया गया है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 72,060 रुपए से 72,220 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार किया। इसी तरह 22 कैरेट सोना 65,890 रुपए से 66,210 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिका। सोने की तरह ही चांदी में भी आज तेजी आई है।

## क्रिप्टो करंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करंसी मार्केट में मंगलवार को मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करंसीज में से 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार किया, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करंसी एथेरियम समेत 5 आभासी मुद्राएं गिरावट के साथ रेड जोन में बनी रहीं। भारत में क्रिप्टो करंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से मंगलवार शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64,028..42 डॉलर यानी 53.46 लाख रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

**जंग** इसराइली सेना का दावा- 20 आतंकवादी मार गिराए

# 'रफाह बॉर्डर पर हमारा कंट्रोल'

**एजेंसी, यरुशेलम**

इसराइली सेना का कहना है कि उसने गाजा की तरफ वाले 'रफाह बॉर्डर पर ऑपरेशनल कंट्रोल' हासिल कर लिया है। सोमवार रात इसराइली टैंकर गाजा के इस दक्षिणी इलाके में दाखिल हुए थे।

ये गाजा और मिस्र की सीमा का इलाका है। जब इसराइली सेना बीते साल अक्तूबर में गाजा में दाखिल हुई थी तो फिलिस्तीनियों को रफाह के राहत कैंप में शरण लेने के लिए कहा गया था। इसे अब तक 'गाजा का सुरक्षित इलाका माना जाता था। अब रफाह सीमा पर कंट्रोल हासिल करने के बाद आईडीएफ ने बयान जारी कर कहा है कि आईडीएफ ने पूर्वी रफाह क्षेत्र में एक सटीक आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। खुफिया जानकारी के आधार पर संकेत मिला कि पूर्वी रफाह में रफाह क्रॉसिंग का इस्तेमाल आतंकवादी उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था, आईडीएफ ने रातों-रात क्रॉसिंग के गाजाकी ओर के हिस्से का ऑपरेशनल कंट्रोल हासिल कर लिया। आईडीएफ का कहना है कि अपने ऑपरेशन में रफाह क्षेत्र में हमास के आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया और उन्हें खत्म कर दिया गया है और रात भर चले ऑपरेशन में लगभग 20 आतंकवादियों को मारा गया है। ये भी बयान में कहा गया है कि आईडीएफ पूर्वी रफाह में और रफाह क्रॉसिंग क्षेत्र में हमास के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा।



## निष्क्रिय खातों को बंद करेगा पंजाब नेशनल बैंक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने पिछले तीन साल से निष्क्रिय बचत खातों को बंद करने का फैसला लिया है। बैंक ने यह फैसला खातों को दुरुपयोग से बचाने के लिए लिया है, जिसकी 30 अप्रैल, 2024 गणना की जाएगी। पंजाब नेशनल बैंक के हजारों खातों में पिछले 3 वर्षों से ग्राहक की ओर से कोई परिचालन नहीं किया जा रहा है तथा इन अकाउंट में कोई बैलेंस नहीं है। बैंक ने कहा कि पिछले तीन साल से 30 अप्रैल तक परिचालन न किए जाने वाले खाते एक माह के बाद बिना किसी अन्य सूचना के बंद कर दिए जाएंगे।

# राधिका खेड़ा और शेखर सुमन बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस की पूर्व मीडिया को-आर्डिनेटर राधिका खेड़ा मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गईं। उनके साथ ही अभिनेता शेखर सुमन भी बीजेपी में शामिल हुए हैं। पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में दोनों ने बीजेपी की सदस्यता ली।

5 मई को राधिका ने कांग्रेस से इस्तीफे का एलान करते हुए एक चिट्ठी जारी की थी, उन्होंने सोशल साइट एक्स पर लिखा था 'मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं। मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए, जहां एनएसयूआई से लेकर एआईसीसी के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया है, आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है क्योंकि मैं अयोध्या में रामलला के दर्शन से खुद को रोक नहीं पाई'।